# हरिभूमि

नई दिल्ली
सोमवार, 25 मार्च 2024
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 27, अंक : 350
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33.0
न्यून. 20.0

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

होली की शुभकामनाएं

haribhoomi.com




# आज 'बिरज' में होरी रे रसिया...



सौजन्य फोटो : मनिंदर सिंह

एजेंसी ▶▶ मथुरा

मथुरा, वृंदावन और बरसाना की होली दुनिया भर में प्रसिद्ध है, जहां भगवान कृष्ण और राधा सखियों और गोपियों के साथ रंग खेलते थे। यहां होली के आयोजनों की शुरुआत 17 मार्च से हो चुकी है। तय कार्यक्रम के अनुसार 24 मार्च रविवार को चतुर्वेदी समाज का डोला, होलिका दहन का आयोजन हुआ। मथुरा में गांव फालैन में होली खेली गई।

**रंगोत्सव के आयोजन**

- 25 मार्च : धुलेंडी
- 26 मार्च : बल्देव, गांव जाब में दाऊजी में दाऊजी का हुरंगा, जाब का हुरंगा, चरकुला हुरंगा का आयोजन
- 27 मार्च : गिडोह का हुरंगा में में गांव बठैन कार्यक्रम
- 31 मार्च : छड़ीमार का विशेष आयोजन महावन में
- 1 अप्रैल : श्री रंगजी मंदिर में वृदावन में होली का भव्य आयोजन



महाकाल मंदिर परिसर में होलिका दहन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

## महाकालेश्वर मंदिर में परंपरागत तरीके से होलिका दहन किया गया

# बाबा महाकाल मंदिर से देशभर में हुई 'होली पर्व' की शुरुआत



शिप्रा नदी के किनारे भक्तों ने राधा-कृष्ण और शिव पार्वती के वेशभूषा में होली खेली।

- पुजारियों ने भगवान महाकालेश्वर के साथ खेली होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर मंदिर में परंपरागत तरीके से होलिका दहन किया गया।



इसके बाद पुजारियों ने भगवान महाकालेश्वर के साथ होली खेली। मान्यता है कि देश में सबसे पहले होली का पर्व धार्मिक नगरी उज्जैन में मनाया जाता है, जहां महाकालेश्वर मंदिर से पूरे देश में होली की शुरुआत होती है। भस्म आरती में श्रद्धालुओं ने भगवान के साथ फूलों की होली खेली। 25 मार्च को धुलंडी का पर्व मनाया जाएगा। श्री महाकालेश्वर भगवान की सायं आरती में सर्वप्रथम बाबा श्री महाकालेश्वर को गुलाल अर्पित किया गया। सायं आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में होलिका के विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात होलिका दहन किया गया। 25 मार्च को प्रातः 4 बजे भस्मार्ती में सर्वप्रथम बाबा श्री महाकालेश्वर को मंदिर से पुजारी-पुरोहितों द्वारा रंग व गुलाल लगाया जाएगा।

### 26 से महाकाल की आरतियों के समय में परिवर्तन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक ने बताया कि 26 मार्च 2024 से परंपरानुसार ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्‍ वर भगवान की आरतियों के समय में चैत्र कृष्‍ ण प्रतिपदा से अश्विन पूर्णिमा तक परिवर्तन होगा। प्रथम भस्मार्ती - प्रातः 04:00 से 06:00 बजे तक, द्वितीय आरती प्रातः 07:00 से 07:45 बजे तक, तृतीय भोग आरती प्रातः 10:00 से 10:45 बजे तक, चतुर्थ संध्‍ या पूजन सायं 05:00 से 05:45 बजे तक, पंचम संध्या आरती सायं 07:00 से 07:45 बजे व शयन आरती रात्रि 10:30 ये 11:00 बजे तक होगी।

### येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ एफआईआर



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा के बेटे राघवेंद्र येदियुरप्पा मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चित्रदुर्ग में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। पूर्व सीएम के बेटे बीवाई राघवेंद्र शिवमोग्गा से मौजूदा सांसद है। भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए इस सीट से इस बार भी टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है।

### दिल्ली-एनसीआर में हुई हल्की बूंदाबांदी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में रविवार दोपहर बाद अचानक मौसम में बदलाव देखा गया। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई साथ ही तेज हवा भी चल रही। अचानक आए इस बादल से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। मौसम विभाग ने कहा कि बादल पश्चिम से दिल्ली में प्रवेश कर रहे हैं। और दिल्ली से होते हुए नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद की ओर बढ़ने की संभावना है।

## रक्षा मंत्री ने लेह में सेना के जवानों संग मनाई होली, बॉर्डर पर खूब उड़े गुलाल

# राजनाथ: सबसे सुखद क्षण, पीएम मोदी ने कहा : सबके जीवन में नई ऊर्जा आए

रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं अपने परिवार वालों के साथ रंग खेलने आया

जवानों को गुलाल लगाते हुए उन्हें मिठाई खिलाई

रक्षा मंत्री ने लेह में 'हॉल ऑफ फेम' पर देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की



राजनाथ सिंह के साथ सेना प्रमुख मनोज पांडे भी होली मनाने पहुंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्र शासित प्रदेश के लद्दाख के लेह में जवानों संग होली मनाई। लेह एयरपोर्ट पर लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा, प्रशासन व सेना के उच्च अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राजनाथ सिंह के साथ सेना प्रमुख मनोज पांडे भी होली मनाने पहुंचे। रक्षा मंत्री ने लेह में 'हॉल ऑफ फेम' पर देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पर्व-त्यौहार सबसे पहले यहीं मनाए जाएं**

राजनाथ ने कहा कि पर्व-त्यौहार पहले सियाचिन और कारगिल की चोटियों पर मनाए जाने चाहिए, राजस्थान के तपते रेतीले मैदान में मनाए जाने चाहिए, हिंद महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी मैं तो चाहता हूं कि सैनिकों के साथ ऐसा सेलिब्रेशन हमारी संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बन जाए कि कारगिल की बर्फीली चोटियों पर, राजस्थान के तपते रेतीले मैदान में, गहरे समुद्र में स्थित पनडुब्बी में, इन जगहों पर, हर बार, सबसे पहले, सम्मान पूर्वक पर्व-त्यौहार मनाया जाए।



**लद्दाख बहादुरी और वीरता की राजधानी**

राजनाथ ने जवानों और अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों से बात करते हुए कहा कि अगर दिल्ली हमारी राष्ट्रीय राजधानी है, तो लद्दाख बहादुरी और वीरता की राजधानी है। आपके साथ होली मनाना मेरे लिए सबसे खुशी के क्षणों में से एक है। पांच साल पहले जब रक्षा मंत्रालय का दायित्व मुझे मिला था, तो उसी दिन मैंने प्लान किया, और मेरा पहला दौरा कहीं और का नहीं, बल्कि सियाचिन का ही हुआ था। मौसम खराब होने के कारण सियाचिन जाना संभव नहीं हो पाया। इसलिए, वहां तैनात सभी सैनिकों को यहीं लेह से होली की शुभकामनाएं देता हूं। सिंह ने कहा कि वैसे तो ▶▶ शेष पेज 5 पर

**पीएम मोदी ने दी होली की शुभकामनाएं**



पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और कामना की कि स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा व नया उत्साह लेकर आए। देश में रविवार को होलिका दहन हुआ और सोमवार को रंगों का पर्व होली मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश के मेरे सभी परिवारजनों को होली की ▶▶ शेष पेज 5 पर

**तभी देश में लोग चैन से होली मना पा रहे हैं**

रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्र-सेवा का आप जो कार्य कर रहे हैं, यह कोई साधारण काम नहीं है। यह एक दैवीय कार्य है। इसका मोल कोई भी कीमत देकर नहीं चुकाया जा सकता। यहां सियाचिन की बर्फीली पहाड़ियों में भी आप दुश्मन पर गोली दागने के लिए और अपने सीने पर गोली खाने के लिए तैयार हैं, तभी देश में लोग चैन से होली मना पा रहे हैं। रक्षक होने का आपका कर्तव्य, आपको देवताओं की श्रेणी में ला खड़ा ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**होली पर्व की शुभकामनाएं**

*होली के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

**अवकाश**

*इस अवसर पर 25 मार्च सोमवार और 26 मार्च मंगलवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 मार्च गुरुवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 की मौत

**मंडला।** अंजनियां क्षेत्र के एनएच 30 मंडला-रायपुर पर रविवार शाम सड़क दुर्घटना में एक परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। ट्राले ने बाइक सवार पति, पत्नी और दो बच्चे को रौंद डाला। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ट्राला चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची।

# 4 बच्चों की मौत, माता-पिता की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ मेरठ

यूपी के मेरठ में एक घर में मोबाइल चार्ज करते समय शॉर्ट सर्किट से बड़ा हादसा हो गया। शॉर्ट सर्किट के बाद मोबाइल में धमाका हो गया जिससे घर में आग लग गई और 6 लोगों का पूरा परिवार गंभीर रूप से झुलस गया।

इस हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गई। माता पिता का हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

- धमाके से घर में आग लगी, 6 लोगों का पूरा परिवार गंभीर रूप से झुलस गया



**बचाने के चक्कर में सभी झुलसे**

*इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में निहारिका और कालू ने दम तोड़ दिया और बाकी सभी का इलाज चल रहा था लेकिन सुबह होने तक आग में झुलसे चारों बच्चों की मौत हो गई। वहीं पति-पत्नी की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना को लेकर इलाके के लोगों का कहना है कि अचानक धमाका हुआ और उसके बाद घर में आग लग गई। बच्चे आग से बचने के लिए इधर-उधर भागे और* ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भाजपा की पांचवीं सूची में 111 नामों की घोषणा


# हिसार से रंजीत चौटाला और कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल को बनाया उम्मीदवार

सोनीपत से मोहन लाल बड़ोली को मिला टिकट रोहतक से अरविन्द शर्मा बरकरार

- मंडी से कंगना रनौत और मेरठ से अरुण गोविल मैदान में
- वरुण गांधी का टिकट कटा मेनका पर भरोसा कायम



नवीन जिंदल



कंगना रनौत



अरुण गोविल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने रविवार को हरियाणा की बाकी बची चार लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए। हिसार से रंजीत चौटाला, रोहतक से अरविंद शर्मा, सोनीपत से मोहन लाल बड़ौली तथा कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल को मैदान में उतारा गया है। जिंदल ने टिकट की घोषणा से कुछ समय पहले ही रविवार शाम को कांग्रेस से इस्तीफा दिया और भाजपा से उम्मीदवार बन गए। पूर्व सांसद नवीन जिंदल 2004 और 2009 में कांग्रेस के टिकट पर कुरुक्षेत्र से सांसद रह चुके हैं। भाजपा ने अपनी पांचवीं सूची में पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी का टिकट काट दिया ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सूची में कई राज्यों के प्रत्याशी घोषित**

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पांचवीं सूची जारी कर दी गई है। सूची में हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, बिहार, झारखण्ड, प. बंगाल, ओडिसा, कर्नाटक, केरल, गोवा, मिजोरम, सिक्किम, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की 111 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। पीलीभीत से जितिन प्रसाद, हिमाचल ▶▶ शेष पेज 5 पर




## इलाके में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

# पांडव नगर इलाके में चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी जिला के मंडावली थाना के पांडव नगर इलाके में चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम ट्यूशन पढ़ाने वाले ट्यूटर ने दिया। वारदात के बाद किसी को कुछ भी बताने पर आरोपी ने मासूम को जान से मारने की धमकी दी। मासूम रोते हुए घर पहुंची तो परिजनों ने उसके रोने का कारण पूछने। इस पर मासूम ने सारी आपबीती परिजनों को बनाई। परिजन ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



डीसीपी अपूर्वा ने बताया कि शनिवार रात चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की सूचना मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मासूम बिल्कुल ठीक है। उसे एम्स इसलिए भेजा गया है। क्योंकि एम्स में मासूमों के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मुकाबले वन स्टॉप सेंटर की बेहतर सुविधाएं है। मासूम घर के पास ही एक कोचिंग सेंटर में ट्यूशन पढ़ने के लिए जाती है। वहां पर महिला के अलावा उसका भाई भी ट्यूशन पढ़ाता है। इन लोगों का परिवार पिछले करीब 40 सालों से एरिया में रह रहा है।

वारदात की जानकारी मिलते ही लोग सड़कों पर आ गए और नारेबाजी करने लगे। दरअसल मासूम और आरोपी दोनों अलग-अलग समुदाय से संबंध रखते हैं। ऐसे में कुछ शरारती लोगों ने जानबूझकर घटना को सांप्रदायिक रंग देने का भी प्रयास किया। इसके बाद कई थानों की पुलिस को मौके पर भेजा गया। वहीं अर्द्धसैनिक बलों को भी मौके पर तैनात कर दिया गया। इसी बीच किसी ने मासूम की मौत की अफवाह इलाके में फैला दी। इस बात पर लोगों में खासा आक्रोश दिखा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि वह अफवाहों पर ध्यान न दें। माहौल खराब करने वाले के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

### मंत्री आतिशी ने पत्र लिखकर एलजी से की सख्त कार्रवाई की मांग

4 साल की नाबालिग के साथ बलात्कार की घटना पर दिल्ली की कानून मंत्री आतिशी ने तुरंत दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। आतिशी ने एलजी को लिखे पत्र में दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा के बारे में गंभीर चिंता जताई। पत्र में अनुच्छेद 239AA में अनिवार्य पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था के एलजी के संवैधानिक दायित्वों का हवाला देते हुए आतिशी ने दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अपराध के अपराधियों के खिलाफ त्वरित और सख्त संभव कार्रवाई की मांग की। आतिशी ने अपराधियों के बीच दिल्ली पुलिस के डर की स्पष्ट कमी पर प्रकाश डाला और कहा कि अपराधी बेशर्मी से महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसक अपराध करते हैं, और उन्हें दिल्ली पुलिस की त्वरित और कड़ी कार्रवाई का कोई डर नहीं है। उन्होंने पत्र में कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद 239एए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को विशेष दर्जा प्रदान करता है। उपराज्यपाल पुलिस, भूमि और सार्वजनिक व्यवस्था मामलों के लिए जिम्मेदार है। उन्हें संवैधानिक जिम्मेदारी निभानी होगी और दिल्ली की महिलाओं के लिए एक सुरक्षित शहर प्रदान करना होगा।

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने बच्ची के साथ बलात्कार की घटना की कड़ी निंदा की

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने अल्पसंख्यक समुदाय के एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति द्वारा एक छोटी बच्ची के साथ कथित बलात्कार की भयानक घटना की कड़ी निंदा की। जैसा कि लड़की के परिवार और स्थानीय नागरिकों द्वारा कहा जा रहा है, हम आरोपी व्यक्ति और उसके परिवार के सदस्यों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं।

## सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आप ने निकाला कैंडल मार्च, भाजपा का पुलता फूंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को दिल्ली में जगह-जगह कैंडल मार्च निकालकर भाजपा का पुतला दहन किया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आप की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र कालकाजी में पहले कैंडल मार्च निकाला और फिर पुतला दहन किया। इसी तरह, पूर्वी दिल्ली लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी एवं विधायक कुलदीप कुमार ने कोंडली के अंबेडकर पार्क और विधायक संजीव झा ने बुराड़ी विधानसभा में पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस ने आप नेताओं के साथ भारी तादात में मौजूद दिल्ली की जनता को रोकने का प्रयास किया, लेकिन लोगों के आक्रोश के आगे उनकी एक न चली। दिल्लीवालों ने कहा कि भाजपा ने अब अति कर दी है। एक मुख्यमंत्री को झूठे आरोप में गिरफ़्तार करना तानाशाही व लोकतंत्र की हत्या है और अब भाजपा की तानाशाही का अंत तय है। जनता ने कहा कि केजरीवाल ने अपने परिवार की तरह दिल्लीवालों की सुख-सुविधाओं का ख्याल रखा है। सीएम पर हो रहे इस अत्याचार को जनता बर्दाशत नहीं करेगी। कालकाजी में कैंडल मार्च का नेतृत्व कर रहीं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि देश के इतिहास में पहले ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद गिरफ़्तार कर लिया जाता है। एक बड़े राष्ट्रीय पार्टी के बैंक अकाउंट को फ्रिज कर दिया गया हो। 2 दिनों से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय की तरफ़ जाने वाले रास्तों को बैरिकेड कर बंद कर दिया जाता है। ये सब देश में विपक्षी पार्टियों को चुनाव लड़ने से रोकने का प्रयास है। ये सीधे-सीधे देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। उन्होंने कहा कि कथित शराब घोटाले में 2 साल की जांच, सैकड़ों रेड और हज़ारों अफ़सरों को लगाने के बाद भी जांच एजेंसियों को आप के नेताओं से एक पैसे का भी भ्रष्टाचार नहीं मिला।

पूर्वी दिल्ली लोकसभा से इंडिया के प्रत्याशी कुलदीप कुमार के नेतृत्व में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में हम सड़कों पर उतरे हैं। आज दिल्ली के लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर क्यों जेल में डाला गया है। आज देश की जनता पीएम मोदी से सवाल पूछ रही है कि दिल्ली के जिस तथाकथित शराब घोटाले में शरत चंद्र रेड्डी को आपकी ईडी ने सरकारी गवाह बनाया है, उसकी कंपनी से बीजेपी ने इतना मोटा चंदा क्यों लिया। आज हम लोग सड़कों पर इसलिए

वहीं, बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने कैंडल मार्च और पुतला दहन कर कहा कि ऐसा लग रहा है कि अंग्रेजों का शासन है। हमें यह लोकतंत्र हमारे पूर्वजों के संघर्ष की वजह से मिला है। संविधान ने हमें प्रदर्शन करने और बोलने की आजादी दी है। पीएम मोदी देश के अंदर तानाशाही ला रहे हैं। चारों तरफ पुलिस तैनात है।

### महापौर ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को महापौर डॉ शैली ओबरॉय और दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च की शुरुआत वेस्ट पटेल नगर स्थित बलराज खन्ना मार्ग से हुई। इस मौके पर डॉ शैली ने कहा कि लोकसभा चुनावों से पहले भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद को गिरफ्तार करवाया है। इससे साफ हो गया है कि भाजपा लोकसभा चुनाव में हार रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार से बचने के लिए विपक्षी नेताओं को ईडी के बहाने गिरफ्तार करवा रहे हैं। डॉ शैली ने कहा कि विधानसभा और एमसीडी के चुनावों जैसा हाल ही भाजपा का लोकसभा चुनावों में होने वाला है। आम आदमी पार्टी का एक भी कार्यकर्ता ईडी की फर्जी कार्रवाई से डरने वाला नहीं है।

## चाकू से हमला करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक महिला पर चाकू से हमला करने के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह कथित घटना शुक्रवार देर रात हुई और आरोपी को अगले दिन गिरफ्तार कर लिया गया। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में व्यक्ति महिला के पीछे भागते और उस पर चाकू से कई बार हमले करते दिख रहा है। यह फुटेज सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुई। फुटेज में कुछ लोग महिला की मदद करने और उस आदमी को काबू करने की कोशिश करते भी दिख रहे हैं, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिला को गंभीर चोट नहीं आई है। हमने अमन नामक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमन ने महिला द्वारा उसका मजाक उड़ाए जाने के बाद आपा खो दिया। सूत्र ने कहा कि हमें पता चला कि उस आदमी को एक फल विक्रेता से चाकू मिला। वह लड़की के पीछे भागा और उसे चाकू मार दिया। कुछ राहगीरों ने पीड़िता को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

## तीन करोड़ रुपयों के साथ चार लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ पुलिस ने प्राथमिक जांच में रकम को हवाला का बताया

दक्षिणी पश्चिमी जिला के दिल्ली कैंट थाना पुलिस ने तीन करोड़ रुपयों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद सोमीन (26), जीशान (27 ), दानिश (22) और संतोष (22) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी यह रकम गुरुग्राम से लेकर आये थे और शाहदरा लेकर जा रहे थे। दिल्ली पुलिस शुरुआती जांच के बाद इसे हवाला की रकम बता रही है। पुलिस ने इनकम टैक्स को इसकी जानकारी दे दी है। अब आगे की जांच इनकम टैक्स डिपार्टमेंट कर रहा है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि यह पैसा शाहदरा निवासी मोहम्मद वकील के है। वकील का स्क्रैप काम है। चारों आरोपी पिछले एक वर्ष से इसके लिए काम कर रहे है। पुलिस सूत्रों की मानें तो वह अभी तक 150 करोड़ से ज्यादा का हवाला का रुपये लेकर आ चुके हैं। पुलिस ने इनके पास से दो स्कूटी व तीन फोन बरामद किए है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी रोहित मीना ने बताया कि लोकसभा चुनावों की घोषणा होते ही अवैध शराब की तस्करी और हवाला रकम को पकड़ने के सख्त आदेश दे रखे हैं। इसके लिए दिल्ली कैंट थाने के एसएचओ विपिन कुमार की देखरेख में हेड कांस्टेबल ओमवीर और हंसराज की एक टीम बनाई गई है जिसे को सूचना मिली कि गुरुग्राम से दो स्कूटी सवार शख्स हवाला की रकम लेकर एनएच-48 से आ रहे है। रकम शाहदरा इलाके में लेकर जाया जाएगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पिकेट लगाकर वाहनों की जांच शुरू की। इसी दौरान टीम ने स्कूटी सवार चार शख्स गुरुग्राम की तरफ से पुलिस की ओर आ रहे थे। टीम ने उन्हें रोका और पूछताछ की। स्कूटी पर दो बड़े बैग रखे हुए थे। तलाशी लेने पर पुलिस को उनके पास से बैग में रखे तीन करोड़ रुपये मिले। पूछताछ के दौरान आरोपी पैसों के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं सके। इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया और इसकी सूचना आयकर विभाग को दे दी।

## दिल्ली शराब घोटाले के किंगपिन सरथ चंद्र रेड्डी से 60 करोड़ लेकर भाजपा चुप क्यों : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आप ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र भेजकर किए तीन सवाल, मनी लॉड्रिंग वाले सरथ रेड्डी को कैसे जानती है, 60 करोड़ क्यों लिए और यह बात ईडी-सीबीआई व देश से क्यों छिपाई

आम आदमी पार्टी ने तथाकथित शराब घोटाले के किंगपिन सरथ चंद्र रेड्डी से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए 60 करोड़ रुपए लेने के खुलासे के बाद से भारतीय जनता पार्टी (आप) की चुप्पी पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आप ने प्रश्न किया है कि अब स्मृति इरानी, अनुराग ठाकुर और मनोज तिवारी समेत भाजपा के तमाम नेता चुप क्यों हैं? इस संबंध में आप ने भाजपा से तीन गंभीर प्रश्न पूछे हैं। पहला, भाजपा मनी लॉड्रिंग के आरोपी सरथ चंद्र रेड्डी को कैसे जानती है, उससे भाजपा का कौन मंत्री या नेता मिला। दूसरा, भाजपा ने सरथ रेड्डी से 60 करोड़ रुपए क्यों लिए और तीसरा, इतनी गंभीर बात को भाजपा ने ईडी-सीबीआई और देश की जनता से क्यों छिपाकर रखा। आप ने कहा कि संभव है कि हमारे ये तीनों प्रश्न भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तक न पहुंचे। इसलिए हमने चिट्ठी भेजकर इन तीनों प्रश्नों पर उनसे जवाब मांगा है। पार्टी भाजपा से मिले जवाब को दिल्ली की जनता तक पहुंचाएगी। वहीं, अगर हमारे सवालों के जवाब नहीं मिलते हैं तो यह साफ हो जाएगा कि भाजपा रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ी गई है। लिहाजा पीएम मोदी को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

आप के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज, मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ और वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह पार्टी मुख्यालय में संयुक्त प्रैसवार्ता की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शनिवार को हमने पूरे देश को बताया था कि बीजेपी ने किस तरह से तथाकथित आबकारी मामले के आरोपी सरगना से पर्दे के पीछे चोरी छिपे इलेक्टोरल बॉन्ड लिए।

### प्रैसवार्ता करके बताएं भाजपा शरत चंद्र रेड्डी को कैसे है जानती

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी को प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का बहुत शौक है। मैं उन्हें निमंत्रण देता हूं कि वो प्रेस कॉन्फ्रेंस करके हमारे तीन सवालों के जवाब दें, ताकि जनता को भी सारी बात पता चले। बीजेपी ये बताए कि वो शरत चंद्र रेड्डी को कैसे जानती है, उनके बीच में कैसा रिश्ता है। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी को बीजेपी कैसे जानती है। बीजेपी का कौन सा नेता इनसे कब, कहां, कैसे मिला और इनमें क्या बात चीत हुई। क्योंकि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाला किसी पार्टी को खुद जाकर ये बॉन्ड देता है, 50 करोड़ रुपए के बॉन्ड कोई चुपके से आपके दरवाजे पर रखकर नहीं चला जाता है कि सुबह-सुबह आपको दरवाजा खोलने पर नीचे पड़ा मिल जाए। ये किसी न किसी मंत्री या अध्यक्ष को सौंपे गए होंगे, जिसके बाद बैंक में जाकर स्लिप भरकर बीजेपी ने सरथ चंद्र रेड्डी के बॉन्ड को भुनाया होगा। ये कोई छोटी बात नहीं है कि कोई गुप्त दान देकर चला गया।

## मौसम ने ली करवट, बादलों के बीच दिल्ली में बूंदाबांदी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

होलिका दहन के दिन रविवार को मौसम ने करवट बदली और दिनभर सुहावना बना रहा। मौसम विभाग की भविष्यवाणी सच साबित हुई और दिल्ली में कई जगह हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई। सुबह से ही दिल्ली में मौसम खुशगवार बना रहा, दिनभर में बादलों की आड में सूरज छिपा रहा। जिसके चलते शनिवार की तुलना में पारा 5 डिग्री तक नीचे गिर गया। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार रविवार को अधिकतम पारा 29.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री नीचे है। जबकि शनिवार को दिल्ली में अधिकतम पारा 34.1 डिग्री सेल्सियस था जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 डिग्री ज्यादा था। दिन में पारा पांच डिग्री से ज्यादा गिर गया। आईएमडी के अनुसार सोमवार को एक बार फिर तापमान में चार डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। यानी तापमान 32 डिग्री या इससे भी ऊपर दर्ज हो सकता है। उसके बाद अगले तीन चार दिन लगातार तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। मौसम विज्ञानी हरीश कालरा का कहना है कि वर्तमान में पहाड़ों में बर्फबारी अब भी देखने को मिल रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि मौसम कुछ विपरीत रुख अपना रहा है। हालांकि मौसम की इस गतिविधि का दिल्ली में बहुत ज्यादा असर यानी भारी बारिश देखने को मिलेगी, यह संभव नहीं है।

### सभी विधायक, पार्षद और कार्यकर्ता सीएम केजरीवाल का संदेश दिल्लीवालों तक पहुंचाएंगे कि फ्री बिजली, पानी, शिक्षा और इलाज मिलता रहेगा : संदीप

# जनता का कोई भी काम नहीं रुकेगा, आप की बैठक में विधायकों-पार्षदों ने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के विधायकों और पार्षदों ने रविवार को सिविक सेंटर में एक अहम बैठक की। बैठक में आप के राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने सीएम अरविंद केजरीवाल से मिले आदेश से उन्हें अवगत कराया और दिल्लीवालों को भरोसा दिया कि जनता का कोई भी काम रूकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सभी विधायकों-पार्षदों और कार्यकर्ताओं से सीएम केजरीवाल के संदेश को दिल्ली की जनता तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता को बताएं कि सरकार द्वारा दिल्लीवालों को दी जा रही फ्री बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य समेत अन्य निःशुल्क सुविधाएं पहले की तरह मिलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली-पंजाब के बाद जब आम आदमी पार्टी गुजरात गई है, तभी से मोदी जी अरविंद केजरीवाल को खत्म करने का षड़यंत्र कर रहे हैं। आप को खत्म करने के लिए ही उनकी गिरफ्तारी की गई है, लेकिन भाजपा चाहे जो मर्जी कर ले, आप का एक भी आदमी नहीं टूटेगा। सीएम केजरीवाल जेल से आदेश देते जाएंगे और हम मिलकर उसका पालन करेंगे। भाजपा को अंदाजा नहीं है कि जेल के अंदर बैठा केजरीवाल, बाहर वाले से भी ज्यादा खतरनाक है। अब याचना नहीं, रण होगा।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तार होने के बाद आज पहली बार हम सभी एक साथ इकट्ठा हुए हैं। मैं 24 घंटे काम करूंगा और मैं चाहता हूं कि आप भी 24 घंटे काम करें। उन्होंने कहा कि जब आप लोगों ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाई, तो वो समय बहुत अद्भुत था। उस समन मैं इंग्लैंड में पढ़ाई कर रहा था और बाहर से सब देख रहा था। पूरे दिन हमने कुछ काम नहीं किया। बस पूरे दिन टीवी के सामने आपको देखते रहे। दिल्ली में जब सरकार बनी तो भाजपा को लगा कि कोई बात नहीं, इन्हें दिल्ली में ही खत्म कर देंगे और आगे नहीं बढ़ने देंगे। लेकिन जनता ने फिर कमाल कर दिया और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बना दी। इसके बाद इन लोगों ने बैठकर प्लानिंग और षड़यंत्र किए। तब उन्होंने सोचा कि किसी भी तरह इन्हें दिल्ली-पंजाब में रोको। लेकिन हम गुजरात चले गए और अच्छा प्रदर्शन किए। इसके बाद इन्होंने तय कर लिया कि किसी भी तरह इस पार्टी को खत्म करो, नहीं तो केजरीवाल हम सबको खा जाएगा। इसके बाद इन्होंने नैतिकता और अनैतिकता की सारी हदें पार कर दीं। ये किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को खत्म करना चाहते है।

डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि बाहर कई लोगों के मन में सवाल उठने लगे कि अब अरविंद केजरीवाल बाहर नहीं हैं, तो पार्टी कैसे चलेगी। लोगों ने मुझसे कई बार फोन करके पूछा। सबको बताना है कि पार्टी जैसे पहले चल रही थी, अभी भी वैसे ही चलेगी। पहले सिविल लाइंस से ऑर्डर आता था, अब जेल से ऑर्डर आएगा। पहले अरविंद केजरीवाल के पास बहुत सारा काम होता था, लेकिन अब तो वहां दिनभर पेन-पेपर लेकर बैठे हुए हैं। आप अपने मन में संदेह मत रखना। केजरीवाल आदेश देते जाएंगे, हम सारे मिलकर उसका पालन करते जाएंगे। उन्होंने कहा कि 400 पार का नारा लगाने वालों ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर अपने आपको 40 पर समेटने का कदम उठा लिया।

संदीप पाठक ने कहा कि पूरे देश से एक ही आवाज आ रही है कि जो लोग लोकसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल को वोट नहीं भी देते थे, वो आज आम आदमी पार्टी को वोट देने की बात कह रहे हैं। मैं सभी कार्यकर्ताओं के लिए अरविंद केजरीवाल का पहला आदेश लेकर आया हूं कि हमें 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में एक बड़ी रैली करनी है। हम 26 मार्च से अपनी तैयारियां शुरु करेंगे। 26 मार्च को दिल्ली की सभी विधानसभाओं में एक तैयारी बैठक होगी। जिसमें सभी विधायक, पार्षद, पार्टी पदाधिकारी शामिल होंगे। हम सभी 70 विधानसभाओं में विधानसभा स्तर पर पदाधिकारियों और सारे वालंटियर्स की तैयारी मीटिंग करेंगे। उसके बाद अगले दो दिन 27 और 28 मार्च को हम मंडल स्तर पर बैठक करेंगे। जिसमें हमारे सभी विधायक, पार्षद और मंडल अधिकारी एक साथ तैयारी बैठक करेंगे। इन बैठकों के जरिए हमारा टार्गेट होगा कि हर बूथ से कम से कम 10 व्यक्ति रामलीला मैदान पहुंचे। दिल्ली में करीब 13 से 14 हजार बूथ हैं, अगर हर बूथ से 10 लोग आएंगे तो करीब 1.5 लाख लोग रामलीला मैदान पहुंचेंगे। 31 मार्च की महारैली हमारा पहला प्लान है। इसके साथ ही 'मैं भी केजरीवाल कैंपेन' दोबारा शुरु करेंगे। आप लोग अपने घरों के बाहर, गाड़ियों और ऑटो में 'मैं भी काजरीवाल' का स्टीकर लगाएं। यहां का हर आदमी केजरीवाल बनेगा। साथ ही सभी लोग अपने हाथ में काला पट्टा बांधेंगे।

### अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी देश में एक टर्निंग पॉइंट बनने जा रहा है : राय

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा सिविक सेंटर में रविवार को कहा कि सबको लगता है कि मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येंद्र जैन और अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। अब आम आदमी पार्टी तो खत्म हो जाएगी। लेकिन न आम आदमी पार्टी खत्म होगी और न ही उसकी लड़ाई रुकेगी। आप लोगों को इस लड़ाई के लिए अपने अंदर के डर को खत्म करना होगा। हर कदम पर रणनीति बनाकर आगे बढ़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी एक टर्निंग पॉइंट बनने जा रहा है। एक चिंगारी पूरे जंगलराज को जलाकर खा कर देगी। शायद कुदरत को भी यही मंजूर था कि इस तानाशाही के ताबूत में आखिरी कील अरविंद केजरीवाल को ही ठोकना था।

### दुनिया भर के बड़े अख़बारों में हेडलाइन है कि भारत में लोकतंत्र बचेगा या नहीं : आतिशी

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने कहा कि यह एक ऐसा समय है, जब दिल्ली समेत पूरा देश और दुनिया हम सभी की तरफ़ देख रही है कि भारत में लोकतंत्र बचेगा या नहीं बचेगा। आज बीबीसी, वाशिंगटन पोस्ट, न्यूयार्क टाइम्स समेत दुनिया भर के बड़े-बड़े अख़बारों में हेडलाइन है कि भारत में लोकतंत्र बचेगा या नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद यह पहली बार हुआ है, जब चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को फ़रज़ी केस में गिरफ़्तार कर लिया है। ये देश के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब प्रचंड बहुमत से जीते एक सीटिंग मुख्यमंत्री को फर्जी केस में गिरफ़्तार कर लिया है। जिनके पास दिल्ली में 70 में से 62 विधायक हैं।

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुआ आंदोलन अब जनता के बीच पहुंच रहा : सौरभ

सौरभ ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुआ आंदोलन भी धीरे-धीरे जनता के बीच जा रहा है। जनता हमारे साथ है। जनता आम आदमी पार्टी की तरफ देख रही है कि अब आम आदमी पार्टी का विधायक क्या करेगा। कहीं ऐसा तो नहीं कि मुखिया के गिरफ्तार होने के बाद सभी डरकर घर में बैठ गए हैं। पिछले दो-तीन दिनों से जो गतिविधियां हो रही हैं, उससे जनता के अंदर एक नया विश्वास आया है। जिस दिन अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार हुए थे। उस दिन बहुत से लोगों ने यह मान लिया था कि आम आदमी पार्टी अब खत्म हो गई है, आप की सरकार गिर जाएगी और भाजपा अपनी सरकार चलाएगी। मगर जिस दिन से सडकों पर हमारे कार्यकर्ता केंद्र सरकार से लड़ते हुए दिख रहे हैं, जनता को विश्वास हो गया है कि ये लोग मानने वाले नहीं हैं। इसलिए मेरा मानना है कि 31 मार्च को होने वाली महारैली में रामलीला मैदान के अंदर जितने लोग होंगे, उससे कहीं ज्यादा लोग बाहर सड़कों पर होंगे।

## ईडी की हिरासत से केजरीवाल का पहला आदेश, जल मंत्री को जल संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए कहा

# दिल्ली वालों के बारे में सोचने का काम सिर्फ अरविंद केजरीवाल कर सकते हैं : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से पहला लिखित आदेश भेजा है। उन्होंने जल मंत्री आतिशी को दिल्ली में सीवर और पानी की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए है। अपने आदेश में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं जेल में हूं, पर दिल्ली के लोगों ज़रा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए, गर्मियां भी आ रही है, जहां भी पानी की कमी है, वहां उचित संख्या में टैंकरों का इंतजाम होना चाहिए। साथ ही जल मंत्री, मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को आदेश दें ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो, जनता की हर समस्या का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। ज़रूरत पड़ने पर उपराज्यपाल का भी सहयोग लें। वे आपकी जरूर मदद करेंगे।



मुख्यमंत्री द्वारा ईडी हिरासत से भेजे गये इस लिखित आदेश के विषय में साझा करते हुए जल मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी की हिरासत से मुझे बतौर जल मंत्री आदेश भेजे है। उन्होंने कहा कि कल जब मुख्यमंत्री की ओर से ये निर्देश मेरे पास आए तो मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैंने सोचा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जो इतनी विकट परिस्थिति में, जब उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है, कैद कर लिया गया है और उन्हें पता नहीं है कि वो जेल से कब बाहर आयेंगे। कौन ऐसा व्यक्ति है को अपने बारे में न सोचकर दिल्ली वालों के बारे में सोचता है। कौन ऐसा व्यक्ति है जो अपनी इतनी बड़ी तकलीफ़ के बारे में न सोचकर दिल्लीवालों के छोटे-छोटे पानी और सीवर से जुड़ी समस्याओं के बारे में सोचता है। उन्होंने कहा कि ऐसा व्यक्ति सिर्फ अरविंद केजरीवाल ही हो सकते है क्योंकि अरविंद केजरीवाल अपने आप को सिर्फ दिल्ली का मुख्यमंत्री नहीं मानते है बल्कि दिल्ली के 2 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं। उन्होंने 9 सालों से दिल्ली की सरकार को ऐसे चलाया है जैसे कोई अपने परिवार की देखरेख करता है।

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि, आज गिरफ्तार होने के बाद भी अरविंद केजरीवाल जी सिर्फ़ दिल्ली वालों के बारे में, उनके कामों के लिए सोच रहे है। और आज मैं अरविंद केजरीवाल की ओर से सभी दिल्लीवालों की आश्वस्त करती हूँ कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज भी दिल्ली की पूरी व्यवस्था को निगरानी में रख रहे है। उन्होंने कहा कि, भारतीय जनता शासित केंद्र सरकार ने दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन आज मैं अरविंद केजरीवाल जी की तरफ से सभी दिल्लीवासियों की ये भरोसा दिलाना चाहती हूँ कि, चाहे अरविंद केजरीवाल जी गिरफ्तार हो गए हो, आज केंद्र सरकार के ईडी की हिरासत में हो लेकिन दिल्लीवालों का कोई भी काम नहीं रुकेगा। दिल्लीवालों के काम लगातार होते रहेंगे।

### केजरीवाल दिल्ली के लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली के लोग सिर्फ वोटर नहीं है, वो दिल्ली वालों के लिए सिर्फ़ मुख्यमंत्री नहीं है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली के लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते है। उन्होंने दिल्ली की सरकार को एक बेटे की तरह, एक भाई की तरह एक परिवार की तरह चलाया है। और यही कारण है कि आज इतनी मुश्किल परिस्थिति में होते हुए भी हर दिल्ली वाले के लिए सोच रहे है। उन्होंने कहा कि, मैं भाजपा को ये बताना चाहती हूँ कि, आप अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकते है, उन्हें जेल में डाल सकते है लेकिन जो अरविंद केजरीवाल का दिल्लीवालों के प्रति प्यार है, ज़िम्मेदारी का भाव है, उसे क़ैद नहीं कर सकते। दिल्ली वालों के प्रति उनके समर्पण को क़ैद नहीं कर सकते।

## केजरीवाल का हिरासत से आदेश 'पटकथा' का हिस्सा है : तिवारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत से जल मंत्री को दिये गये उनके निर्देश को पहले से लिखी कहानी करार दिया। इसके साथ ही उनकी गिरफ्तारी को दिल्ली के लोगों के लिए जश्न का कारण बताया। तिवारी ने कहा, "प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में एक अपराधी (आरोपी) है और उसका हवाला देकर आज एक कहानी लिखी गयी कि दिल्ली में पानी और सीवर से जुड़ी सुविधाएं अव्यवस्थित हैं।" दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन में मीडिया को बताया कि उन्हें शनिवार देर रात ईडी की हिरासत से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से शहर की सरकार चलाने के संबंध में निर्देश मिले हैं। भाजपा नेता का यह बयान इसके बाद आया है। केजरीवाल को ईडी ने बृहस्पतिवार को उनके सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को उन्हें 28 मार्च तक केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया था। तिवारी ने कहा उन्होंने कहा, "यह (केजरीवाल का निर्देश) तब आया है जब दिल्ली में कोई भी उनके समर्थन में नहीं आया। उनकी गिरफ़्तारी पर जनता ने दुःख व्यक्त नहीं किया।" उन्होंने दावा किया, "वास्तव में, वे (जनता) जश्न मना रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं और पटाखे फोड़ रहे हैं कि जिस आदमी ने दिल्ली को रुलाया वह अब सलाखों के पीछे है।" अभिनेता से नेता बने तिवारी ने कहा कि शहर की हालत दयनीय है, सीवर प्रणाली की हालत खराब है, लोग नल का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, "अगर आप दिल्ली की वास्तविक स्थिति जानना चाहते हैं, तो सड़कों पर जाएं और देखें। सीवर का पानी गलियों और घरों में जा रहा है। लोगों को पीने के लिए नल का गंदा पानी मिलता है। पानी की गुणवत्ता इतनी खराब है कि आपको बीमार कर सकती है।" उत्तर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार ने कहा कि यह सब स्थानीय सरकार की अनदेखी की वजह से है और पिछले नौ साल में लोगों का उनमें भरोसा नहीं बचा।

## धूमधाम से किया होलिका दहन, बाजारों में रही भीड़ भाड़, रंगोत्सव का त्योहार आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भक्त और भगवान के अटूट प्रेम के प्रतीक होली उत्सव के दिन दिल्ली में महिलाओं व बच्चों ने धूमधाम से होलिका पूजन किया, और शाम को होलिका दहन आयोजित हुआ। वहीं रंगों की बौछार लिए रंगोत्सव (दुल्हेंडी) सोमवार को मनाया जाएगा। इस मौके पर दिल्ली के अधिकांश छोटे बड़े बाजारों में खासी भीड़ भाड़ लगी रही। सबसे ज्यादा भीड़ रंगोत्सव से जुड़ी दुकानों पर देखने को मिली। खरीदारों में रंग, गुलाल, तरह तरह की पिचकारियां आदि खरीदने की होड़ लगी रही। जबकि फल, फूल व मिठाइयों की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ लगी रही। वीकेंड रविवार के दिन होलिका दहन पर ज्यादा धूमधाम रही। जगह जगह सांस्कृतिक समारोह आयोजित हुए। छोटे बढ़े संगठनों ने अपने अपने स्तर पर आयोजन किए और जमकर होली का आनंद लिया। आधुनिकता बेशक अपने पैर गांव देहात में पसार रही हो। बावजूद इसके आज भी दिल्ली देहात के गांवों में होली पूजन व दहन की छटा देखते ही बनती है। घर की बड़ी बुजुर्ग के साथ महिलाएं व बच्चे सज घज कर आते जाते देखे जा सकते है। कई जगह तो आज भी परंपरागत रूप से महिलाएं गीत गाती हुई होलिका पूजन में पहुंचती है।





## भाजपा ने 256 वार्डों में सीएम केजरीवाल व भ्रष्टाचार रूपी होलिका के पुतले किए दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली में जमकर राजनीति हो रही है। जहां एक तरफ आम आदमी भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है वही दूसरी तरफ भाजपा ने भी आप पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। आरोप प्रत्यारोप के इस रण में रविवार को दिल्ली भाजपा ने केजरीवाल व आप नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ दिल्ली के 256 वार्डों में भ्रष्टाचार रूपी होलिकाएं और मुख्यमंत्री केजरीवाल के पुतले जलाए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कनॉट प्लेस में सीएम केजरीवाल व भ्रष्टाचार के पुतले फूंके। वहीं विधानसभा में एलओपी रामवीर सिंह बिधूड़ी की अगुवाई में महिपालपुर में, सांसद मनोज तिवारी की अगुवाई में नत्थूपुरा में और रमेश बिधूड़ी की अगुवाई में संगम विहार में मोर्चा खोला। इसके अलावा लोकसभा उम्मीदवार उत्तम नगर में कमलजीत सहरावत, उद्योग विहार में योगेन्द्र चंदोलिया और रानी बाग में प्रवीण खंडेलवाल, ब्रह्मपुरी में विधायक अजय महावर, रोहिणी में विजेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी नगर में अभय वर्मा, मधु विहार में ओम प्रकाश शर्मा, कैलाश नगर में अनिल बाजपेयी, सोनिया विहार में मोहन सिंह बिष्ट सहित अन्य नेताओं ने कार्यक्रम के तहत अलग अलग जगहों पर आप पार्टी व सीएम केजरीवाल पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर निशाना साधा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में चाहे मंदिर हो, स्कूल हो, गुरुद्वारा हो या मुख्य बाजार, ऐसी कोई जगह नहीं है जिसके आस पास अरविंद केजरीवाल ने शराब की दुकानें न खोली हो। बीजेपी कार्यकर्ताओं के संघर्ष का नतीजा है कि जल्द ही मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की तरह अरविंद केजरीवाल भी तिहाड़ जेल में होंगे। उन्होंने कहा कि अगर केजरीवाल में थोड़ी भी नैतिकता होती तो पहले इस्तीफा देते और फिर जांच में शामिल होते, लेकिन केजरीवाल और उनके मंत्री बेहद भ्रष्ट हैं और नैतिकता खो चुके हैं। सचदेवा ने कहा कि अभी तो सिर्फ शराब घोटाले की जांच चल रही है, अगर जल बोर्ड घोटाले की भी जांच शुरू होगी तो केजरीवाल के कई और राज खुलेंगे। दिल्ली के अंदर केजरीवाल हर मोर्चे पर विफल हो चुके हैं और आज हालात ऐसे हैं कि चाहे अस्पताल हों, स्कूल हों या फिर पड़ोस के क्लीनिक, हर जगह केजरीवाल का भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है और अब समय आ गया है कि आम आदमी पार्टी के हर भ्रष्टाचारी को बेनकाब किया जाए ताकि इनके असली चेहरे दिल्ली की जनता के सामने पोल खुल सकती है।




### फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के भोरगढ़ इलाके में रविवार को एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि हमें दोपहर 12 बजकर दो मिनट पर फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। कुल 25 दमकल गाड़ियों को तुरंत भेजा गया। उन्होंने कहा कि आग बुझाने का काम अभी जारी है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ इंडिया गठबंधन 31 मार्च को रामलीला मैदान में करेगा महारैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस, आप व अन्य विपक्षी दल दिल्ली के रामलीला मैदान में 31 मार्च को महारैली करेंगे। इसमें इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) गठबंधन के सभी दल शामिल होंगे। रविवार को कांग्रेस, लेफ्ट और आम आदमी पार्टी ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। इस दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय, कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली और लेफ्ट नेताओं ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अपना विरोध जताया। गोपाल राय ने कहा कि 31 मार्च की रैली सुबह 10 बजे रामलीला मैदान में आयोजित की जाएगी। इसके लिए पुलिस व प्रशासन से अनुमति ली जाएगी। जिस कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया है, उसमें आज तक कोई मनी ट्रेल सीबीआई या ईडी नहीं ढूंढ पाई है। उन्होंने कहा कि चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के खाते सीज कर दिए गए। आज कांग्रेस पार्टी चुनाव प्रचार के लिए अपने ही खातों के पैसों का इस्तेमाल नहीं कर पा रही है। गोपाल राय ने कहा कि यदि इतनी पुरानी पार्टी का खाता सीज हो सकता है तो इनको चंदा देने वाले व्यापारियों का खाता भी सीज किया जा सकता है। लोगों की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। वहीं सीपीआई-एम के राजीव कुंवर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तार होते ही हमने तुरंत इसकी निंदा की। यह निंदा सिर्फ एक मुख्यमंत्री के गिरफ्तारी को लेकर नहीं, बल्कि जनतंत्र, लोकतंत्र और जनवाद पर हमले को लेकर भी है। इसलिए हमारी पार्टी अरविंद केजरीवाल, इंडिया गठबंधन या इस देश की किसी भी पार्टी के नेता की गिरफ्तारी के खिलाफ खड़ी होगी। चुनाव घोषित हो चुका है और उसके बाद इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। इलेक्टोरल बॉन्ड में साफ दिख रहा है और इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। इससे साफ संदेश है कि यह तानाशाह सरकार किसी भी विपक्ष को एक इंच भी जगह देने के लिए तैयार नहीं है। ये लोग जनतंत्र, लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली पार्टियों के लिए जगह छोड़ना नहीं चाहते हैं। इसके लिए हम लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमने शनिवार को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में जाकर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार की खिलाफ आवाज उठाया। 31 मार्च को होने वाली रैली में सभी वामपंथी दल एकत्रित होंगे। हमारे शीर्ष नेता भी उस दिन मंच में आएंगे और अरविंद केजरीवाल के परिवार, आम आदमी पार्टी और दिल्ली की जनता के साथ खड़े होंगे। हम जनता से अपील करते हैं कि 31 मार्च को होने वाली महारैली में आकर अपना समर्थन दें।



### गठबंधन की 31 मार्च की रैली राजनीति और देश के लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई: लवली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद सड़क पर उतरे इंडिया गठबंधन ने रविवार को संयुक्त प्रेस वार्ता में घोषणा की है कि आने वाली 31 मार्च 2024 को दिल्ली में महारैली करेगा। प्रेस वार्ता में आप नेता गोपाल राय व अन्य के अलावा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भी मौजूद थे। इस अवसर अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि आने वाली 31 मार्च की गठबंधन की महारैली न सिर्फ एक राजनीतिक रैली होगी बल्कि यह देश के लोकतंत्र को बचाने का आह्वान भी होगा। इसक साथ ही महारैली से भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठेगी जिससे लोकसभा चुनावों में उसकी विदाई होने वाली है। लवली ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाए कि सत्तारूढ़ दल सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए तमाम विपक्षी दलों को समान अवसर से वंचित कर रहे है। इस अवसर पर लवली ने गत दिनों कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज यानी लेन देन पर रोक लगाने का मुद्दा उठाते हुए इसे लोकतंत्र पर खतरा बताया।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष समेत चार पदों पर लेफ्ट की जीत

- चार साल के बाद छात्र संघ का चुनाव, शुरुआत में एबीवीपी सभी सीटों पर आगे चल रही थी
- आखिर में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत सभी सीटों पर लेफ्ट की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू ) के छात्र संघ चुनाव में प्रेसिडेंड और वाइस प्रेसिडेंट पोस्ट पर लेफ्ट के कैंडिडेट की जीत हो गई है। लेफ्ट के धनंजय को प्रेसिडेंट पोस्ट पर और अविजीत घोष को वाइस प्रेसिडेंट सीट पर बड़ी जीत हासिल हुई है। बता दें कि शुरुआती रुझानों में चारों सीट पर एबीवीपी आगे चल रही थी लेकिन आखिरी रुझान में लेफ्ट ने वापसी कर ली।

बता दें, जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष पद के लिए लेफ्ट के उम्मीदवार धनंजय को कुल 2598 वोट मिले।

वहीं, एबीवीपी के उम्मीदवार उमेश चंद्र अजमीरा के खाते में 1686 मत आए। इसके अलावा, वाइस प्रेसिडेंट पद के लिए लेफ्ट के उम्मीदवार को बड़े अंतर से जीत मिली। अविजीत घोष को 2409 वोट मिले और एबीवीपी कैंडिडेट दीपिका शर्मा को 1482 मत मिले।

### कौन हैं जेएनयू छात्र संघ के नए अध्यक्ष धनंजय?

अध्यक्ष पद के लिए लेफ्ट के विनर कैंडिडेट धनंजय स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड एस्थेटिक्स से पीएचडी के छात्र हैं। धनंजय गया बिहार के रहने वाले हैं और दलित समुदाय से आते हैं। उनके पिता रिटायर्ड पुलिसकर्मी हैं। करीब 27 साल बाद जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर दलित समुदाय के उम्मीदवार जीते हैं। इससे पहले बत्ती लाल बैरवा ने 1996-67 में जीत दर्ज की थी। बता दें, जेएनयू छात्र संघ चुनाव की मतगणना के दौरान ही लेफ्ट समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा था। लेफ्ट के उम्मीदवारों की बढ़त बनती देख छात्र 'पूरा कैंपस लाल है' के नारे लगाते रहे।

### इन दो सीटों पर भी लेफ्ट की जीत

छात्र संघ चुनाव में जनरल सेक्रेटरी की सीट पर खड़े हुए अर्जुन आनंद (एबीवीपी) को कुल 1961 वोट मिले हैं. वहीं, प्रियांशी आर्य ने 2887 वोट पाकर जीत हासिल की है। प्रियांशी (बीएपीएसए, लेफ्ट का समर्थन) कैंडिडेट हैं। वहीं, जॉइंट सेक्रेटरी पद के लिए चुनाव लड़ रहे गोविंद डांगी (एबीवीपी) को 2066 वोट मिले हैं जबकि मोहम्मद साजिद को (लेफ्ट) ने कुल 2575 वोट हासिल कर जीत पाई है। एक समय ऐसा था जब लेफ्ट के प्रत्याशी एबीवीपी के कैंडिडेट से कई वोटों से पीछे चल रहे थे लेकिन रात होते-होते रुझान साफ हुए तो एबीवीपी के प्रत्याशी रेस में पिछड़ गए।

## पर्यावरण बचाने की मुहिम में दिल्ली की घटी दिलचस्पी, एक घंटे में सिर्फ 206 मेगावाट बिजली बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पर्यावरण बचाने की मुहिम में दिल्ली ने इस बार कम दिलचस्पी दिखाई है। आंकड़ों के अनुसार शनिवार को मनाए गए अर्थ ऑवर डे के अवसर पर एक घंटे के लिए अनावश्यक बिजली बंद करने में कंजूसी दिखाई। जिसके चलते दिल्ली में अर्थ ऑवर के एक घंटे में 206 मेगावाट बिजली की बचत की है।

जबकि गत वर्ष 2023 में इसी दिन यानी सजग दिल्ली ने अर्थ ऑवर डे पर 279 मेगावाट बिजली बचाई थी। दिल्ली में अर्थ ऑवर के दौरान रात 8:30 से 9: 30 तक इंडिया गेट पर तिरंगे रोशनी से जगमगाते रहने वाले इंडिया गेट की भी एक घंटे के लिए लाइट बंद कर दी गई थी।

निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सीपी कामत के अनुसार अर्थ ऑवर डे के तहत कंपनी संबंधित क्षेत्र में शनिवार रात साढ़े आठ से साढ़े नौ बजे तक अपने घरों व कार्य स्थलों की गैर जरूरी लाइट व अन्य बिजली उपकरण बंद रखकर 130 मेगावाट बचाई। उन्होंने कहा कि अर्थ आवर को लेकर कंपनी लगातार उपभोक्ताओं को अलग अलग तरीके से जागरूक करती आ रही थी। वहीं दूसरी तरफ उत्तरी दिल्ली में निजी बिजली आपूर्ति कंपनी टीपीडीडीएल क्षेत्र में अर्थ ऑवर डे पर एक घंटे में 71 मेगावाट बिजली की बचत की। बता दें कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से वर्ल्ड वाइड फंड फार नेचर द्वारा 18 वर्ष पहले अर्थ आवर की शुरुआत हुई थी। इस मुहिम में भारत सहित करीब 190 देशों के लोग इसमें शामिल होते हैं।

केंद्र सरकार के अलावा देशभर के सभी राज्यों की सरकार व बिजली आपूर्ति कंपनियां अपने अपने स्तर पर लोगों को एक घंटे बिजली बंद रखने के लिए जागरूक करती है।

### आरोपी ने फिल्म दृश्यम से प्रेरित होकर दिया वारदात को अंजाम

## मालिक के करीब 14 लाख उड़ाने वाला शातिर कर्मी चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

उत्तरी पश्चिमी जिला के जहांगीर इलाके में अपने मालिक के करीब 14 लाख रुपए उड़ाने वाले एक शातिर कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 12 लाख 72 हजार कैश, दो मोबाइल और तीन सिम कार्ड बरामद किए है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार एक नौकर अपने मालिक के पास पहुंचा और उसने स्कूटी सवार तीन बदमाशों द्वारा लूट की बात बताई। मालिक को उस पर विश्वास नहीं हुआ वह उसे लेकर थाने गया। आरोपी मौका मिलते ही पुलिस की आंखों में धूल झोंककर थाने से फरार हो गया। जिले के स्पेशल स्टाफ ने अब आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान महेंद्र (42) के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि दृश्यम फिल्म से प्रेरित है। उसे पता था कि पुलिस से कैसे बचा जा सकता है। इसलिए वह लगातार अपना फोन और सिम कार्ड बदलता रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गत आठ मार्च को स्क्रैप कारोबारी इंद्रजीत ने जहांगीरपुरी थाने में शिकायत दी। उसने बताया कि उसके पास महेंद्र नाम का एक कर्मचारी पिछले डेढ़ वर्ष से वहां काम कर रहा था। वह बिजनेस फंड के 13 लाख 99 हजार 200 रुपये लेने गया था। वापस लौटने पर उसने बताया कि आउटर रिंग रोड पर स्कूटी सवार तीन लोगों ने उससे पैसे लूट लिए। इंद्रजीत उसे लेकर जहांगीरपुरी थाने पहुंचा। मौका मिलते ही आरोपी महेंद्र थाने से भाग गया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी बॉलीवुड की क्राइम थ्रिलर फिल्मों से बहुत प्रेरित था। उसने डकैती की कहानी गढ़ने के लिए अपना खुद का फोन कुचल दिया था। वह लगातार अपने मोबाइल और सिम कार्ड बदलता था। टीम ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



### आरोपी लूटी रकम से पूरे करने लगा अपने शौक

जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद अपने घर नहीं नहीं गया और न ही उसने अपने परिवार के किसी भी सदस्य से संपर्क कर इस बात की जानकारी दी। आरोपी अकेले ही लूटी गई रकम को खरीदारी, महंगे होटलों में रुकने और शराब पीने आदि में करने लगा। पुलिस टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी को चलती ट्रेन में आगरा से दबोच लिया।

# आदर्श आचार संहिता का पालन व अपराधों पर लगाम लगाने के निर्देश

पुलिस पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने, साइबर अपराधों पर लगाम, अपराध पर अंकुश, नशाखोरी पर लगाम और महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने सभी डीसीपी, एसीपी, थाना व चौकी प्रभारी के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने, साइबर अपराधों पर लगाम, अपराध पर अंकुश, नशाखोरी पर लगाम और महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस मीटिंग में संयुक्त पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर, डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह, डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार, डीसीपी ट्रैफिक उषा देवी सहित सभी एसीपी थाना व चौकी प्रभारी तथा कार्यालयों के पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस कमिश्नर ने क्राइम रिव्यू बैठक




### ऑनलाइन टास्क देकर साइबर ठगी पर लगाए लगाम

पुलिस आयुक्त ने कहा कि स्टॉक मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर या लॉटरी या ऑनलाइन टास्क देकर आमजन के साथ साइबर ठगी की वारदातें बढ़ रहे हैं। पुलिस द्वारा आमजन को इस बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है परंतु फिर भी साइबर अपराधी भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इसके लिए लोगों को साइबर अपराध के बारे में और अधिक जागरूक होना आवश्यक है जिसके लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता कार्यक्रमों पर और अधिक बल देने की आवश्यकता है।

### असामाजिक तत्व पर रखें सख्त निगरानी

*उन्होंने कहा कि 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू है। चुनाव के दौरान शहर और गांव के सभी बूथ का दौरा किया जाएगा तथा साधारण पोलिंग बूथ के अलावा असुरक्षित पोलिंग बूथ पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। चुनाव के दौरान अपराधिक किस्म के व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जाए। इसके अलावा अपराधी उद्घोषित अपराधी बेल जंपर इत्यादि की गिरफ्तारी की जाएगी। सामाजिक तत्वों पर भी निगरानी रखी जाएगी चुनाव के दौरान माहौल बिगाडने नहीं दिया जाएगा। नशा तस्करों तथा सट्टा खेलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके उन्हें सलाखों के पीछे भेजने का काम करें। एआरओ के साथ फरीदाबाद पुलिस के एसीपी स्तर के अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है जो चुनाव के दौरान उपयोग चुनाव आयोग द्वारा करवाए जाने वाले लोकसभा चुनाव में विभिन्न प्रकार की तैयारी करेंगे। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

## केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने विधायक नागर के घर मनाई होली

# 4 जून को परिणाम आने पर एक बार फिर देश होली दीवाली एक साथ मनाएगा

स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने बंचारी के प्रसिद्ध नगाड़े पर भी हाथ आजमाए और विधायक राजेश नागर को गले मिलकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर गुर्जर ने कहा कि वह अपने लोकप्रिय विधायक राजेश नागर के निवास पर उन्हें होली की शुभकामनाएं और आशीर्वाद देने पहुंचे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर के भतौला स्थित निवास पर इस बार की होली कुछ खास रही। यहां केंद्रीय राज्य मंत्री एवं स्थानीय सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने अचानक पहुंचकर विधायक राजेश नागर को होली की शुभकामनाएं दीं और उन्हें मिठाई भी खिलाई।

गुर्जर ने बंचारी के प्रसिद्ध नगाड़े पर भी हाथ आजमाए और विधायक राजेश नागर को गले मिलकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर गुर्जर ने कहा कि वह अपने लोकप्रिय विधायक राजेश नागर के निवास पर उन्हें होली की शुभकामनाएं और आशीर्वाद देने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश की बागडोर संभालने जा रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के दिल में देश बसता है और देशवासियों के दिल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बसते हैं।

**खास बातें**

- सभी देशवासियों को आपस में मिलकर सदभाव के साथ रहने का प्रण लेना चाहिए
- प्रसिद्ध नगाड़े पर केंद्रीय मंत्री ने हाथ आजमाए और विधायक राजेश नागर को गले मिलकर उन्हें होली की दी बधाई



### होली पर्व अन्याय पर न्याय की जीत का है प्रतीक

विधायक राजेश नागर ने कहा कि वह होली के पर्व को जनता को समर्पित करते आए हैं। इस अवसर पर सभी को आपस में मिलकर सदभाव के साथ रहने का प्रण लेना चाहिए। होली का पर्व अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं। उनके राज में रामजी का मंदिर स्थापित हुआ है और रामराज की स्थापना हो रही है। देश की जनता उन्हें 400 पार सीटें देकर देश का नेतृत्व सौंपने जा रही है। हमारे फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से केंद्रीय राज्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद कृष्णपाल गुर्जर भी रिकॉर्ड मतों से जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चार जून को एक बार फिर देश होली दीवाली साथ साथ मनाएगा। फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़, मीडिया सलाहकार एवं प्रवक्ता राजीव जेटली, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा सहित तिगांव विधानसभा क्षेत्र की सरदारी, पंच-सरपंच, जिला पार्षद, ब्लॉक मैंबर, भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक बड़ी संख्या में जुटे और विधायक राजेश नागर के साथ होली मनाई वहीं नगाड़े की धुन पर खूब नाचे।

## होली मिलन समारोह में भिड़े 2 कांग्रेस नेता

# पहले धक्का मुक्की, फिर जमकर हुई गाली गलौच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा कांग्रेस की गुटबाजी के चलते मंच पर बैठने को लेकर 2 कांग्रेस नेताओं के बीच गाली गलौच और धक्का मुक्की की उम्मीद किसी ने नहीं की थी।

फरीदाबाद में आयोजित होली मिलन का कार्यक्रम उस वक्त गाली-गलौच का प्रोग्राम बन गया, जब तिगांव के पूर्व विधायक ललित नागर और वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेंद्र शर्मा के बीच पहले धक्का मुक्की हुई और फिर देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि ललित नागर ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी। उन्होंने ऐसी भद्दी-भद्दी गालियां महेंद्र शर्मा को दी कि हर कोई दंग रह गया।

**स्टेज पर बैठने को लेकर नेताओं के बीच तूतूमैमै**

होली मिलन कार्यक्रम एक कांग्रेसी नेता ने आयोजित किया था। जिसमें ललित नागर समेत कई कांग्रेस नेताओं के साथ पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र शर्मा भी पहुंचे थे, लेकिन स्टेज पर बैठने को लेकर दोनों के नेताओं के बीच तूतूमैमै शुरु हो गई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच धक्का-मुक्की के साथ मामला इतना बिगड़ गया कि नौबत गाली-गलौच तक आ पहुंची।

### राजनीतिक गलियारों में मची हलचल

होली मिलन के इस कार्यक्रम में करीब 5 मिनट तक ये हाई-प्रोफाइल ड्रामा चला, जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने बीच बचाव करते हुए मामले को शांत करवाया। हालांकि, इस पूरे विवाद पर कोई भी नेता बोलने को तैयार नहीं है। लेकिन जिस तरह से होली मिलन समारोह में कांग्रेस नेताओं ने एक दूसरे को गालियों से नवाजा है, उसको लेकर फरीदाबाद के राजनीतिक गलियारों में हलचल मची हुई है।

## खबर संक्षेप

### मेंटल हेल्थ अवेयरनेस रन 31 मार्च को

**गाजियाबाद।** इन्दिरा पुरम मैराथन रनर ग्रुप ने 31 मार्च को होने वाली मेंटल हेल्थ अवेयरनेस रन का इन्दिरा पुरम की हाउसिंग सोसायटी में प्रचार, प्रसार किया। यह ग्रुप प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मार्च को मेंटल हेल्थ अवेयरनेस रन का आयोजन करने जा रहा है। इस बार की रन बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करना है।



### सभी संप्रदायों के साथ मिलकर मनाए होली पर्व

**फरीदाबाद।** कांग्रेसी नेता लखन सिंगला ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार होता है इसलिए इस त्यौहार को भाईचारे व एकता के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ सामाजिक ताकतें धर्म व सम्प्रदाय के नाम पर देश को बांटना चाहती है, हम सभी को ऐसी ताकतों का मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। सिंगला आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



### रील बना रही थी महिला चेन लेकर भागा बदमाश

**गाजियाबाद।** यहां चेन स्नेचिंग का मामला सामने आया है। पॉश इलाके इंदिरापुरम में सड़क पर रील बना रही महिला से स्नेचिंग की घटना को अंजाम देकर बदमाश बेखौफ फरार हो गया। यह घटना रील बना रहे कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। घटना इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के ज्ञान खंड इलाके की है।




### मुठभेड़ में बदमाश पुलिस की गोली से घायल

**गाजियाबाद।** थाना अंकुर विहार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा चलाई गयी गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। एसीपी अंकुर विहार ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक पर आते दिखाई दिए। पुलिस ने रोका तो फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी करवाई में वह घायल हो गया।



### नौकरी दिलाने के नाम पर कंपनी कर्मी से ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर मानेसर एरिया में कंपनी में जॉब दिलाने के नाम पर युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। शिकायत में कार्तिक चंद्र ने कहा कि वह बावल की एक कंपनी में काम करता है। वह किसी काम से धारुहेड़ा रेवाड़ी जा रहा था। इसी दौरान उसने हीरो कंपनी मानेसर के बाहर नौकरी का विज्ञापन देखा।




## 8 मुकदमों में 15 आरोपी गिरफ्तार

# 53,35,900 रुपए कराए बरामद 370 शिकायतों का निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद पुलिस के तीनों जोन की साइबर थाना प्रभारियों की टीमों के द्वारा कार्रवाई करते हुए 15 को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में मनप्रीत सिंह उर्फ काकू ,सोयम दिव्यमी, आरोपी राधे किशन निवासी गांव डेडवा जिला सांचोर राजस्थान, आऱोपी सुशील कुमार निवासी गांव दाहिमा जिला हिसार, आरोपी अभय उर्फ गोलू कृष्णा नगर बुलन्दशहर हाल डीएलएफ गुरुग्राम, आरोपी सोनू मथुरा का, विकाश उत्तम नगर दिल्ली, अविनाश विजनौर उत्तर प्रदेश हाल पूर्वी दिल्ली लक्ष्मी नगर, अनशुमान सिंह व मोहिनिश लखनऊ उत्तर प्रदेश, सैय्यद इलयाश हैदराबाद तेलंगना, अमन लखनऊ उत्तर प्रदेश, रोहित दलाल बल्लबगढ़, सत्यजीत कुमार शास्त्री नगर दिल्ली व एक नाबालिग का नाम शामिल है।सभी को पुलिस आवश्यक कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।



## हमले में घायल व्यक्ति अस्पताल में भर्ती

# केएमपी पर खड़े वाहन से टकराया कैंटर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

बिलासपुर एरिया में केएमपी एक्सप्रेस वे खड़े वाहन से टकराने पर कैंटर चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरु कर दी।

शिकायत में सलीम ने कहा कि उसका छोटा भाई अब्दुल हकीम कैंटर चलाता था। वह अपनी गाड़ी में माल भरकर फरीदाबाद से बिलासपुर की ओर आ रहा था। केएमपी एक्सप्रेस वे पर एक कैंटर गलत तरीके से खड़ा था। जिसके चलते अब्दुल हमीद का कैंटर खड़े हुए कैंटर से टकरा गया।

### घर में घुसकर व्यक्ति पर हमला

पटौदी थाना एरिया में घर में बैठे व्यक्ति पर हमला कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। हमले में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। 60 वर्षीय अजीत सिंह ने कहा कि वह अपने घर पर था। इसी दौरान मिर्जापुर के कर्मपाल, नरेंद्र, सतबीर व हंसराज हाथों में डंडे लेकर आए और उसके साथ गाली-गलौच करने लगे।

## आरोपियों में रंजीत तथा अभिषेक का नाम शामिल

# महिला पुलिस एनआईटी ने पॉक्सो व दुष्कर्म के मामले में दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सविता की टीम ने एक्ट तथा दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में रंजीत तथा अभिषेक का नाम शामिल है। आरोपी किराए के मकान पर रहता था जहां पर एक 17 वर्षीय युवती भी उसी मकान में अपने परिवार के साथ रहती थी। आरोपी उसे काफी समय से जानता था। आरोपी ने उसके साथ पिछले करीब 3 महीने में तीन-चार बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। कुछ दिन पहले जब उसे को पता चला कि वह गर्भवती हो गई है तो परिजनों को इसके बारे में बताया। परिजनों ने 18 मार्च को आरोपी के खिलाफ शिकायत दी। जिसके आधार पर थाने में पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की गई। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए आरोपी फरार हो गया जिसे पुलिस ने तकनीकी सहायता के आधार पर कासगंज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## अपराधी पर 20 हजार रुपए का था इनाम

# मैट्रो व रैपिड मैट्रो की लाइन से तांबे के तार चोरी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रांच ने मुरादनगर इलाके से लंबे समय से फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। गैंगेस्टर में निरुद्ध होने के साथ उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

एडीसीपी (क्राइम)सच्चिदाननद ने बताया कि आरोपी शिवपुरी आलोक पार्क के पास हावडा कोलकाता पश्चिम बँगाल निवासी गुलज़ार है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अनपढ है मूल रूप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला है तथा दिल्ली मे ई-रिक्शा चलाता है। गुल्जार ने बताया कि उसका रैपिड मैट्रो लाईन से ताँबे के तार चोरी करने वाले चोरो का एक गिरोह है ।जिसमे उसके अलावा सैफ मलिक, जुलफुकार उर्फ जुल्लू, जावेद, कलीम उर्फ सिद्धू, जावेद मलिक व समीर मलिक गैंग के सक्रिय सदस्य है। उसका गिरोह नोएडा, गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र मे मैट्रो व रैपिड मैट्रो की लाईन से ताँबे के तार चोरी करते है तथा चोरी के ताँबे के तारों को बेचने से जो रूपये मिलते है उसको ये लोग आपस मे बराबर-बराबर बाँट लेते है ।हिस्से मे आये रूपयों से मैं अपने घर के खर्चे व अपने शौक पूरे करते हैं। पूर्व में इनके द्वारा जनपद गाजियाबाद के थाना कौशाम्बी, लिंक रोड, इन्दिरापुरम व मुरादनगर क्षेत्र स्थित मैट्रो व रैपिड मैट्रो की लाईन से ताँबे के तार चोरी करने की कई घटनाओं को अंजाम दिया गया था जिसमे दिनाँक-09अगस्त 2023 को गिरोह के सभी सदस्यो को क्राईम ब्रान्च ने गिरफ्तार कर थाना मुरादनगर से जेल भेजा था।



## बच्चे को लेकर होली का सामान खरीदने गई थी

# मां का हाथ पकड़कर चल रहे ढाई साल के बच्चे को थार ने कुचला, हादसे में बच्चे की मौत हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मानेसर एरिया में मां का हाथ पकड़कर चल रहे ढाई साल के बच्चे को थार ने कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौत हो गई। महिला अपने बच्चे के साथ होली की खरीददारी करने के बाद घर की ओर लौट रही थी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर थार चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

पूजा ने कहा कि वह अपने बेटे शिवांस के साथ होली का सामान खरीदने गई थी। लौटते समय शिवांस उसका हाथ पकड़कर चल रहा था कि एक तेज रफ्तार थार ने उसके बेटे में टक्कर मार दी।

### पेमेंट का फेक स्क्रीन शॉट भेज लगाई हजारों की चपत



साइबर वेस्ट पालम विहार एरिया में जालसाज ने पेमेंट का फेक स्क्रीन शॉट भेजकर दुकानदार को हजारों की चपत लगा दी। स्क्रीन शॉट भेजने के बाद दुकानदार ने सामान डिलिवर कर दिया था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। सुदेश कुमार मीणा ने कहा कि उसका पार्टी सामान का स्टोर है। वे ऑनलाइन आर्डर लेते हैं। उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर एक आर्डर आया। जिसमें सगुन कार्ड में फ्लावर व केस देने की बात कही थी। आर्डर देने वाले अपना पता व पेमेंट का स्क्रीन शॉट उसे भेज दिया। जिसके बाद सुदेश कुमार ने उनका आर्डर डिलिवर करा दिया। दूसरे दिन जब सुदेश ने अपना अकाउंट का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि यह पेमेंट उसके अकाउंट में नहीं आई।

### रुपए डबल करने का झांसा देकर युवती से 67 हजार ठगे

*साइबर क्राइम साउथ एरिया में जालसाजों ने रुपए डबल करने का झांसा देकर युवती से 67 हजार ठग लिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुडगांव की वैष्णवी राठौर ने कहा कि उसने टेलिग्राम ग्रुप पर विज्ञापन देखकर घर बैठकर रुपए कमाने के चलते ग्रुप में व्हाटसअप कॉल की। जिसमें रुपए डबल करने का झांसा दिया गया था। युवती से पहले तीन हजार रुपए इंवेस्ट कराए गए। इसके बाद उससे कुल सात बार में 67 हजार 811 रुपए की ट्रांजेक्शन करा ली गई। लेकिन उसके रुपए वापिस नहीं किए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।*

## खबर संक्षेप

### रांची के हटिया में बदले गए 11 मतदान केंद्र

**रांची।** हटिया विधानसभा क्षेत्र के 11 मतदान केंद्र बदले गए हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार



सिन्हा ने मतदान केंद्रों के भवन के नाम परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी को बदले गए मतदान केंद्र के क्षेत्र में बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य माध्यमों से जनता के बीच इसका प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया है। दलों द्वारा अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध भी किया गया है।

### रेलवे के टावर वैगन की चपेट में आकर मौत

**मैनपुरी।** यहां भोगांव थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर काम चल रहा है। इसका निरीक्षण करने वाले टावर



वैगन (रेलवे का स्वचलित वाहन) की चपेट में आकर एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।अनुराग घर से निकलकर पास के गांव नगला खरा के निकट रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और रेलवे के टावर वैगन के आ जाने से वह उसकी चपेट में आ गया।

### बहादुरगंज नगर पंचायत चेयरमैन समेत 4 काबू

**गाजीपुर।** माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।



पुलिस ने रविवार को गैंगस्टर एक्ट के तहत बहादुरगंज नगर पंचायत के चेयरमैन समेत चार को गिरफ्तार कर लिया है। इसक बाद पुलिस ने चालान कर कोर्ट में पेश किया। यहां से चारों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बता दें कि शनिवार रात पुलिस ने मुख्तार के करीबी प्रापर्टी डीलर को धर दबोचा था।

# बिहार में होली व गुड फ्राइडे के दिन शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विवाद

एजेंसी ▶▶ पटना

देश के सबसे बड़े पर्व होली के दिन भी शिक्षकों अवकाश न देने का मामला तूल पकड़ गया है। होली और गुड फ्राइडे के दिन शिक्षकों की ड्यूटी लगाने को लेकर बिहार की विपक्षी पार्टी राजद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है।

बिहार में होली के दिन सरकारी शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन और गुड फ्राइडे पर स्कूली विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हस्तक्षेप की मांग की है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा 20 मार्च को जारी एक परिपत्र में कहा गया है, 'संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इससे पहले प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लेने वाले सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों (पहली से पांचवीं कक्षा तक) को छह-दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में भाग लेना होगा। परिषद 25 से 30 मार्च तक फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) डे ट्रेनिंग करेगी।' परिपत्र सभी शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय (सीटीई), डीआईईटी,पीटीईसी,(बीआईईटी) के प्राचार्यों व अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है।

तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हस्तक्षेप की मांग की



### 25 से 30 मार्च तक एफएलएन प्रशिक्षण

पत्र के अनुसार, कुल 19,200 सरकारी स्कूल शिक्षक 25 से 30 मार्च तक विभाग के 78 प्रशिक्षण केंद्रों पर एफएलएन प्रशिक्षण में भाग लेंगे। एससीईआरटी ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान सभी संबंधित व्यक्तियों को 'कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी'। बिहार सरकार ने पहले ही होली और गुड फ्राइडे पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है और उन दिनों राज्य सरकार के सभी कार्यालय बंद रहेंगे। इसी तरह, सातवीं कक्षा के लिए गुड फ्राइडे (29 मार्च) को भी वार्षिक परीक्षा आयोजित करने के विभाग के फैसले से विवाद खड़ा हो गया है। यहां तक कि बिहार के राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंगथु ने भी मुख्य सचिव को लिखे पत्र में विभाग को 29 मार्च के परीक्षा कार्यक्रम को बदलने का निर्देश देने का आग्रह किया है। बार-बार मीडिया की ओर से प्रयास करने के बावजूद, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार इस मुद्दे पर बात नहीं हो सकी।

इंडिया' गठबंधन में फंसा पेंच?

# लालू-तेजस्वी दिल्ली में कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात कर सीट पर निकालेंगे समाधान

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पहले चरण में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि अब नजदीक आ गई है, लेकिन बिहार में 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीट शेयरिंग को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। हालांकि सीट शेयरिंग की औपचारिक ऐलान के पहले ही आरजेडी और वाम दल की ओर से कई सीटों के लिए उम्मीदवारों को पार्टी सिंबल देने की बात सामने आ रही है।

एजेंसी ▶▶ पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बिहार में 'इंडिया'गठबंधन में शामिल घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग को लेकर अभी खींचतान चल रही है। आरजेडी की ओर से पार्टी के दस से अधिक उम्मीदवारों को सिंबल सौंप दिया गया है, जिसके कारण बिहार कांग्रेस के नेताओं और संभावित उम्मीदवारों ने नाराजगी जताई है।

इस बीच आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव रविवार शाम को राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत पूरे परिवार के साथ दिल्ली के रवाना हुए।

वहीं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेता भी पहले ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ लालू-तेजस्वी की बात के बाद सीटों के बंटवारे की आधिकारिक घोषणा संभव है।

**खास बातें**

- बीमा भारती व हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव दोनों पूर्णिया सीट के दावेदार
- कांग्रेस के पूर्व सांसद ने औरंगाबाद सीट को लेकर खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की



### कांग्रेस की परंपरागत सीट पर आरजेडी का दावा

*बिहार में कांग्रेस की कुछ परंपरागत सीटों पर आरजेडी की ओर से अपने उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं और सिंबल भी थमा दिया है। कांग्रेस के पूर्व सांसद ने औरंगाबाद सीट को लेकर खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। वहीं कांग्रेस बेगूसराय सीट कन्हैया कुमार के लिए चाह रही है, लेकिन आरजेडी ने ये सीट सीपीआई को थमा दिया है। इसके अलावा पूर्णिया सीट को लेकर भी अब आरजेडी और कांग्रेस के बीच टकराव की स्थिति बन चुकी है। जेडीयू से आरजेडी में शामिल होने वाली बीमा भारती ने भी पूर्णिया से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। वहीं हाल ही में अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कराने वाले पप्पू यादव ने साफ कर दिया है कि वो किसी कीमत पर पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे। वे पूर्णिया से ही चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह से कटिहार समेत कई अन्य सीटों को लेकर भी विवाद है।*

### भाकपा-माले ने भी जताई नाराजगी



बिहार में वामदलों की ओर से अलग दावा किया जा रहा है। भाकपा-माले की ओर से पांच सीटों पर दावा किया जा रहा है। वहीं आरजेडी की ओर से कांग्रेस और अन्य वाम दलों को अधिक सीटें देने के बजाए खुद ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की गई है। उम्मीद की जा रही है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से तेजस्वी यादव की दिल्ली में मुलाकात होगी और सीट शेयरिंग का पेच सुलझ सकता है।

अमेठी की घोषणा न होने से बढ़ा संशय

# कार्यकर्ताओं ने साधा प्रियंका से संपर्क, लगे पोस्टर-बैनर



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कांग्रेस की ओर से जारी चौथी सूची में भी चर्चित अमेठी सीट से प्रत्याशी घोषित नहीं होने पर कांग्रेसियों एवं समर्थकों को मायूसी मिली है। अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर अभी संशय बरकरार है। कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता लगातार राहुल और प्रियंका गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे है।

कांग्रेस पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक चार सूची जारी कर प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। जारी चौथी सूची में भी लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सबसे हॉट व कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली सीट अमेठी से कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई। ऐसे में पक्ष विपक्ष एवं समर्थकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। सभी की निगाहें कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा पर लगी हुई हैं। पोस्टर बैनर एवं सोशल मीडिया के माध्यम से कार्यकर्ता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष समेत कई बड़े नेताओं ने राहुल गांधी के अमेठी से चुनाव लड़ने का दावा भी किया है। लेकिन अब तक राहुल गांधी सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की ओर से इस संबंध में हुई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। जारी चौथी सूची के बाद कांग्रेस नेता व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समर्थकों में मायूसी छाई है। फिर भी अभी उम्मीद शबंधी हुई है कि अमेठी रायबरेली से गांधी परिवार का सदस्य चुनाव लड़ेगा।

### बसपा की जारी पहली सूची अमेठी बाहर

लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी की ओर से प्रदेश के 16 संसदीय क्षेत्रों में प्रत्याशियों की घोषणा करते हुए पहली सूची जारी की है। बसपा नेताओं और समर्थकों में उम्मीद थी कि पहली सूची में अमेठी सीट से प्रत्याशी की घोषणा हो जाएगी लेकिन अमेठी लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई।

## पेज एक का शेष

### राजनाथ: सबसे सुखद...

रक्षा मंत्री ने जवानों को गुलाल लगाते हुए उन्हें मिठाई खिलाई। इस मौके पर राजनाथ ने कहा कि यह उनके लिए सबसे सुखद क्षण है। इससे पहले रक्षा मंत्री के विश्व के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन जाने की खबर थी। लेकिन, मौसम में हुए बदलाव के कारण उन्हें सियाचिन दौरे में बदलाव करना पड़ा। तह उन्होंने लेह जाने का प्लान बनाया और यहां पहुंचे। राजनाथ ने कहा कि पर्व-त्यौहार पहले सियाचिन और कारगिल की चोटियों पर मनाए जाने चाहिए, राजस्थान के तपते रेतीले मैदान में मनाए जाने चाहिए, हिंद महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी मैं तो चाहता हूं कि सैनिकों के साथ ऐसा सेलिब्रेशन हमारी संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बन जाए कि कारगिल की बर्फ़ीली चोटियों पर, राजस्थान के तपते रेतीले मैदान में, गहरे समुद्र में स्थित पनडुब्बी में, इन जगहों पर, हर बार, सबसे पहले, सम्मान पूर्वक पर्व-त्यौहार मनाया जाए। मालूम हो कि काराकोरम रेंज में लगभग 20 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, जहां सैनिकों को जमा देने वाली सर्दी और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है।

### पीएम मोदी ने...

अनेकानेक शुभकामनाएं। स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए।

### लद्दाख बहादुरी और वीरता ...

अनेक अवसरों पर, हमारी सेना के जवानों से मिलता रहता हूं, लेकिन होली के अवसर पर आप लोगों से मिलना, और आपके साथ होली खेलना, मेरे लिए सबसे सुखद क्षणों में से एक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि उत्सव और त्यौहार मनाने का आनंद अपनों के बीच ही आता है। और होली का पर्व मनाने मैं अपने परिवार के बीच आया हूं। मैं अपने परिवार वालों के साथ रंग खेलने आया हूं। आज आपके बीच आकर, मैं जो महसूस कर रहा हूं, वह मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं। भारतीय सेना, इच्छाशक्ति और साहस का दूसरा नाम है। आपके बीच आकर, मुझे ऐसा लग रहा है, कि मेरी रगों में रक्त की नई धारा का संचार होने लगा है। आप जिस ऊंचाई पर खड़े होकर, इतनी विषम परिस्थिति में देश की सेवा करते हैं, वह अतुलनीय है। इस अटूट इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करने के लिए, देश सदैव आपका ऋणी रहेगा। आने वाले समय में जब राष्ट्रीय सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा, तब बर्फीले ठंडे ग्लेशियर में उबाल लाने वाली आपकी वीरता के कार्यों को गौरव के साथ याद किया जाएगा।

### तभी देश में लोग...

करता है। हमारे जितने भी देवी-देवता हैं, वह सब किसी न किसी तरीके से हमारी रक्षा ही करते हैं। वैसे ही मुझे लगता है कि दुश्मनों से हमारी रक्षा करते हुए आप सभी सैनिक भी, हमारे लिए किसी रक्षक देवता से कम नहीं हैं।

### 4 बच्चों की मौत, ...

घटना पल्लवपुरम थाना क्षेत्र की जनता कॉलोनी में शनिवार की रात को हुई है। दरअसल मूल रूप से मुजफ्फरनगर के रहने वाले जॉनी का परिवार जनता कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। जॉनी दिहाड़ी मजदूरी का काम करता है. होली के कारण शनिवार को वह घर पर ही था और उसकी पत्नी बबीता खाना बना रही थी। वहीं उसकी बेटी सारिका (10), निहारिका (8) बेटा गोलू (6) और बेटा कालू (5) कमरे में थे। बताया जा रहा है कि कमरे के ही बोर्ड पर मोबाइल चार्जिंग में लगा हुआ था। बिजली के बोर्ड में लगे चार्जर में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी निकली चिंगारी वहां बेड पर बिछे फोम के गद्दे पर गिरी जिससे आग लग गई। आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया और आग से घिरे बच्चों को बबीता, सारिका और जॉनी ने बचाने की कोशिश की जिससे वो भी बुरी तरह झुलस गए। शोर सुनकर पड़ोसी आए और उन्होंने सभी को जैसे-जैसे घर से बाहर निकाला, सभी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन को मेरठ के लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

### एक दूसरे को...

एक दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी झुलस गए।

**एसएसपी ने कहा शॉर्ट सर्किट की वजह से हादसा:** वहीं इस मामले में मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह ने बताया कि पल्लवपुरम थाना क्षेत्र में शनिवार शाम 5 बजे के आसपास एक घर में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई जिसमें परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे को बचाने के चक्कर में झुलस गए। अस्पताल में भर्ती पति-पत्नी की हालत गंभीर है। बाकी चारों बच्चों की मौत हो गई है। यह सभी मुजफ्फरनगर के रहने वाले हैं।

### हिसार से रंजीत...

है। सोनीपत से रमेश कौशिक का टिकट काटा गया है। मेनका गांधी को यूपी के सुल्तान पुर से फिर से उम्मीदवार बनाया गया है।

### सूची में कई राज्यों...

की मंडी सीट से कंगना रनौत, मेरठ से अरुण गोविल, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, सहारनपुर से राघव लखनपाल, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पुरी से संबित पात्रा, बर्धमान दुर्गापुर से दिलीप घोष, कोलकाता उत्तर से तापस राय, दार्जलिंग से राजू बिष्ट,अजमेर से भागीरथ चौधरी, झुंझुनू से शुभकरण चौधरी, संबलपुर से धर्मेंद्र प्रधान, सुन्दर गढ़ से जुएल ओराम, बेलगाम से जगदीश शेट्टार, वडोदरा से योगेश चंद्र जोशी, मेहसाणा से हरिभाई पटेल, सारण से राजीव प्रताप रुड़ी,पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद समेत कई प्रमुख नेताओं के नाम लिस्ट में शामिल हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट भी काट दिया गया है और सीता सोरेन को दुमका (झारखंड) से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

# कांग्रेस ने मेवात को पिछड़ा बनाया, भाजपा ने विकास कराकर पिछड़े होने का लेबल हटाया

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तावडू में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मेवात



तावडू में विजय संकल्प रैली में बोलते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि जिस मेवात पर पहले की सरकारों ने पिछड़ा होने का लेबल लगा दिया था, भाजपा सरकार में आज वही मेवात का इलाका तेजी से विकास कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी सरकारों की अनदेखी के कारण मेवात पिछड़ा जिला बन गया था, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने पिछड़े जिलों पर विशेष ध्यान दिया और इन जिलों में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए। तावडू की अनाज मंडी में स्थानीय विधायक एवं नव नियुक्त मंत्री संजय सिंह द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को भी घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौकरियों में कांग्रेस की गलत नीतियों का खामियाजा हरियाणा के युवाओं ने भुगता है और कट्टर ईमानदारी का चौला पहनने वाले अब जेल में बंद हैं। मुख्यमंत्री ने जनसमूह से 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाकर स्थानीय लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को एतिहासिक जीत के साथ संसद भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार तावडू पहुंचे नायब सिंह का मंच पर पहुंचते ही बड़ी फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया गया। वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को गदा भेंट की। मंच पर महाराज धर्मदेव, संगठनमंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, विधायक दीपक मंगला, सत्यप्रकाश जरावता, चौ. जाकिर हुसैन, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जान मोहम्मद, जिला प्रभारी संदीप जोशी, मौजूद रहे।

### जेड सुरक्षा न मिलने से सीता सोरेन नहीं आ सकीं रांची, गरमाई

**रांची।** झामुमो छोड़कर हाल ही में भाजपा में शामिल हुईं दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन की सुरक्षा को लेकर झारखंड में सियासत गरम रही। दरअसल, सीता सोरेन को रांची आना था, लेकिन वह नहीं आ सकीं। आरोप है कि राज्य सरकार की ओर से उन्हें जेड सुरक्षा मुहैया कराने से इनकार कर दिया गया। हालांकि, इस संबंध में डीजीपी का कहना है कि सीता सोरेन को जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली है, इससे जुड़ा कोई पत्र पुलिस विभाग को नहीं मिला है। सीता सोरेन के रांची आने की सूचना उनके निजी कार्यालय से स्पेशल ब्रांच, रांची डीसी, एसएसपी को भेजी गई थी। पत्र भेजकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के मुताबिक, जेड श्रेणी सुरक्षा देने का आग्रह किया गया था।

संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च

होली पर रंग डाले जाने से बचाने से उठाया गया कदम

# होली से पहले अलीगढ़ में तिरपाल से ढकी गईं मस्जिदें सुरक्षा में तैनात किए गए पुलिसकर्मी, शांति बनाए रखने की अपील

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में होली के अवसर पर रंग डाले जाने से बचाने के लिए शहर के दो मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया गया है।

वहीं इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। दरअसल पुलिस क्षेत्राधिकारी बताया कि होली को ध्यान में रखकर ये फैसला लिया गया है। ताकि कोई मस्जिद पर रंग न फेंक दें। वहीं होली की पूर्व संध्या पर शांति बनाए रखने के लिए शहर में कानून-व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अभय पांडेय ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में सब्जी मंडी स्थित हलवाईयान मस्जिद और दिल्ली गेट स्थित एक अन्य मस्जिद सहित कम से कम दो



मस्जिद को तिरपाल से ढक दिया गया है, ताकि कोई भी व्यक्ति होली के दौरान उन पर रंग न फेंक सके।

उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया है और पुराने शहर के इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि होली की पूर्व संध्या पर शांति बनाए रखने के लिए शहर में कानून-व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है।

### होली और चुनाव के दौरान पुलिस चौकन्ना


अलीगढ़ में होली, रमजान और लोकसभा चुनाव को अलीगढ़ में पुलिस प्रशासन चौकन्ना है। शहर में धारा 144 लागू है। होली को लेकर शहर में पुलिस ने खास तैयारियां कर रखी हैं। जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों पर अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है।

लाइफ Style



# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।




# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकेटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।

# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग




**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेज़न प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।




### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

**लोक सभा क्षेत्र**
**सतना**
1 भाजपा प्रत्याशी
गणेश सिंह
2 कांग्रेस प्रत्याशी
सिद्धार्थ कुशवाहा

**पिछली बार कौन जीता**
गणेश सिंह
जीत का अंतर
2 लाख 31 हजार, 473

## क्या रहेंगे मुद्दे?

सतना ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां राष्ट्रीय के साथ प्रादेशिक और स्थानीय मुद्दे भी चुनाव में असर डालते हैं। भाजपा यहां मोदी लहर पर सवार है, लेकिन सांसद गणेश सिंह से नाराजगी भी मुद्दा है। व्यक्तिगत नाराजगी के कारण ही वे विधानसभा का चुनाव हार गए। सतना में जातीय समीकरण भी मुद्दों की तरह काम करते हैं। कई समाजों की दूसरे समाजों से नहीं बनती। इसकी वजह से एक समाज एक जगह जाता है तो प्रतिद्वंद्वी समाज दूसरे दल की ओर रुख कर लेता है। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार के कामों के बूते वोट मांगेगी और कांग्रेस उनकी नाकामियां गिनाएगी। कांग्रेस की अपनी गारंटियां भी चुनाव का मुद्दा हैं।

### गणेश-सिद्धार्थ आमने-सामने, नारायण बिगाड़ेंगे खेल, एक बार त्रिकोणीय मुकाबले में बाजी मार चुकी बसपा

# विंध्य की सतना सीट पर तीन महाबलियों में मुकाबला

*विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट में त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। अंचल के तीन महाबली भाजपा के गणेश सिंह, कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा और बसपा से नारायण त्रिपाठी मैदान में उतर चुके हैं। सिद्धार्थ विधानसभा चुनाव में गणेश को पराजित कर चुके हैं। अब दोनों लोकसभा चुनाव में भी आमने-सामने हैं। बसपा में हाल में शामिल पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी भी कम नहीं हैं। वे दोनों का खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। इसीलिए अभी से यह कहना कठिन है कि पलड़ा किसका भारी है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

विंध्य अंचल की सतना लोकसभा सीट के लिए 1996 में हुआ चुनाव भुलाया नहीं जा सकता। तब प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा भाजपा से और अर्जुन सिंह तिवारी कांग्रेस से मैदान में थे। बसपा ने यहां से सुखलाल कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया था। चुनाव यादगार इसलिए है क्योंकि सुखलाल दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हरा कर बाजी मार ले गए थे। सतना में एक बार फिर इसी तरह के मुकाबले के आसार हैं। भाजपा ने विधानसभा चुनाव हारने के बावजूद अपने सांसद गणेश सिंह पर फिर भरोसा किया है और कांग्रेस ने उन्हें चुनाव हरा कर विधायक बने सिद्धार्थ को ही उनके मुकाबले खड़ा किया है। बता दें कि सिद्धार्थ 1996 में अर्जुन सिंह और वीरेंद्र कुमार सकलेचा को हराने वाले सुखलाल कुशवाहा के ही बेटे हैं। बसपा की ओर से मैदान में हैं मैहर क्षेत्र से 4 बार विधायक रहे नारायण त्रिपाठी। क्षेत्र में ब्राह्मणों की तादाद सर्वाधिक लगभग साढ़े 5 लाख है। बसपा का अपना वोट बैंक है ही। इनकी दम पर नारायण भी जीत की उम्मीद कर रहे हैं। इसी आधार पर सतना में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। सतना विधानसभा चुनाव में पराजय से साफ है कि गणेश सिंह से लोग प्रसन्न नहीं हैं। गणेश सिंह मोदी लहर के भरोसे जीतने का दावा करते हैं, लेकिन लोगों की नाराजगी को काबू में करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। कांग्रेस के सिद्धार्थ लगातार चौथा चुनाव लड़ रहे हैं। विधानसभा के दो चुनाव वे जीत चुके हैं। गांव- गांव फैला कुशवाहा समाज का वोट उनकी ताकत है। बसपा के नारायण दल बदल में अव्वल हैं। ब्राह्मण समाज में पकड़ उनकी ताकत बन सकती है।


गणेश सिंह


सिद्धार्थ कुशवाहा


नारायण त्रिपाठी

### विधानसभा के लिहाज से भाजपा का पलड़ा भारी

विधानसभा चुनाव में मिली सीटें और वोटों के लिहाज से सतना में भाजपा का पलड़ा भारी है। क्षेत्र की दो सीटों सतना और अमरपाटन में ही कांग्रेस का कब्जा है जबकि शेष पांच सीटें भाजपा के पास हैं। कांग्रेस से खुद सिद्धार्थ सतना से विधायक हैं और दूसरे अमरपाटन से पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र कुमार सिंह। कांग्रेस का दोनों सीटों में जीत का अंतर 10 हजार 531 वोटों का ही रहा, जबकि भाजपा ने पांचों सीटें 1 लाख, 4 हजार 74 वोटों के अंतर से जीती हैं। इस तरह भाजपा को विधानसभा चुनाव में ही लगभग 95 हजार वोटों की बढ़त हासिल है। सतना भाजपा के गढ़ के रूप में भी तब्दील है। 1998, 1999 के दो चुनाव रामानंद सिंह जीते और चार बार से गणेश सिंह सांसद हैं।

### सतना जिले को मिला कर बनी लोस सीट

सतना लोकसभा सीट में कोई मिलावट नहीं है। जिले की सभी सात विधानसभा सीटें इसके तहत आती हैं। ये सीटे हैं चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन और रामपुर बघेलान। कोई दूसरा जिला इसमें शामिल नहीं है। क्षेत्र में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र सिंह भी ताकतवर हैं। अजय सिंह 2014 में यहां से चुनाव लड़ चुके हैं और लगभग 8 हजार वोटों के अंतर से ही हारे थे। उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्व अर्जुन सिंह भी यहां से सांसद रहे हैं। इस नाते उनके समर्थकों की अच्छी खासी तादाद क्षेत्र में है। यदि सिद्धार्थ को अजय सिंह और राजेंद्र कुमार सिंह का साथ मिल जाए तो वे कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

### ब्राह्मण ज्यादा, पिछड़ा वर्ग भी कम नहीं

सतना लोकसभा चुनाव में जातीय समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। क्षेत्र में ब्राह्मण मतदाताओं की तादाद सबसे ज्यादा लगभग साढ़े 5 लाख के आसपास है। यह वर्ग गणेश सिंह से नाराज बताया जाता है। इसका लाभ बसपा के नारायण त्रिपाठी को मिल सकता है। दलितों का एक हिस्सा बसपा को वोट देता ही है। दूसरे नंबर पर लगभग डेढ़ -डेढ़ लाख पटेल और कुशवाहा समाज के मतदाता हैं। इनका क्रमशः भाजपा के गणेश और कांग्रेस के सिद्धार्थ के पास जाना तय है। इनके अलावा पिछड़े वर्ग की अन्य जातियां भी काफी तादाद में हैं। इनका भाजपा और कांग्रेस के बीच बंटवारा हो सकता है।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### पहली बार वोट देंगे और अपनी मनपसंद सरकार को चुनेंगे

पहली बार वोट डालेंगे और अपनी मनपसंद सरकार को चुनेंगे। मैं अपने मतदान का प्रयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को विजयी बनाने के लिए उत्साहित हूं। इस चुनाव में युवा मत का उपयोग कर योग्य उम्मीदवार को लोकसभा तक पहुंचाएंगे। इस बार किस दल की सरकार बनेगी, यह काफी हद तक युवाओं पर निर्भर करेगा। युवा जिस दल के पक्ष में अपना मत डालेगा सरकार उसकी बनेगी।



**अभिषेक श्रीवास्तव**, युवा मतदाता

### मेरा वोट भ्रष्टाचार, रोजगार व विकास के मुद्दों पर निर्भर रहेगा

लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करूंगा। अपने मतदान का प्रयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को विजयी बनाएंगे। मेरा मत भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर निर्भर करेगा। जो सरकार इन मुद्दों पर खरी उतरेगी, उसी के प्रत्याशी को अपना मत दूंगा, ताकी अच्छी सरकार चुनकर सता में आए। ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करके मतदान प्रतिशत को बढ़ाना चाहिए। मैं खुद भी मतदान करने जाऊंगा, दूसरों को भी ले जाऊंगा।



**निखिल कौरव**, युवा मतदाता

## सी-विजिल एप पर 22 मार्च तक मिलीं 173 शिकायतें

मप्र में आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सी-विजिल एप पर शिकायतें प्राप्त होने लगी हैं। 22 मार्च तक प्रदेश के सभी जिलों से इस एप के माध्यम से कुल 173 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। इस एप की सबसे बड़ी खासियत यह है कि शिकायत के बाद महज एक घंटे के अंदर इस पर कार्रवाई शुरू हो जाती है। शिकायतों का निराकरण भी उसी वक्त होता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश के नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करना चाहते हैं, तो वे सी-विजिल एप के माध्यम से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी-विजिल एप डाउनलोड करना होगा। इसके लिए नागरिक को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो सी-विजिल एप पर अपलोड करना होगा।

**जैसा मैंने देखा था**

## चुनाव...

### चुनाव सुधार को लेकर टीएन शेषण आते हैं याद, तब सत्ता पक्ष व विपक्ष एक ही कतार में आते थे नजर

भारतीय लोकतंत्र में यह समय ऐसा चल रहा है कि लोगों को ईवीएम की सत्यता पर भी संदेह होने लगा है। इसको लेकर जिम्मेदार लोगों को सत्ता पक्ष और विपक्ष की बात सुनना चाहिए और प्रयास करना चाहिए कि दोनों ही पक्ष संतुष्ट हो सकें। वर्तमान समय में वो बात नहीं रही कि जिम्मेदार लोगों की बात पर पूरी तरह से विश्वास कर लिया जाए। जबकि इन लोगों को पारदर्शिता के साथ काम करने के अलावा हर पक्ष की संतुष्ट करना चाहिए। लोकसभा चुनाव 2024 में एक बात को लेकर लोग यह सोचने को मजबूर हैं कि सही चुनाव होते भी हैं या नहीं। चुनाव को लेकर लग रहे आरोप को संबंधित लोग सत्ता पक्ष की तरह बात क्यों करते हैं। इस कारण लोगों को टीएन शेषन का समय याद आ जाता है, जब उन्होंने चुनाव सुधार इस तरह से किए कि सत्ता और विपक्ष एक कतार में ही नजर आने लगे थे। चुनाव को लेकर किसी को इतनी हिम्मत नहीं होती थी कि मतदान या आचार संहिता को लेकर किसी प्रकार का आरोप कोई लगा सके। टीएन शेषन जो बात करते थे, उस पर अमल तुरंत होता था। सत्ता और विपक्ष के बीच चुनाव के समय कोई अंतर नहीं दिखता था। उस समय किसी की हिम्मत नहीं थी कि चुनाव कार्यप्रणाली को लेकर कोई आरोप लगा सके। उस समय का ही माहौल आज के समय में तैयार करना होगा, वर्ना धीरे-धीरे लोगों का विश्वास उठता चला जाएगा।


अरुण दीक्षित
वरिष्ठ पत्रकार

**जो हो न सका...**

## भोपाल में वेयर हाउस और लॉजिस्टिक हब बनाने की तैयारी की, पहले कार्यकाल का समय पड़ गया कम

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रचार में कई बाते सामने आ रही थीं कि राजधानी को कई सौगात देना है। इस तरह के कई काम हुए भी हैं, जिनमें निशातपुरा में उपज या अन्य प्रकार का सामान रखने के लिए वेयर हाउस का निर्माण वर्ष 2020 से 2022 के बीच हुआ। इसी तरह पूरे भोपाल व यहां के लोकसभा क्षेत्र में वेयर हाउस हब और लॉजिस्टिक हब बनाने की प्लानिंग फाइलों के अंदर दौड़ गई थी। सांसद द्वारा संबंधित विभागों के माध्यम से केंद्र सरकार के दिल्ली स्थित मंत्रालयों तक यह तय हो गया था कि भोपाल लोकसभा क्षेत्र में वेयर हाउस हब और लॉजिस्टिक हब बनाने की तैयारी करना है। कब करना है और किस तरह से होगा, इसकी चर्चा होना शेष रह गया था और सांसद को उम्मीद थी कि वर्ष 2024 से पहले यह काम पूरा नहीं हुआ तो कम से कम शुरू तो हो जाएगा। भोपाल लोकसभा क्षेत्र के लोगों की उम्मीद ही रह गई और यह काम शुरू होने की बात तो दूर दिल्ली से फाइल तक नहीं लौट पाई।

### फाइल भेजी, पर लौटी नहीं



भोपाल लोकसभा क्षेत्र की सबसे पुरानी व बड़ी मांग थी कि यहां वेयर हाउस हब और लॉजिस्टिक हब बन जाए तो बैंगलुरु की तरह यहां के उत्पादकों के अलावा युवाओं व स्टार्टअप से जुड़े युवाओं को इससे लाभ मिल सके। साथ ही रोजगार बढ़ने की भी अपार संभावना थीं, लेकिन अब तो सिर्फ यही कहा जा सकता है कि जो हो न सका......।

## जानिए आदर्श आचार संहिता.....

यदि मंत्री शासकीय भ्रमण पर हों और जिला मुख्यालय में सर्किट हाउस में ठहरें, तो हमेशा के अनुसार गार्ड लगाई जाए। (पचमढ़ी को जिला मुख्यालय माना जाएगा) यदि मंत्री किसी के निजी मकान पर ठहरें, तो गार्ड का प्रबंध न किया जाए। यदि मंत्री गांवों के दौरे के समय किसी रेस्ट हाउस में ठहरें, तो भी गार्ड का प्रबंध करने की जरूरत नहीं है। जहां तक मंत्री की खुद की सुरक्षा का प्रश्न है, उनके साथ बाडीगार्ड रहता ही है। यदि पुलिस अधीक्षक यह महसूस करते हैं कि किसी विशेष कारण से अतिरिक्त सुरक्षा की व्यवस्था करना आवश्यक है, तो वह बगैर वर्दी के एक या दो सिपाही लगा सकते हैं। यह पुलिस अधीक्षक के विवेक पर निर्भर करेगा कि वे सिपाही हथियार सहित रहेंगे, या बगैर हथियार के रहेंगे। नियमों में यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार निर्वाचन की घोषणा के दिनांक से लेकर निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण होने तक की अवधि में केन्द्र या राज्य शासन के कोई मंत्री ऐसे निर्वाचन क्षेत्र में शासकीय दौरा नहीं करेंगे।

**शिवराज इछावर में**

## अरबों की दौलत के बराबर है बहन-बेटियों का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को विदिशा लोकसभा क्षेत्र की इछावर विधानसभा के ग्राम ब्रिजिस नगर में आयोजित भगोरिया उत्सव में सहभागिता की।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान, भगोरिया उत्सव में पारंपरिक वेशभूषा और हाथों में तीर-कमान लेकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते नजर आए। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि बहनों और बेटियों की ये निधि मेरे लिए अरबों की दौलत से भी बढ़कर हैं। बहनों ने भगोरिया उत्सव के खर्च में से राशि बचाकर चौहान को भेंट की। छात्रा मुस्कान राठौर ने गुल्लक भेंट की।



## जमीन के विवाद को लेकर की बड़े भाई की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोंडागांव जिले के केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम डूमरपदर मैनपुर में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई पर ईंट और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जहां उपचार के दौरान बड़े भाई ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

प्रार्थीया पांचोबाई यादव पति शिवप्रसाद ने मामला दर्ज कराई कि 22 मार्च के शाम 5 बजे आरोपी देवर शिवराज यादव घर आकर भाभी पंचो बाई के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बातों में ही आकर उसकी पत्नी राजोबाई यादव उसे छोड़कर मायके चली गई है, इसके अलावा जिस जमीन पर पानी नही आता, ऐसी जमीन फसल करने के लिए देने की बात कहते हुए गाली गलौज करने लगा, जिस पर बड़े भाई शिवप्रसाद यादव के समझाने पर आरोपी शिवराज यादव एकाएक ईटा से शिवप्रसाद के सिर में मारने के साथ ही घर में रखे कुल्हाड़ी से बाए हाथ कंधा के पास हमला कर फरार हो गया।

घायल शिवप्रसाद को गंभीर चोट आने से अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना केशकाल में धारा 294, 323, 506, 302 भादंवि का अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया। आरोपी की पता तलाश के लिए टीम गठित कर आरोपी के छिपने के संभावित स्थानों पर तलाश किया गया। आरोपी भागने के फिराक में था, जिसे गांव वालों की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया।

**उरगा थाना क्षेत्र के गिधौरी गांव का मामला**

## एक ही परिवार के सात लोग हुए फूड पॉइजनिंग के शिकार, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा में एक ही परिवार के सात लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए, जहां एक चार साल की मासूम बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई, वहीं दो की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है जिन्हें जिला मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। पूरा मामला उरगा थाना क्षेत्र के गिधौरी गांव का है जहां श्रवण कुमार का परिवार निवास करता है उसकी पत्नी राजकुमारी दो बेटा और एक बेटी हैं।

रविवार को पति पत्नी और बच्चे समेत पड़ोस में रहने वाले दो और बच्चे एक साथ रोटी और चाय का सेवन किया इसके कुछ घंटे बाद ही धीरे-धीरे उल्टी और मुंह से झाग निकलने लगा। एक के बाद एक सभी की हालत बिगड़ने लगी इसकी सूचना 112 और 108 को दी गई जहां मौके पर पहुंची संजीवनी वहां के माध्यम से सभी को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

इस घटना में श्रवण कुमार की इकलौती बेटी चार वर्षीय अमृता कंवर और बेटे अनंत कंवर की मौत हो गई है। वहीं उसकी पत्नी राजकुमारी, बेटा देवव्रत कुमार और भाई के दो बच्चे सेमकरण कंवर, तेजस्विनि कंवर जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।



पीड़ित परिवार के परिजन वृंदा कंवर ने बताया कि उसे सूचना मिलने पर वह जिला मेडिकल कॉलेज पहुंची जहां जानकारी मिला कि सभी ने एक साथ रोटी और चाय का सेवन किया था इसके बाद तबीयत बिगड़ने लगी और अस्पताल में भर्ती किया। जिला मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर जीएस कंवर ने बताया कि एक ही परिवार के सात लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हुए हैं सभी का इलाज तत्काल शुरू कर दिया गया है। कोरबा लोकसभा की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने जिला अस्पताल पहुंचकर सभी प्रभावितों का हाल जाना। सांसद ने मृतक मासूम अमृता व आनंद के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

**सीएम डॉ.यादव ने रतलाम में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा-**

## सबका साथ-सबका विकास के सूत्र वाक्य पर चलते हैं पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। 2024 का लोकसभा चुनाव कार्यकर्ताओं की ताकत से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की विशेषता है कि वह छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को सम्मान देती है। भाजपा का कार्यकर्ता होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात रतलाम के रूद्र पैलेस में प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

**खास बातें**

- कार्यकर्ताओं की ताकत से सभी सीटें जीतेगी भारतीय जनता पार्टी
- भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल

### भाजपा का परिवार लगातार बढ़ रहा है: सीएम डॉ. मोहन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद कई विकास और लोककल्याणकारी कार्य किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ-सबका विकास के सूत्र वाक्य पर चलते हैं और हमें भी प्रदेश को आगे ले जाना है। भाजपा का परिवार लगातार बढ़ रहा है और हमें सबको साथ लेकर चलना है।

### *गरीबों का अपमान नहीं सहेगी भाजपा सरकार*

*मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों का अपमान किसी को करने नहीं दिया जाएगा और बहनों के मान-सम्मान में भी कोई कमी नहीं आएगी। भाजपा की सरकार गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों की सरकार है। हर कार्यकर्ता को मोदीजी बनना है और घर-घर जाकर भाजपा के लिए वोट मांगना है। आप खुद को प्रत्याशी समझकर चुनाव लड़ेंगे तो निश्चित रिकार्ड मतों से जीतेंगे।*


**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा बोले-**

## कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी गुलाल लगाएंगे, मोदी की राम-राम पहुंचाएंगे, 64523 बूथों पर होगा होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के सभी 64523 बूथों पर 25 मार्च को होली मिलन आयोजन करेगी। पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर बूथ समिति, पन्ना प्रमुखों व वरिष्ठ कार्यकताओं के साथ होली मिलन का कार्यक्रम करेंगे।

कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को मोदी गुलाल लगाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से लोगों को होली की राम-राम कहेंगे। होली मिलन का यह अभियान प्रदेशभर में होली के असर पर चलाया जाएगा। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कही। शर्मा ने कहा कि बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले होली मिलन अभियान में मोदी गुलाल' भी होगा और गुजिए भी होंगे। भाजपा एक परिवार है और हम सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवार हैं।



## चिंतन

# होली के समरसता संदेश से सीखे देश की राजनीति

इस बार महापर्व होली इस समय है, जब देश भी लोकतंत्र का महापर्व मना रहा है। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा हुआ है, चुनाव प्रक्रिया जारी है, यूं तो इस बार लंबी प्रक्रिया है, लेकिन देश के दलों को, देश की राजनीति को और देश के नेताओं को रंगोत्सव होली के सदभाव, सौहार्द व भाईचारा संदेश पर अमल करने की सबसे अधिक जरूरत है। होली सदभाव व भाईचारे का त्योहार है, सामाजिक प्रेम, पारिवारिक प्रेम की अभिव्यक्ति का त्योहार है। हाल के दशक में भारतीय राजनीति में कटुता, वैमनष्यता और मनभेद जैसी बुराइयां बढ़ती गई है। न संसद में स्वस्थ बहस होती है, न विरोध की सीमा रही है, न नेताओं की भाषा की मर्यादा रही है, न राजनीतिज्ञों के बीच सदभाव व प्रेम रह गए हैं, सभी दल एक दूसरे के प्रति वैचारिक मतभेद के बजाय मनभेद पाले रहते हैं, अपने भाषणों में नेता अपने प्रतिद्वंद्वियों के लिए अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं। देश में राजनीतिक माहौल इतने खराब हो गए हैं कि इससे देश के सामाजिक माहौल बिगड़ने लगे हैं। राजनीतिक वैमनष्यता के चलते देश में सामाजिक असहिष्णुता बढ़ती गई है। देश में पहले से ही सामाजिक विसंगतियां हैं, जाति-उपजाति व धार्मिक खांचे में सामाज में विभाजन है, ऐसे में अगर राजनीतिक विभाजन भी बढ़ता जाएगा तो राष्ट्र की एकता, अखंडता, सामाजिक समरसता आदि खतरे में पड़ सकते हैं। होली जैसे त्योहार सभी नागरिकों को आपसी मतभेद मिटाकर प्रेम से जीने के सामाजिक संदेश देते हैं। संयोग की बात है कि अभी रमजान का पाक महीना भी चल रहा है, इस त्योहार का संदेश भी सामाजिक भाईचारा बढ़ाने का है। रमजान की समाप्ति पर देश में ईद मनाई जाएगी, उस दौरान भी देश में लोकसभा चुनाव जारी रहेगा। ऐसे में देश के नेताओं को होली व ईद से सामाजिक सौहार्द व भाईचारा सीखने की जरूरत है। अपनी संकुचित राजनीति के लिए अगर कोई नेता, या दल सामाजिक व धार्मिक विभाजन को बढ़ावा देता है, तो आवाम को ऐसे नेता, ऐसे दल का बहिष्कार करना चाहिए। लोकतंत्र के असली सूत्रधार नागरिक हैं, इसलिए नागरिकों में राष्ट्रीय मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति चेतना होनी चाहिए। नागरिकों में यह समझ होनी चाहिए कि नेता व दल अगर गलत बोल रहे हैं, गलत कर रहे हैं, तो ऐसों को किनारा करना जरूरी है। नागरिक अपने क्षेत्र, परिवार, समाज, देश आदि के प्रति जितना अधिक सचेत होंगे, गलत लोग लोकतांत्रिक सिस्टम से उतने बाहर होंगे। इसलिए होली का समाज को जोड़कर रखने का संदेश देश की राजनीतिक, दलों, नेताओं व नागरिकों, सबके लिए अनुकरणीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए। पीएम के संदेश व्यापक अर्थ में है, इस अर्थ के मर्म को सरकार को भी समझना चाहिए, सत्ता पक्ष को भी समझना चाहिए, विपक्ष को भी समझना चाहिए, देश की राजनीति को भी समझना चाहिए और सभी स्वायत्त निकायों को भी समझना चाहिए। आज देश में राजनीतिक सदभाव, राजनीतिक भाईचारा, राजनीतिक समरसता, स्वस्थ राजनीति की अधिक जरूरत है। होली के बहाने देश की राजनीति के रंग को सौहार्दपूर्ण बनाने की जरूरत है और सामाजिक व सांस्कृतिक समरसता बढ़ाने की आवश्यकता है।

# होली के बहाने फूहड़ता न हो



होली पर्व

डॉ. विनोद कुमार यादव

> होली पर्व का सीधा संबंध मनुष्य-जीवन की जीवंतता से है। होली एकमात्र ऐसा महोत्सव है, जिसमें परंपरागत रीति-रिवाज, पौराणिक मान्यताएं, फाग की मस्ती और होरी-गायन सब रंग मौजूद हैं। दुनिया के तमाम मुल्कों में जितने पर्व मनाए जाते हैं, उनमें होली जैसा निराला उत्सव ढूंढने से भी नहीं मिलता। ब्रजमंडल के बरसाना व नंदगांव को होली-सेलिब्रेशन का कुंभ माना जाता है। गिले-शिकवे त्यागकर निश्छल अपनापन और मैत्री को विस्तार देने वाला त्योहार और दूसरा नहीं है। हमें मिलकर गंभीरता से सोचना चाहिए कि होली के सुअवसर पर किसी न किसी बहाने फूहड़ता और अश्लीलता फैलाने वालों पर लगाम कैसे कसी जाए।

होली पर्व का सीधा संबंध मनुष्य-जीवन की जीवंतता से है। असलियत में होली के सेलिब्रेशन में इतनी समग्रता मौजूद है कि इसके रंगों में तमाम तरह के भेदभाव, पुरानी कटुता, वर्जनाएं व पूर्वाग्रह घुलकर मस्ती भरे मैत्री-अनुराग में तब्दील हो जाते हैं। होली के रंग शरीर के अलावा आत्मा को भी भिगोते हैं। होली एकमात्र ऐसा महोत्सव है, जिसमें परंपरागत रीति-रिवाज, पौराणिक मान्यताएं, फाग की मस्ती और होरी-गायन सब रंग मौजूद हैं। दुनिया के तमाम मुल्कों में जितने पर्व मनाए जाते हैं, उनमें होली जैसा निराला उत्सव ढूंढने से भी नहीं मिलता। दरअसल, राग-रंग, प्रेम और सौहार्द का यह पर्व वसंत ऋतु का संदेशवाहक भी है। वसंत ऋतु के फागुन मास में जब पूरा प्राकृतिक परिवेश नए सृजन से सज धजकर, रंग-बिरंगे फूलों की छटा बिखेरता हुआ मदमासी बयार से स्त्री-पुरुषों के चित्त को स्पर्श करता है तो यह एहसास होने लगता है कि होली के उत्सव का आगाज हो चुका है।

गौरतलब है कि ब्रजमंडल के बरसाना व नंदगांव को होली-सेलिब्रेशन का कुंभ माना जाता है। असल में कृष्ण का व्यक्तित्व बहुआयामी है। उनका पूरा जीवन संघर्षों से भरा पड़ा है, इसके बावजूद भी वह जिंदगी के हरेक पड़ाव का पूरा लुफ्त उठाते हैं, और पूरे फागुन महीने तक नंदगाव से बरसाना राधा व उसकी सखियों से हास-परिहास करने, रास-रंग खेलने व फागुनी मस्ती करने आते हैं। आज भी नंदगांव के पुरुष हुरियारे बनकर कृष्ण के प्रतिनिधि के तौर पर बरसाने की महिलाओं से पानी की बाल्टी में घुली हुई पीली मिट्टी से व लट्ठमार होली खेलने आते हैं, और तमाम तरह के जातिगत व लिंग आधारित भेदभावों को दरकिनार करते हुए होली के रस-रंग में डूबे रहते हैं, और खुशी-खुशी ब्रजनारियों की लाठियों के प्रहारों को सहते हुए यह लोकगीत गाते हैं- 'फाग खेलने बरसाने आए नटवर नंदकिशोर। छाय रही छवि घटा रंगीली, ढोल-मृदंग बजाए हैं बंशी की घनघोर। बरसाने की लट्ठमार होली का आयोजन एक तरह से पुरुष-प्रधान समाज में पुरुषों के वर्चस्व को तोड़ते हुए समाज में महिलाओं की मजबूत स्थिति का परिचायक है। दरअसल, कृष्ण पहले समाज-सुधारक हैं, जो इस उत्सव के आयोजन के बहाने नारी जाति को उन सामाजिक बंधनों से मुक्ति दिलाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं, जिनकी वजह से नारीशक्ति अबला बनकर बेचारगी की जिंदगी बसर कर रही थी। कृष्ण ऐसे प्रखर मनोचिकित्सक भी हैं, जो यह भली भांति समझते हैं यदि स्त्री-पुरुषों के अवचेतन में वर्षभर के दौरान संग्रहीत होने वाले कामजनित भावों को विरेचन का पर्याप्त अवसर न मिले तो समाज में कदाचार फैलता है, लोगों के पथभ्रष्ट होने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए ब्रजमंडल की महिलाओं और पुरुषों ने फागुनी मस्ती में तमाम वर्जनाओं को दरकिनार कर, स्वच्छंद होकर 'गालियों' को भी इस पर्व की परंपरा से जोड़ा है। कृष्ण गोपियों के साथ उधम मचाकर उन्हें गालियां देने के लिए विवश करते हैं, गोपियां गीत गाती हुई कहती हैं-'मत मार श्याम पिचकारी, अब देऊंगी तोय गारी'। होली की ऐतिहासिकता यह दर्शाती है कि इसकी मदहोशी के रंगों



से सिर्फ वही तरबतर होता है जिसने खोखली धर्मांधता और अतिवादी सोच को तिलांजलि दे दी है। जीवन के रंग और जीने के ढंग के लिए जरूरी है होली जैसी उत्सवधर्मिता। होली के इस निराले स्वरूप का भरपूर मजा मुगल बादशाहों ने भी लिया।

इतिहास में भी दर्ज है कि अकबर फागुन का महीना शुरू होते ही रंगोत्सव की तैयारी प्रारंभ करवा देता था। होली के दिन अकबर के दरबान सोने- चांदी के बड़े- बड़े कलशों को केसर और टेसू का रंग घोलकर भर देते, और दिनभर बादशाह महल के परिसर में अपनी बेगमों व सगे-संबंधियों से रंगों की होली खेलने में व्यस्त रहता, तमाम हिंदू-मुस्लिम मेहमानों का स्वागत उम्दा ठंडाई व मिठाइयों से किया जाता। जहांगीर भी अपने महल में होली के अवसर पर महफिल-ए-होली उत्सव का आयोजन करता था, इस मौके पर मुशायरा और कव्वालियों की महफिल सजती थी। इतना ही नहीं मुगल शासक शाहजहां होली को ईद-ए-गुलाबी यानी रंगों की बौछार के रूप में धूमधाम से मनाता था। मुगलकालीन इतिहास से ज्ञात होता है कि होली के अवसर पर लाल किले के पिछवाड़े यमुना नदी के किनारे होली के अवसर पर पारस्परिक सौहार्द के प्रतीक के रूप होली-मिलन मेले का आयोजन होता था। दरअसल, अतीत की परंपरागत व पुरातनपंथी मान्यताओं से हटकर, होली हर्षोल्लास, हास-परिहास व मदमस्त होकर नर्तन करता हुआ एक ऐसा सतरंगी उत्सव है जो मथुरा के ब्रजमंडल तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्व भारत के सुदूर पूर्वी प्रांतों-मणिपुर, असम, नगालैंड व मेघालय से लेकर कैरीबियन देशों-गुआना, सूरीनाम, ट्रिनिडाड व टोबैगो में बड़ी धूमधाम और मौज मस्ती के साथ मनाया जाता है।

गौरतलब है कि कैरिबियन देशों में सूरीनाम की 37 फीसदी आबादी और गुआना की 33 फीसदी आबादी हिंदू है। असलियत में होली का त्योहार अपने भीतर इतनी जीवंतता लिए हुए है कि इसकी उत्सवधर्मिता को किसी विशेष जाति, धर्म या राष्ट्र की परिधि में बांधना बेहद मुश्किल है। होली के दिन गुआना में नेशनल होलिडे रहता है, और उत्तर प्रदेश व बिहार की शैली में गुआना के शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक यहां के निवासी अबीर-गुलाल, रंग- पिचकारी, नृत्य और संगीत के जरिये 'फगुआ' मनाते हैं। दरअसल, गुआना व सूरीनाम के प्रवासी हिंदुस्तानियों के वंशज 19वीं सदी में गिरमिटिया मजदूर के तौर पर उत्तर प्रदेश व बिहार से वहां जाकर बसे थे। ट्रिनिडाड व टोबैगो में भी होली का आयोजन भारतीय अंदाज में होता है। होली की मस्ती का आलम कैरिबियाई देशों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि नेपाल व श्रीलंका में में लोग अबीर-गुलाल, व पिचकारी में रंग भरकर फाग खेलते हैं।

थाईलैंड के बौद्ध समाज में होली मनाने का ढंग बिल्कुल हिंदुस्तानी है, बस यहां की बौद्ध सोसायटी मंक होली पालि में एक अलग नाम 'सांग्क्रान' के रूप में पॉपुलर है। इस अवसर पर थाईलैंड के निवासी एक-दूसरे पर रंगों की बौछार करते हैं और मठों में जाकर भिक्षुओं को दान देते हैं। नेपाल की तराई में होली फाल्गुन पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, नेपाल में होली मनाने का तरीका ठीक उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान जैसा ही है, जिस तरह से भारत के इन प्रांतों में होली का आगाज फाल्गुन पूर्णिमा से आठ दिन पहले गांव के बीच में एक स्थान विशेष पर लकड़ी का डंडा गाड़कर होता है, जिसे स्थानीय भाषा में होली का डंडा कहा जाता है। वैसे ही नेपाल में एक तालाब के किनारे होली से आठ दिन पहले होली का डंडा गाड़ कर इस उत्सव की तैयारी शुरू हो जाती है। गिले-शिकवे त्यागकर निश्छल अपनापन और मैत्री को विस्तार देने वाला त्योहार और दूसरा नहीं है। हमें मिलकर गंभीरता से सोचना चाहिए कि होली के सुअवसर पर किसी न किसी बहाने फूहड़ता और अश्लीलता फैलाने वालों पर लगाम कैसे कसी जाए।

(लेखक सामाजिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विशेष

डॉ. घनश्याम बादल




# बचाने होंगे मर्यादा के रंग

अपनत्व और खुशी के रंगों से सराबोर करने की परम्परा का नाम है होली। सही मायनों में समझें तो होली केवल रंग बिखेरने या गुलाल लगा देने भर का त्यौहार नहीं वरन वैर भाव को धो डालने वाला जश्न है। ऐसा जश्न जो ऊंच-नीच, बड़े-छोटे, अपने-पराए के अंतर को मिटा देता है। यदि ऐसे हम होली मनाते हैं तो वह अंग्रजी का 'होली ' यानी पावन पर्व बन जाता वरना तो बस परंपरा निवर्हण मात्र है। यह कैसी होली! एक निगाह डालिए अपने चारों तरफ क्या सच में हम अनुराग और प्रेम की होली मना रहे हैं ? क्या किसी भी तरह से हम मिथकों में वर्णित प्रहलाद रूपी भक्ति व भलाई को जला देने के लिए अपने वरदान का दुरुपयोग करने वाली होलिका का दहन अपने मन से कर पा रहे हैं? क्या हम चाहते हैं कोई पड़ोसी या अजनबी हमारे घर होली पर आए? हमारी बहनों, भाभियों या बहू बेटियों के साथ रंग खेले? शायद नहीं। अब नहीं क्यों? इसका जवाब भी हम जानते ही हैं। अगर होली को सच में 'होली भाव' से मनाने की मानसिकता हम विकसित कर लें तो बहुत सी अनैतिकता की बीमारियां तो स्वयमेव ही जल जाएंगी। अब होली जैसे रंग, मस्ती और प्रेम के पर्व यूं ही नहीं बनाए गए थे। हमारी संस्कृति में पर्व हमें अपनों और प्रकृति के समीप लाने का मौका देते थे। एक समय था जब होली के पर्व से करीब सवा महीने पहले वसंत पंचमी को होली का उपला रख दिया जाता था। फिर गांव गलियों में मस्तों की टोलियां 'फगवा' 'कामण' या 'धमाल' गाते हुए घर-घर जाती और होली का ईंधन इकट्ठा करती थी। इसका भी एक सबब था सबका सहयोग लेना सबका योगदान पाना और इकट्ठे होकर मन के सारे पापों, गिले शिकवों को होली की आग में जला डालना होता था तब होली का मतलब। आज क्या है सोचिए। चलिए चालीस, पचास या साठ के दशक की होली की एक झलक की कल्पना करें। फगवा के गीतों के नाम पर कितनी गालियां बरसती थी तब पर कोई बुरा नहीं मानता था, क्योंकि तब ये गालियां प्रेम पगी होती थी। मन के साफ गंगाजल से नहा कर आती थी। उनमें खुन्नस या किसी के अपमान का भाव नहीं, अपनापन था। अलग प्रदेशों में अलग अलग ढंग से होली आधार की स्थापना की जाती है पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पांच उपले रख कर तो राजस्थान के जयपुर, सीकर, चुरु व झुंझुनूं सहित शेखावाटी में एक मोटा डंडा गाड़ कर प्रहलाद के रूप में होलिका का आधार रखा जाता है और फिर प्रतिदिन सवा महीने तक प्रतिदिन ईंधन जमा करके लोकगीत व नृत्य 'गींदड़' आयोजित किए जाते हैं डांडिया रास से मिलता जुलता नृत्य और मुंह में दो अलगोजे लेकर जब वातावरण में मधुर स्वर लहरी गूंजती है तो पूरा वातावरण ही सरस हो उठता है। वैसे ऐसा भी नहीं है कि होली के नाम पर बस गंदगी हो आज भी कुछ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध इलाकों में वहां के लोग होलिका के पर्व की महत्ता को जानते हैं। यही वजह है कि आज भी बृज की लठ्ठमार होली, बस्तर की पत्थरमार होली, हरियाणा की कोड़ामार होली, राजस्थान की गाढ़े गुलाबी रंग की 'गैर' मथुरा की राधाकृष्ण होली व पंजाब के होलामहला का रंग आज भी सर चढ़कर बोलता है और वातावरण में 'होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे बजा दे बांसुरी जैसे सुमधुर गीत सुनाई देते हैं। होली जहां एक और मनोविकारों के दहन का पर्व माना जाता है वहीं ओझा, तांत्रिक व टोने -टोटके वाले भी इस दिन मायाजाल फैलाते हैं, इसलिए इस दिन अपने बच्चों का खास ख्याल रखना जरूरी है। उत्तर भारत के बहुत से गांवो में आज भी उल्लास के साथ न केवल होलीपूजन होता है वरन वहां अब भी रात में होली के गीत की गूंजते हैं। होलिका को सूत की डोर से बांधकर हल्दी, बेर, बताशे आदि से पूजा जाता है और रात्रि में शुभ मुहुर्त में होलिका दहन किया जाता है। वहां आज भी माना जाता है कि होलिका के दहन करने से मनुष्य के सारे पाप उसकी अग्नि में जल जाते हैं। आज के ही दिन नए अनाज की प्रथम आहुति भी अग्निदेव को अर्पित करते हैं, मगर खेद का विषय है कि होलिका के पर्व का असली जश्न अब वाले उन्ही अंचलों में रह गया है जहां अभी भौतिक प्रगति के पांव पूरी तरह से नहीं पड़े हैं। अधिकांश क्षेत्रों में तो होलिका का पर्व हो-हुल्लड़ या फिर धींगा मस्ती का पर्याय बन कर रह गया है। रंगों की जगह कैमिकल्स, गोबर कीचड़ व अन्य हानिकारक पदार्थों ने होली की गरिमा को लगातार कम किया है वहीं बढ़ती शराबखोरी, भांग व ड्रग्स का इस्तेमाल इस पावन पर्व को अपवित्र कर रहा है। होली के बहाने छेड़छाछ.व अश्लीलता पर रोक लगाने का प्रयास अगर नहीं किया गया तो होली का आनंद व पर्व दोनों ही संकट में पड़ जाएंगे। होली के मान, मर्यादा व मस्ती के बीच संतुलन बनाना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शांति से सभी दुखों को खत्म किया जा सकता है



संकलित

## दर्शन

हम स्वयं शांति के सर्वश्रेष्ठ प्रहरी हैं। हमें कोई दूसरा व्यक्ति या वस्तु या स्थान शांति दे सकता है, यह एक काल्पनिक विचार है। हम स्वयं शांति से रह सकते हैं और दूसरों को भी शांतिपूर्वक रख सकते हैं। शांति एक मानवीय गुण तो है ही, लेकिन यह आत्मिक शक्ति है। शांति सभी सुखों की मूल है। इससे सभी वैभव एवं ऐश्वर्य की पूर्ति संभव है। शांति द्वारा सभी दुखों का शमन किया जा सकता है। इससे हर रोग का निदान होता है। शांति का माध्यम सभी समस्याओं का समाधान तैयार करता है। शांति ही देश का निर्माण करती है, वहीं अशांति से देश का पतन आरंभ होता है। शांति और अशांति के बीच समाज, समुदाय, वर्ग, कौम, जाति और संस्थाएं गतिहीन हो जाती हैं। देश की उन्नति, विकास और पुनर्निर्माण के लिए शांति का वातावरण अनिवार्य है। शांति एक शब्द मात्र नहीं है। शांति को मन मंदिर में बसाने वाले लोग देव तुल्य होते हैं। इसलिए स्वयं भी शांति के प्रहरी बनिए और दूसरों को भी शांति दूत बनाइए। यही संसार के मंगल का भेद है। शांति से बड़ी कोई दौलत नहीं है। परिवार में शांति एक वट वृक्ष की तरह है, जिसकी छाया में आनंद की अनुभूति पाई जा सकती है। अशांति कालांतर में अग्नि के समान जीवन के हर अंग को भस्म कर देती है। मानवता का मूल इसी शांति के गर्भ में स्थिर है। यदि जीवन को सुख और वैभव से संपन्न करना हो तो निश्चित ही शांति की पूजा करनी होगी।

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

## प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वन हैं तो हम हैं

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया गया। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। तब से हर वर्ष की 21 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि अब वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।

**- रमेश त्यागी**, महासमुंद

## करंट अफेयर

# गाजा में सहायता भेजने की आवश्यकता है : गुतारेस



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने गाजा जाने का इंतजार कर रहे ट्रकों की लंबी कतार के पास खड़े होकर शनिवार को कहा कि यह गाजा को अधिक से अधिक मात्रा में जीवनरक्षक सहायता देने का समय है और उन्होंने इजराइल एवं हमास के बीच तत्काल संघर्ष विराम का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा के रफह शहर के निकट मिस्र की सीमा में यह बात कही। इजराइल तमाम चेतावनियों के बावजूद रफह में जमीनी हमला शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। गाजा की आधी से ज्यादा आबादी ने वहां शरण ले रखी है। गुतारेस ने कहा कि आगे कोई भी हमला हालात को और भी बदतर बना देगा। उन्होंने कहा कि हालात सिर्फ फलस्तीनी नागरिकों के लिए बदतर नहीं होंगे, बल्कि बंधकों और क्षेत्र के सभी लोगों के लिए भी बदतर होंगे। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल संघर्ष विराम के लिए अमेरिका प्रयोजित प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनने के एक दिन बाद यह बात कही। गुतारेस ने गाजा में सहायता सामग्री पहुंचाने में आ रही दिक्कतों को बार-बार रेखांकित किया जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय राहत एजेंसी इजराइल को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। उन्होंने कहा, 'हम मायूसी देख रहे हैं.. सीमा के एक ओर रुके हुए ट्रकों की लंबी कतार है और दूसरी तरफ भुखमरी का साया।'

## ऑफ बीट

# तापमान बढ़ने से दक्षिण की और जा रही प्रजातियां



पारिस्थितिकी विज्ञानियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों में से एक यह समझना है कि जलवायु के तेजी से बदलने के साथ पारिस्थितिकी तंत्र कैसे बदलेगा। हम पहले ही देख रहे हैं कि पौधों और पशुओं की कई प्रजातियां बढ़ते तापमान के कारण ऊपरी स्थानों और ध्रुवों की ओर जा रही हैं। इसकी बहुत ज्यादा संभावना है कि ज्यादातर प्रजातियां अपने पसंदीदा तापमान वाले स्थानों की तलाश में निकलेंगी। लेकिन अजीब बात यह है कि कई प्रजातियां मौजूदा तापमान से कहीं अधिक तापमान में भी जीवित रह सकती हैं। हम अभी तक पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं कि तापमान पारिस्थितिकी तंत्र को इतनी दृढ़ता से क्यों प्रभावित करता है। इस पहेली पर प्रकाश डालने के लिए हमारे नए शोध में ऑस्ट्रेलियाई पौधों की नयी श्रृंखला का इस्तेमाल किया गया और प्रत्येक प्रजाति की न्यूनतम व अधिकतम तापमान प्राथमिकताओं की गणना की गयी है। ये आंकड़े हमें बताते हैं कि औसतन वार्षिक तापमान में 15 डिग्री सेल्सियस से 16 डिग्री सेल्सियस तक बदलाव के कारण कितनी प्रजातियां खो चुकी हैं या पैदा हुई हैं। परिणाम आश्चर्यजनक हैं। ऑस्ट्रेलिया के नमी वाले पूर्वी तट में तापमान में 1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने पर औसतन 19 फीसदी और प्रजातियां मिली और 14 प्रतिशत प्रजातियां लुप्त हो गयीं।

## ट्रेंड

### तत्काल रिहाई का समय



गाजा के लोगों पर भय और भुखमरी का संकट मंडरा रहा है। कोई भी और हमला सब कुछ बदतर बना देगा। फ़िलिस्तीनी नागरिकों के लिए, बंधकों के लिएइससे भी बदतर। यह तत्काल मानवीय युद्धविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का समय है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### ऐसा नहीं होने दूंगा



डोनाल्ड ट्रंप अफोर्डेबल केयर एक्ट को रद करने से सिर्फ एक वोट दूर थे।अब, वह इसे "समाप्त" करने के लिए फिर से प्रयास करने और मेडिकेयर और सामाजिक सुरक्षा में कटौती करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### हिस्सेदारी न्याय लाई कांग्रेस



कांग्रेस पार्टी हिस्सेदारी न्याय क्यों लाई है? भारत के एक प्रतिशत सबसे अमीर लोग राष्ट्रीय आय का 22.6 प्रतिशत का लुत्फ़ उठाते हैं। ये मोदी सरकार में हुआ है। 2014 और 2022 के बीच अरबपतियों की नेट संपत्ति 280% से अधिक बढ़ी है।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### रामलीला मैदान गवाह बनेगा



इंडिया यानी भारत एकजुट होकर केजरीवाल की राजनीतिक गिरफ्तारी का विरोध करेगा। सभी भारतीय दल 31 मार्च को एक संयुक्त मेगा रैली आयोजित करेंगे। रामलीला मैदान लोकतंत्र को बचाने एकजुटता के साथ खड़े होने के लिए लाखों लोगों को एक साथ आने का गवाह बनेगा।

-राघव चड्ढा, आप सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 2 मौजूदा सांसदों का काट दिया टिकट और दल बदलकर पार्टी में आए 2 नेताओं को दिया टिकट, भाजपा 17 सीटों पर लड़ रही लोकसभा चुनाव

## जेडीयू ने 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की

### जद(यू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने की घोषणा, पार्टी को गठबंधन में मिली थीं इतनी ही सीटें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के सीएम नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने अपने 16 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। जेडीयू ने दो मौजूदा सांसदों का टिकट काटा है और दल बदलकर पार्टी में आए दो नेताओं को टिकट दिया है। जद(यू) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह ने पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में यहां यह घोषणा की। भाजपा बिहार में 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है, वहीं जदयू को 16 सीटें गठबंधन के तहत मिली हैं।

चिराग पासवान की पार्टी को 5 सीट, जीतन राम मांझी की पार्टी को एक सीट और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को भी एक सीट मिली है। जेडीयू ने पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग के 11 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। 3 सवर्ण जाति को टिकट दिया है। 1 अल्पसंख्यक और 1 हरिजन जाति को टिकट दिया है। काराकाट से महाबली सिंह, गया से विजय मांझी, सीतामढ़ी से सुनिल कुमार पिंटू, सिवान से कविता सिंह का नाम कट गया है उनकी जगह पर राजलक्ष्मी कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया गया है।

### इन संसदीय क्षेत्रों की घोषणा की

जेडीयू कैंडिडेट्स लिस्ट शिवहर, सीतामढ़ी, वाल्मीकिनगर, सुपौल, मधेपुरा, जहानाबाद, सीवान, गोपालगंज, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, मुंगेर, बांका, भागलपुर, नालंदा और झंझारपुर सीटें शामिल की गई हैं। जदयू लिस्ट के अनुसार शिवहर से लवली आनंद, सीतामढ़ी से देवेश चंद्र ठाकुर, वाल्मीकिनगर से सुनील महतो, सुपौल से दिलेश्वर कामत, मधेपुरा से दिनेश चंद्र यादव, जहानाबाद से चंदेश्वर प्रसाद, कटिहार से दुलालचंद गोस्वामी, मुंगेर से ललन सिंह, बांका से गिरधारी यादव, भागलपुर से अजय मंडल, नालंदा से कौशलेंद्र कुमार और झंझारपुर से रामप्रीत मंडल, सीवान से विजयालक्ष्मी देवी, गोपालगंज से आलोक सुमन, पूर्णिया से संतोष कुशवाहा और किशनगंज से मास्टर मुजाहिद आलम को पार्टी ने मौका दिया है।

एनडीए का घटक दल है जनता दल यूनाइटेड

चिराग पासवान की पार्टी को यहां 5 सीटें दी गईं माझी को एक

उपेंद्र कुशवाहा को भी एक सीट गठबंधन के तहत मिली



## यूपी की 25 सीटों के लिए बसपा ने किया नामों का ऐलान

बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश की लोकसभा सीटों के लिए कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया है। बीएसपी कैंडिडेट्स



लिस्ट जिन सीटों के जारी की गई है उनमें सराहनपुर, कैराना के साथ ही मुजफ्फरनगर, बिजनौर समेत 16 लोकसभा सीटें शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के लिए बीएसपी ने रामपुर सीट से मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट दिया है। बसपा ने आज ही 25 नामों की दो सूची जारी कर दी। इसमें पार्टी ने कैंडिडेट्स लिस्ट में गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, सहारनपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 16 सीटों के लिए कैंडिडेट्स के नाम घोषित किए हैं।

### किसे कहां से मौका?

बसपा ने बागपत से प्रवीण बंसल, गौतमबुद्ध नगर से राजेंद्र सिंह सोलंकी, बुलंदशहर से गिरीश चंद्र जाटव, सहारनपुर से माजिद अली, कैराना से श्रीपाल सिंह, मुजफ्फरनगर से दारा सिंह प्रजापति, बिजनौर से विजेंन्द्र सिंह, नगीना से सुरेंद्र पाल सिंह, मुरादाबाद से मोहम्मद इरफान सैफी, अमरोहा से मुजाहिद हुसैन, मेरठ से देववृत्त त्यागी, रामपुर से जीशान खां, सम्भल से शौलत अली, आंवला से आबिद अली, शाहजहांपुर से दोदराम वर्मा पीलीभीत से अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को टिकट दिया है।

### 7 मुस्लिम प्रत्याशी होने से इंडिया गठबंधन का बिगड़ेगा खेल

बसपा द्वारा पहली सूची जारी करने से चंद घंटों पहले कांग्रेस ने भी अपनी पहली सूची जारी की थी। दोनों दलों के इस फैसले से उनके बीच गठबंधन होने के कयास खत्म हो चुके हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती के इस फैसले से साफ हो गया है कि बसपा सपा- कांग्रेस गठबंधन को कड़ी चुनौती देने जा रही है। 7सीटों पर मुस्लिम वोटों का बंटवारा त्रिकोणीय मुकाबला होने का स्पष्ट संदेश दे रहा है।

## पुनर्विचार करें, आंबेडकर का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण



### गठबंधन टूटते ही राउत बोले

लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल मचती दिख रही है। वंचित बहुजन अघाड़ी प्रमुख प्रकाश आंबेडकर कह चुके हैं कि उद्धव शिवसेना के साथ गठबंधन अब अस्तित्व में नहीं है। अब उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने इस निर्णय को एकतरफा और दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा है कि आंबेडकर को इस बारे में पुनर्विचार करना चाहिए। राउत ने कहा उद्धव और आंबेडकर ने गठबंधन का ऐलान किया था।

### 26 मार्च को ऐलान करेंगे आंबेडकर

आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन अघाड़ी ने महा विकास अघाड़ी के तीन सहयोगियों- शिवसेना (उद्धव बाल ठाकरे), कांग्रेस और राकांपा (शरद चंद्र पवार) के साथ हाथ मिलाने पर विचार किया। यहां पेंच यह फंसा सीट बंटवारे को लेकर बातचीत से कोई निर्णय नहीं निकला। आंबेडकर ने कहा कि वह 26 मार्च को अपने अगले कदम का ऐलान करेंगे।

### महाविकास अघाड़ी में आंतरिक कलह उजागर

उन्होंने वंचित बहुजन अघाड़ी और महा विकास अघाड़ी के बीच बातचीत को लेकर सीधा जवाब नहीं दिया। आंबेडकर ने यह भी दावा किया कि महाविकास अघाड़ी के सहयोगियों में आंतरिक कलह खत्म नहीं हो रही है। उन्हें कभी भी 4सीटों का प्रस्ताव नहीं दिया गया। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और राकांपा (शरद पंवार) के रवैए को लेकर भी नाराजगी जताई थी। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में 7 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस को समर्थन देने की बात भी कही थी।

## वायुसेना के पूर्व प्रमुख भदौरिया भाजपा में शामिल

भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (रिटायर्ड) आरकेएस भदौरिया रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में पार्टी का दामन थामा। उनके साथ ही तिरुपति के पूर्व सांसद वरप्रसाद राव ने भी केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अपने इस फैसले पर भदौरिया ने पीएम मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई नेताओं का शुक्रिया जताया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली रहा हूं कि अपनी जिंदगी के 40 साल से ज्यादा भारतीय वायुसेना के लिए काम कर पाया। ये एक बहुत बड़ा गौरव का विषय रहा है। इस दौरान सबसे स्वर्णिम अवसर वह रहा है, जो कि मेरी सेवा के पिछले 8 से 10 वर्षों में इस पार्टी की सरकार की तरफ से जो



कठोर कदम उठाए गए, भारतीय सेनाओं को मजबूत करने के लिए, आत्मनिर्भर करने के लिए। आधुनिकीकरण के लिए जो कदम उठाए गए, उनसे हमारी सेनाओं में क्षमता विकसित हुई है। इसके साथ ही सेनाओं में एक नया आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर बनने का जो क्रम शुरू हुआ है। इसके धरातल पर प्रभाव भी दिखने लगे हैं। इससे हमारे पास स्वदेशी क्षमताएं भी आएंगी।

## कालीकट विवि के पूर्व कुलपति सलीम का बड़ा कथन

### भाजपा से कब तक दूर रहेंगे मुसलमान? मोदी सरकार लंबे समय तक रहेगी



कालीकट विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एम अब्दुल सलाम भाजपा के लगभग 290 उम्मीदवारों में से एकमात्र मुस्लिम चेहरा हैं, जिनकी पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए अब तक घोषणा की है। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलाम को केरल की मुस्लिम बहुल मलप्पुरम सीट से मैदान में उतारा गया है, जो कांग्रेस सहयोगी आईयूएमएल का पारंपरिक गढ़ रहा है। एक साक्षात्कार में सलाम ने सीएए विवाद, हिंदुत्व और पीएम मोदी के प्रति मुस्लिम समुदाय के दृष्टिकोण सहित कई मुद्दों पर बात की।

### मोदी का विकास समावेशी

मोदी के बारे में मुस्लिम धारणा बदल रही है। मैं कई मुस्लिम महिलाओं से मिला हूं, जो तीन तलाक खत्म करने के लिए मोदी का समर्थन करती हैं। कई युवतियां भी मोदी का समर्थन करने लगी हैं। सीपीआईएम-कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता को लेकर मुसलमानों को धोखा दे रही हैं। मोदी की एक राष्ट्र की अवधारणा धर्मनिरपेक्षता से बहुत ऊपर है। मोदी और भाजपा की सरकार अगले कई कार्यकालों तक रहने वाली है। मोदी का विकास समावेशी है।

### आरएलएम को मिला सिंबल
## गैस सिलेंडर होगा चुनाव चिह्न

लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) को



चुनाव चिह्न दे दिया है। कुशवाहा की पार्टी का चुनाव चिह्न गैस सिलेंडर होगा। कुशवाहा की पार्टी एनडीए की घटक दल है और उन्हें सीट शेयरिंग में सिर्फ एक ही सीट मिला है। उनकी पार्टी सिर्फ काराकाट सीट से ही चुनाव लड़ेगी। बताया जा रहा है कि कुशवाहा एक और सीट की मांग कर रहे थे। वे चाहते थे कि उन्हें सुपौल या फिर सितामढ़ी में से एक और सीट पर उन्हें चुनाव लड़ने दिया जाए पर ऐसा नहीं हुआ।

### पशुपति पर चिराग बोले
## परिवार-पार्टी से अलग होने का फैसला चाचा ने किया



लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अपनी मां के साथ दिल्ली से पटना पहुंचे। एनडीए में 5 सीटें मिलने पर चिराग पासवान काफी खुश दिखे। पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस के नाराजगी के सवाल पर चिराग ने कहा कि परिवार और पार्टी से अलग होने का फैसला उनका था। चाचा का एनडीए में क्या बात हुई? यह हम नहीं जानते हैं।

---

## खबर संक्षेप

### सूखा राहतः शीर्ष कोर्ट पहुंची कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका



कहना है कि पानी की कमी से जूझ रहे राज्य को केंद्र सरकार से धन नहीं मिल रहा है। केंद्र से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष जारी करवाने के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है।सिद्धारमैया ने कहा,सूखा राहत निधि के वितरण में देरी को लेकर केंद्र के खिलाफ अर्जी दायर की है।

### छात्रा ने हॉस्टल की 5वीं मंजिल से लगाई छलांग

**कुरुक्षेत्र।** एनआईटी कुरुक्षेत्र में हॉस्टल की पांचवीं मंजिल से छात्रा गिर जाने का मामला सामने आया



है। घटना सुबह करीब पौने छह बजे हुई। मृतक छात्रा की पहचान 22 वर्षीय श्रेया वासी फिरोजाबाद के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार छात्रा ने छलांग लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुटी है जबकि परिजनों को भी सिके बारे में सूचित कर दिया गया है।

### दिल्ली फैक्टरी में आग दमकलों ने पाया काबू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नरेला इलाके के डीएसआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक




फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। आग थोड़ी देर पहले लगी है, मौके पर अलग-अलग फायर स्टेशनों से आग बुझाने वाली आधा दर्जन से ज्यादा गाड़ियां रवाना कर दी गई हैं। आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।100 से ज्यादा फायर कर्मियों ने काबू पाया।

## केंद्रीय गृहमंत्रालय भी सजग, बुच कमेटी की रिपोर्ट के पन्ने फिर खुले

# सरकार व नक्सली वार्ता शुरू, सेतु की भूमिका में एनजीओ और पूर्व अफसर!

हो. स. ▶▶ रायपुर/नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ से बड़ी खबर है। सरकार और नक्सलियों के बीच वार्ता शुरू हो गई है। दोनों के बीच कुछ स्वयंसेवी संगठन और पूर्व अफसर सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। नक्सल पोलित ब्यूरो के सदस्यों की तरफ से बस्तर में सक्रिय कुछ संगठन मध्यस्थ बने हुए हैं। प्रारंभिक तौर पर दोनों तरफ से ऐसे कदम उठाने पर सहमति बनी है जिसके बाद दोनों का भरोसा तैयार हो। इनमें बड़े आपरेशन से परहेज करने और मुखबिरी के नाम पर आदिवासियों की हत्या न करने का फैसला शामिल है।

### गृहमंत्री ने की थी पहल



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों को बातचीत का ऑफर दिया था, जिस पर नक्सलियों का भी जवाब आ गया है। नक्सली सरकार से बातचीत के लिए तैयार हैं, हालांकि उन्होंने कुछ शर्तें सरकार के सामने रखी हैं। नक्सलियों ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि अब तक बातचीत के जितने भी दावे रहे हैं,वह सब धोखे वाले रहे हैं, लेकिन हम बातचीत के लिए तैयार हैं, पर बातचीत की शर्तें होंगी।

### छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी खबर



### वार्ता के लिए होंगी ये शर्तें

नक्सलियों ने वार्ता के लिए पहली शर्त रखी वार्ता के दौरान पुलिस किसी भी तरह से गोलीबारी नहीं करेगी। नक्सली भी जनअदालत लगाकर किसी व्यक्ति को मुखबिर बताकर हत्याएं नहीं करेंगे। वार्ता शुरू होते ही पुलिस द्वारा नक्सलियों के खिलाफ अभियान को तत्काल बंद करना होगा। एनजीओ ने भी शर्त रखी है कि पुलिस द्वारा नक्सल हिंसा के नाम पर बंदी बनाए गए आदिवासियों को रिहा किया जाए।

### शाह की पैनी नजर

नक्सलियों के साथ राज्य सरकार की वार्ता के मामले में



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नजर बनाए हुए हैं। शाह ने घोषणा की है कि नक्सली उन्मूलन किया जाएगा। चाहे इसके लिए बातचीत का रास्ता अपनाना पड़े या कोई बड़ी कार्रवाई करनी पड़े। दूसरी ओर राज्य सरकार बुच कमेटी की रिपोर्ट के पन्ने पलटने में लगी है। मप्र की पूर्व मुख्य सचिव रहीं निर्मला बुच की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी ने नक्सल मामलों में जेल में बंद आदिवासियों से संबंधित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की थी।

### सीबीआई रेड से बिफरीं मोइत्रा

## गैरकानूनी बता चुनाव आयोग से की कार्रवाई रोकने की मांग

**कोलकाता।** लोकसभा में कैश और गिफ्ट के बदले कथित रूप से सवाल पूछने के मामले में निलंबित हुईं टीएमसी के पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने सीबीआई की रेड को गैरकानूनी बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिकायत की है कि सीबीआई ने गैरकानूनी रूप से उनके



4 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह उन्हें परेशान करने और उनके चुनाव प्रचार में बाधा देने के लिए यह किया गया है।

### प्रियंका ने चुनावी बॉन्ड पर उठाए सवाल

## देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ, पूरी जानकारी दें

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनावी बॉन्ड को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 38 कॉरपोरेट्स ने चुनावी बॉन्ड



के माध्यम से भाजपा को 2,004 करोड़ रुपए दान किए। देश के इतिहास में कभी भी किसी सरकार ने भ्रष्टाचार को कानूनी वैधता नहीं दी।उन्होंने कहा कि 16 शेल कंपनियों ने भाजपा को 419 करोड़ का चंदा दिया। इनमें ऐसी कंपनियां भी शामिल हैं जिन्होंने अपनी कुल पूंजी का कई गुना दान किया। देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि कोई सरकार भ्रष्टाचार को कानून की वैधता दे और देश की सारी एजेंसियों और सारे तंत्र को एक वसूली रैकेट में बदल दे। जनता को हिसाब देना चाहिए।

### उदयनिधि ने फिर दिया विवादित बयान

## हमें मोदी को '28 पैसे वाला प्रधानमंत्री' बुलाना चाहिए



एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने शनिवार को फंड एलोकेट को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर निशाना साधा है। एमके स्टालिन ने मोदी सरकार पर राज्य सरकार को फंड एलोकेट करने भेदभाव का आरोप लगाया है। रामनाथपुरम और थेनी में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु केंद्र सरकार को टैक्स के तौर पर अगर एक रुपए देता है तो केंद्र सरकार हमें 28 पैसे ही लौटाता है। जबकि भाजपा शासित राज्यों में ज्यादा फंड दिया जाता है।

स्टालिन ने कहा कि अब हमें प्रधानमंत्री को '28 पैसा पीएम' कहना चाहिए। इतना ही नहीं स्टालिन ने नेशनल एजुकेशन पॉलिसी को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की ये नीति राज्य के बच्चों का फ्यूचर को बर्बाद कर देगी।अगर भाजपा सरकार फिर से सत्ता में आती है तो देश से फेडरलिज्म खत्म हो जाएगा।

### असम के सीएम सरमा ने बांग्लादेशी मुसलमानों के लिए रखी शर्त

# बाल-विवाह और बहुविवाह जैसी प्रथाओं को छोड़ें

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा का बांग्ला-भाषी मुसलमानों को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने बांग्ला-भाषी मुसलमानों के असम का मूल निवासी बनने के लिए कुछ शर्तें रखीं। सीएम ने कहा कि अगर बांग्ला-भाषी मुसलमानों को राज्य का मूल निवासी बनना है तो उन्हें बाल-विवाह और बहुविवाह जैसी प्रथाओं को छोड़ना होगा।

अगर वे ऐसा करते हैं तो ही राज्य के मूल निवासी 'खिलोंजिया' माने जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इन लोगों को बच्चों को मदरसों की जगह स्कूल भेजना होगा ताकि वे डॉक्टर-इंजीनियर बनें।

### ऐसा कर देश की नागरिकता लें और बच्चों को स्कूल भेजें

**खास बातें**

- राज्य के मूल निवासी 'खिलोंजिया' माने जाएंगे
- असमिया संस्कृति में कन्याओं को देवी मानते हैं

### असम में लड़कियों की तुलना 'शक्ति' से



सीएम ने कहा कि असमिया लोगों की एक संस्कृति है जिसमें लड़कियों की तुलना 'शक्ति' (देवी) से की जाती है और दो-तीन बार शादी करना असमिया संस्कृति नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं उनसे हमेशा कहता हूं, 'मियां' के स्वदेशी होने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन वे दो-तीन पत्नियां नहीं रख सकते। यह असमिया संस्कृति नहीं है। कोई सत्र (वैष्णव मठ) भूमि का अतिक्रमण कर मूल निवासी कैसे बनना चाहता है?

### असम में मुसलमानों की आबादी अहम

सीएम ने कहा कि असम में मुसलमानों की आबादी महत्वपूर्ण है, 2011 की जनगणना के अनुसार राज्य की कुल आबादी में मुसलमानों का आंकड़ा 34 प्रतिशत से अधिक है। इस आबादी में दो अलग-अलग जातियां शामिल हैं-बंगाली भाषी और बांग्लादेश मूल के प्रवासी मुसलमान और असमिया भाषी स्वदेशी मुसलमान।

### '...तो उन्हें भी 'स्वदेशी' माना जाएगा

सीएम सरमा ने इससे पहले राज्य के बांग्ला-भाषी मुस्लिम समुदाय को सामाजिक कुरीतियों के लिए जिम्मेदार बताया था। उन्होंने यह भी कहा था कि मियां (बांग्ला-भाषी मुसलमान) मूल निवासी हैं या नहीं यह एक अलग मामला है। हम यह कह रहे हैं कि अगर वे 'मूल निवासी' बनना चाहते हैं, तो हमें कोई समस्या नहीं है लेकिन इसके लिए उन्हें कुप्रथाओं को छोड़कर महिलाओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना होगा। सरमा ने कहा कि अगर बांग्ला भाषी मुसलमान असमिया रीति-रिवाजों का पालन कर सकते हैं, तो उन्हें भी 'स्वदेशी' माना जाएगा।

# सोने में तेजी का भारतीयों ने उठाया फायदा, 53 लाख किलो सोने पर लिया गोल्ड लोन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

2020 में देश में कोरोना महामारी के दस्तक देने के बाद सभी प्रकार के लोन सस्ते हो गए थे जिसमें गोल्ड लोन भी शामिल है। तब सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक 7.50 फीसदी के दर पर गोल्ड लोन ऑफर कर रहा था।

■ 15 लाख करोड़ रुपए का देश में गोल्ड लोन का बाजार है

एक तरफ गोल्ड लोन सस्ते दर पर मिल रहा था तो सोने की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी देखी जा रही थी।तब सस्ते दर पर गोल्ड लोन का लोगों ने जमकर फायदा उठाया। बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने सोने को लेकर हाल ही में एक रिपोर्ट जारी किया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय परिवारों ने 5300 टन यानि 53 लाख किलो सोना गिरवी रखकर वित्तीय संस्थानों से गोल्ड लोन लिया है।

## भारतीय परिवारों के पास 27,000 टन सोना होने का अनुमान

### 60 फीसदी बाजार पर असंगठित क्षेत्र का कब्जा

देश में गोल्ड लोन मार्केट में संगठित क्षेत्र की हिस्सेदारी केवल 40 फीसदी है जो कि 6 लाख करोड़ रुपए के करीब है। जबकि बाकी 60 फीसदी गोल्ड लोन बाजार पर असंगठित क्षेत्र का कब्जा है। यानि देश में ज्यादातर लोग गोल्ड लोन के लिए अभी भी सुनार या साहूकारों पर निर्भर हैं। कुल 9 लाख करोड़ रुपए के गोल्ड लोन मार्केट पर इनका कब्जा है।



*गोल्ड लोन पोर्टफोलियो ने बढ़ाई सरकार की चिंता : गोल्ड लोन की डिमांड बढ़ी है लेकिन बैंकों के गोल्ड लोन पोर्टफोलियो ने सरकार और वित्त मंत्रालय की चिंता भी बढ़ा दी है। सरकार ने बैंकों की ओर से गोल्ड लोन देने में रेग्यूलेटरी नियमों के अनुपालन में उल्लंघन का मामला पाया है। हाल ही में वित्त मंत्रालय ने सभी सरकारी बैंकों को गोल्ड लोन पोर्टफोलियो के समीक्षा करने के आदेश दिए हैं।*

### गोल्ड लोन लेने का बढ़ा चलन

भारतीय परिवारों के पास 27,000 टन सोना होने का अनुमान है। जिसमें से करीब 20 फीसदी सोना बैंकों के पास गिरवी पड़ा है जिसपर लोगों ने गोल्ड लोन लिया है। 15 लाख करोड़ रुपए का देश में गोल्ड लोन का बाजार है जो सालाना 17 फीसदी के दर से ग्रोथ दिखा रहा है और अगले 5 वर्षों यानि 2029 तक इसके 12.22 फीसदी के दर से बढ़ने का अनुमान है।

### बैंकों ने जमकर बांटे गोल्ड लोन

31 दिसंबर 2023 तक एसबीआई का गोल्ड लोन पोर्टफोलियो 30,881 करोड़ रुपए का रहा है। पंजाब नेशनल बैंक का 5315 करोड़ रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा का 3682 करोड़ रुपए का गोल्ड लोन पोर्टफोलियो है। आरबीआई के नियमों के मुताबिक बैंक या फिर एनबीएफसी सोने की ज्वैलरी के कुल वैल्यू का 75 फीसदी तक गोल्ड लोन दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बीते सप्ताह सभी तेल की कीमतों में रही गिरावट



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख मंडियों में सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों पर दबाव रहा और इनकी कीमतें हानि दर्शाती बंद हुईं। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान मंडियों में लगभग 13 लाख से 16 लाख बोरी तक सरसों की आवक हुई। हालांकि यह आवक ज्यादातर छोटी जोत वाले किसानों की थी जिन्हें पैसों की आवश्यकता थी। बड़े किसान अब भी सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों की खरीद होने का इंतजार करते दिखे।

### हिंदुस्तान जिंक के विभाजन की योजना हुई खारिज

HINDUSTAN ZINC

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा कंपनी को विभिन्न इकाइयों में विभाजित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। सरकार के पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 'हम प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए।' हिंदुस्तान जिंक ने पहले अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए जस्ता और चांदी के कारोबार को अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करने की योजना की घोषणा की थी। प्रस्ताव खारिज करने का कारण पूछने पर सचिव ने कहा, 'हमारे सामने जो भी बात रखी गई है उससे हम एक शेयरधारक के तौर पर आश्वस्त नहीं हैं।'

## सरकार दे रही पर्यावरण अनुकूल परिवहन नीति को प्रोत्साहन

# कई बड़ी कंपनियां आगामी वर्षों में नए इलेक्ट्रिक वाहन उतारने की तैयारी में

- मारुति, हुंडई, टाटा और महिंद्रा जैसी कंपनियां कर रही मांग पूरी
- महिंद्रा आने वाले पांच वर्षों में नए बैटरी वाहन पेश करेगी
- मारुति बिजली चालित वाहनों के लिए गंभीर निवेश कर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार द्वारा नई नीति के अनावरण के जरिये पर्यावरण अनुकूल परिवहन को प्रोत्साहन देने की वजह से आज भारतीय वाहन उद्योग तेजी से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मॉडल उतारने की तैयारी कर रहा है।

वाहन क्षेत्र की मारुति सुजुकी, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियां विभिन्न खंडों की मांग को पूरा करने के लिए नए बिजलीचालित मॉडल लाने की तैयारी में हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वाहन क्षेत्र नलिनीकांत गोलागुंटा ने कहा कि कंपनी आने वाले वर्षों में पांच नए बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी।

### सभी वर्ग के उपभोक्ताओं की जरूरत होगी पूरी

इसकी शुरुआत जनवरी, 2025 से होगी। उन्होंने कहा, ये इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) महिंद्रा के नवोन्मेषी आईएनजीएलओ मंच पर बनाए जाएंगे। हमारा लक्ष्य विविधता वाली श्रृंखला के जरिये विभिन्न वर्गों के उपभोक्ताओं की जरूरत को पूरा करना है।

### मारुति पोर्टफोलियों बढ़ाने पर देगी ध्यान

इन एसयूवी को उतारने का मकसद इलेक्ट्रिक वाहन खंड में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। 2027 तक हमारे पोर्टफोलियो का 20 से 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहनों का होगा। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा कि हम बिजलीचालित वाहन क्षेत्र में 'गंभीर' निवेश कर रहे हैं।



### हुंडई दस साल में करेगी 26 हजार करोड़ का निवेश

कंपनी की योजना तमिलनाडु में अगले 10 साल में 26,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की है। इस निवेश में राज्य में बैटरी असेंबली संयंत्र की स्थापना भी शामिल है। टाटा मोटर्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य 2026 तक अपने बिजलीचालित मॉडल की संख्या को 10 करने का है।

*ईवी की हिस्सेदारा 2030 तक होगी 20 फीसदी : गर्ग ने कहा कि कई उद्योग अनुमानों के अनुसार, ईवी का 2030 तक भारत के वाहन बाजार में हिस्सा लगभग 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें भरोसा है कि बिजलीचालित वाहन जल्द मुख्यधारा का हिस्सा होंगे।*

### लक्जरी कंपनियां भी ईवी क्षेत्र में दिखा रही रूचि

कंपनी की योजना कर्व ईवी और हैरियर ईवी सहित चार और ईवी मॉडल पेश करने की है। लक्जरी वाहन कंपनियां भी ईवी क्षेत्र में रुचि दिखा रही है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि हमारी योजना 2024 में 12 नए उत्पाद उतारने की है। इनमें से तीन नए बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) होंगे।

### 550 किमी रेंज की ईवी उतारेगी मारुति

भारती ने कहा, 'हम वित्त वर्ष 2024-25 में 550 किमी रेंज के साथ ईवी के रूप में नए सिरे से डिजाइन हाई-स्पेक बिजलीचालित वाहन का उत्पादन शुरू करेंगे। अगले सात-आठ साल में हमारे छह इलेक्ट्रिक वाहन होंगे।'

### सभी प्रौद्योगिकियों पर काम करने प्रतिबद्ध

भारती ने कहा कि कार्बन और कच्चे तेल के आयात में कटौती करने के लिए देश को हाइब्रिड-इलेक्ट्रिक, सीएनजी, बायो-सीएनजी, एथनॉल फ्लेक्स ईंधन आदि जैसी कई और प्रौद्योगिकियों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, 'हम ऐसी सभी प्रौद्योगिकियों पर भी काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### हुंडई ने लंबी रेंज की एसयूवी कोना उतारी

हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) तरुण गर्ग ने कहा कि हम देश में पहले मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) में से है जिसने पूर्ण लंबी रेंज वाली एसयूवी 'कोना' 2019 में उतारी थी। पिछले साल कंपनी ने अपनी प्रीमियम इलेक्ट्रिक एसयूवी आईओएनआईक्यू 5 पेश की थी।

# भारत का कोयला आयात बढ़कर 21.22 करोड़ टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सालाना आधार पर 1.65 फीसदी की मामूली वृद्धि

चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में देश में कोयला आयात सालाना आधार पर 1.65 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 21.22 करोड़ टन हो गया है। अंतरव्यापारिक ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष (2022-23) की इसी अवधि में भारत का कोयला आयात 20.87 करोड़ टन था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले के आयात की मात्रा 13.64 करोड़ टन थी, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के दौरान आयातित 13.69 करोड़ टन से थोड़ा कम है। अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.73 करोड़ टन था, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में दर्ज 4.60 करोड़ टन से अधिक है। कोयला आयात बढ़कर 1.98 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में 1.69 करोड़ टन से अधिक था।

### ताप बिजली संयंत्रों के लिए पर्याप्त कोयला

खदानों और ताप बिजली संयंत्रों में घरेलू कोयले की पर्याप्त उपलब्धता को देखते हुए उम्मीद है कि यह प्रवृत्ति मार्च में भी जारी रहेगी। सरकार के अंतरिम आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जनवरी अवधि में देश का कोयला उत्पादन 78.41 करोड़ टन हो गया है, जो 2022-23 में इसी अवधि के दौरान 69.89 करोड़ टन से कहीं अधिक है।

## यूनो मिंडा का स्टारचार्ज एनर्जी के साथ गठजोड़

**नई दिल्ली।** ऑटो कलपुर्जा निर्माता यूनो मिंडा ने शुक्रवार को कहा कि उसने देश में इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति उपकरणों के निर्माण और बिक्री के लिए स्टारचार्ज एनर्जी के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने घरेलू चार्जिंग के लिए डिजाइन किए गए वॉल-माउंटेड एसी चार्जर के लिए स्टारचार्ज एनर्जी पीटीई के साथ एक तकनीकी लाइसेंस समझौता किया है। ''यह सहयोग ''मेक इन इंडिया'' के प्रति हमारे समर्पण और एक टिकाऊ और विद्युतीकृत भविष्य के लिए हमारे समर्पण को और मजबूत करता है। स्टारचार्ज, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और माइक्रोग्रिड समाधान में विश्व की अग्रणी कंपनी है, जो अमेरिका, वियतनाम और चीन में विनिर्माण सुविधाओं के साथ 67 देशों और क्षेत्रों में काम करती है।

### बायजू ने अपने 30 ट्यूशन सेंटर को बंद किया

नई दिल्ली। वित्तीय संकट का सामना कर रहे बायजू ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न लिमिटेड ने अपने 292 ट्यूशन सेंटर में से 30 को बंद कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

# वैश्विक संकेतकों से तय होंगी शेयर बाजार की गतिविधियां

- विदेशी निवेशकों की भूमिका होगी महत्वपूर्ण
- बाजार में भी कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



शेयर बाजारों की दिशा आगामी कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में वैश्विक रुझानों तथा विदेशी निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि गुरुवार को मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से भी बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव रह सकता है। इस सप्ताह बाजार में सिर्फ तीन कारोबारी सत्र होंगे। शेयर बाजार सोमवार को 'होली' के मौके पर और शुक्रवार को 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'छुट्टियों की वजह से इस सप्ताह में कारोबार की मात्रा कम रहेगी। हालांकि, वित्त वर्ष का अंतिम सप्ताह होने तथा वायदा एवं विकल्प खंड में निपटान की वजह से बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।' बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 188.51 अंक या 0.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 73.4 अंक या 0.33 प्रतिशत चढ़ गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का है। डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से बाजार में कुछ उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े और अन्य प्रमुख आर्थिक आंकड़े बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे।'

### एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 38,000 करोड़ रुपए डाले

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 38,000 करोड़ रुपये से अधिक डाले हैं। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सुधार और घरेलू मोर्चे पर मजबूत वृहद आर्थिक परिदृश्य के बीच एफपीआई भारतीय शेयर बाजारों में निवेश कर कर रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले फरवरी में एफपीआई ने शेयरों में 1,539 करोड़ रुपये डाले थे।

# ट्रूकॉलर लाया कॉल ब्लॉक करने का जबर्दस्त फीचर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉलर आईडी और स्पैम ब्लॉकिंग ऐप ट्रूकॉलर यूजर्स के लिए बड़े काम का फीचर लाया है। इस नए फीचर का नाम- एआई स्पैम ब्लॉकिंग है। यह फीचर यूजर्स के फोन पर आने वाले सभी स्पैम कॉल्स को एआई की मदद से ऑटोमैटिकली ब्लॉक करेगा। ट्रूकॉलर का यह 'मैक्स' अपडेट केवल ऐंड्रॉयड डिवाइसेज के लिए रोलआउट हुआ है। कंपनी ने इस फीचर को अभी अपने प्रीमियम सब्सक्राइबर्स के लिए रोलआउट किया है। यह फीचर एआई की मदद से स्पैम कॉल्स करने वाले उन नंबर्स को भी ब्लॉक कर देता है, जो ट्रूकॉलर के डेटाबेस में मौजूद नहीं हैं।

**आईओएस के लिए रोलआउट किया गया:** नए फीचर को लेकर ऐसी संभावना भी है कि यह नॉन-स्पैम कॉल्स को भी ब्लॉक कर सकता है। इस बारे में कंपनी ने कहा कि ऐसा नहीं होगा और इसे पक्का करने के लिए यूजर इनपुट का भी सहारा लिया जाएगा।

**बातचीत रिकॉर्ड कर सेव कर सकेंगे :** इसे कंपनी आईओएस के साथ ही ऐंड्रॉयड डिवाइसेज पर भी ऑफर कर रही है। इस फीचर की मदद से यूजर ट्रूकॉलर ऐप के अंदर ही यूजरइनकमिंग और आउटगोइंग कॉल्स को रिकॉर्ड कर सकते हैं।


हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

**ज्योतिष**

इंडिया के नं 1 तांत्रिक
गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

**ज्योतिष**

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदना रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**जॉब**

☞ भारतीय वनविभाग ने निकाला वामपर ऑफर, वनविभाग में 5070 सीट पर सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट वैसेस पर (10th, 12th पास) लड़का लड़कियां आवेदन करें, पद- फॉरेस्टगार्ड क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-(28670 से 35670), कॉल या व्हाट्सअप करे-9046968782



COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. SURINDER S. RATHI
District Judge (Commercial court-03), At Room No. 303, SHAHDARA DISTT. KARKARODOOMA COURT, DELHI.
AMIT JAIN...PLAINTIFF
Against
ZINIA GARMENTS......प्रतिवादी/DEFENDANT
TO,
ZINIA GARMENTS
THROUGH: PROPRIETOR MR. ARIF
ADDRESS:-
C-4/38, GALI NO-4,
KHASRA NO-83, KABIR NAGAR, DELHI-110094
आप जानबूझकर समन की तामील से बच रहे है यह अधिसूचित किया जाता है कि यदि आप तारीख 01.04.2024 को, जो अंतिम निपटारे के लिए नियत की गई तारीख है, उक्त मामले में अपनी प्रतिरक्षा नहीं करेंगे तो उसकी सुनवाई और अवधारण एकपक्षीय रूप में किया जाएगा।
WHEREAS You are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 01.04.2024 the day fixed for the final disposal, It will be heard and determined ex-parte.
यह आज तारीख......को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दी गई है।
Given under my hand and the seal of the court, this 11.03.2024
Sd/- District Judge (Commercial court-03)
SHAHDARA DISTT. KARKARODOOMA COURT, DELHI


## राशिफल

**मेष:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क:** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**धनु:** आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर:** मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन:** मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5463



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य–5
4.प्रलय, वज्रपात–4
7.परिमाण, माप–2
8.प्लेट,तश्तरी–3
9.भीगा हुआ–2
10.वेश्या, गणिका–4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पर्दाथ–2
13.अपवित्र (उर्दू–3)
14.दान करने वाला–2
15.आंचल–3
17.पंख–2
19.चाहे जो भी हो –5
22.अनूठापन,विचित्रता–5
25.उम्मीद,आस–2
26.अनाशवान,अक्षय–3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म–2
29.बंदर, मर्कट–3
30.सम्मान, आदर–2
32.करामात,करिश्मा–4
34.नवीन,नव–2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म–3
37.शारीरिक ऊंचाई–2
38.भाग्य,लक–4
39.रावण,दशानन–5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या–2
2.कॉफी–3
3.तरफदारी करनेवाला–5
4.जन जाति, झुंड–3
5.वोट–2
6.बढ्ढई,खाती–4
7.जो मुनासिब न हो–5
10.भाग्य (उर्दू–4)
12.प्रतिज्ञा,वचन–2
16.राजा,राजन–3
17.क्षण–2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम–2
20.रनिवास (उर्दू–3)
21.नुकसान,घाटा–2
22.रजनी, रात्रि–2
23.अनुपम,बेजोड़–4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो–5
25.आतंक फैलानेवाला–5
26.धरोहर,थाती–4
27.लक्ष्मी–2
31.निगाह,दृष्टि–3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष–3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर–2
37.टैक्स, हाथ–2

### शब्द पहेली- 5462 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | गा | म | ■ | अ | ■ | त | र | ब | त | र |
| ल | ■ | त | म | स | ■ | ह | म | ला | ■ | खै |
| क | श | ■ | ■ | ल | ■ | ल | ■ | ■ | का | ल |
| ■ | ही | ■ | क | हा | नी | का | र | ■ | र | ■ |
| ब | द | मा | श | ■ | र | ■ | च | म | क | ना |
| ■ | ■ | ■ | ल | क्ष | ■ | सी | ना | ■ | ■ | ■ |
| र | त | ज | गा | ■ | आ | ■ | का | म | या | ब |
| ■ | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | च | ■ |
| रा | ह | ■ | ■ | म | ■ | रा | ■ | ■ | क | म |
| ह | ■ | त | ना | व | ■ | पा | य | ल | ■ | हु |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | ■ | ब | ल | वा |

## सूडोकु नवताल- 5474

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5473 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# सैमसन की पारी से रॉयल्स ने सुपर जाइंट्स को 20 रन से हराया

- कप्तान सैमसन की नाबाद 82 रन की पारी
- पूरन-राहुल की फिफ्टी भी लखनऊ को नहीं जिता सकी

भाषा ⏭ जयपुर



कप्तान संजू सैमसन के नाबाद 82 रन की मदद से पूर्व चैम्पियन राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल के पहले मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 20 रन से हराया। सैमसन ने अपनी 52 रन की पारी में छह छक्के और तीन चौके लगाये। उन्होंने पावरप्ले में मिले दोहरे झटकों के बाद राजस्थान को संकट से निकाला। रियान पराग (43) ने उनके साथ तीसरे विकेट के लिये 93 रन की साझेदारी की। जीत के लिये 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ के लिये केएल राहुल (58) और निकोलस पूरन (नाबाद 64) ने अच्छी शुरूआत की लेकिन जीत तक नहीं पहुंचा सके। एक समय तीन विकेट 11 रन पर गंवाने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स ने छह विकेट पर 173 रन बनाये। कप्तान राहुल ने क्रिकेट के मैदान पर वापसी करते हुए 44 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रन बनाये। उन्होंने पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग भी करके अपनी फिटनेस पर उठने वाले सारे सवालों का जवाब दिया। पूरन ने भी 41 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 64 रन बनाये। लखनऊ की शुरूआत खराब रही और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट तथा नांद्रे बर्गर ने उम्दा गेंदबाजी की। बोल्ट ने 35 रन देकर दो विकेट लिये जबकि बर्गर को एक विकेट मिला। लेग स्टम्प से बाहर जाती बोल्ट की गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाने के प्रयास में क्विंटोन डिकॉक वहां बर्गर को कैच दे बैठे। बोल्ट ने अगले ओवर में देवदत्त पड्डिकल को खाता खोले बिना आउटकिया। आयुष बडोनी (एक) को बर्गर ने मिड आन पर जोस बटलर के हाथों लपकवाया। पहले चार ओवर में लखनऊ ने तीन विकेट 11 रन पर गंवा दिये। दीपक हुड्डा ने राहुल के साथ चौथे विकेट के लिये 49 रन जोड़े। उन्होंने 13 गेंद में 26 रन बनाये लेकिन युजवेंद्र चहल की गेंद पर अपना विकेट गंवा दिया। रन बनाने के लिये जब प्रति ओवर 12 रन की जरूरत थी तब राहुल और पूरन ने भी कोई जोखिम नहीं लिया। राहुल ने 11वें ओवर में बर्गर को एक छक्का और दो चौके समेत 17 रन निकाले। वही बोल्ट के 13वें ओवर में पूरन ने दो छक्के और एक चौके समेत 13 रन निकाले। संदीप शर्मा ने राहुल का अहम विकेट लिया जिनका कैच स्वीपर कवर में ध्रुव जुरेल ने लपका। वहीं अश्विन ने मार्कस स्टोइनिस (3) को डीप मिडविकेट पर जुरेल के हाथों लपकवाया। आखिरी दो ओवर में लखनऊ को 38 रन की जरूरत थी। संदीप ने 19वें ओवर में सिर्फ 11 रन दिये। इससे पहले संजू सैमसन ने नाबाद 82 रन बनाकर राजस्थान को चार विकेट पर 193 रन तक पहुंचाया।

**रॉयल्स-193/4 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का पंड्या बो खान | 24 |
| बटलर का राहुल बो उल हक | 11 |
| संजू सैमसन नाबाद | 82 |
| रियान का सब बो उल हक | 43 |
| हेटमायर का राहुल बो बिश्नोई | 05 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 20 |

अतिरिक्त : 08
कुल : 20 ओवर में चार विकेट पर : 193 रन
विकेट पतन : 1-13, 2-49, 3-142, 4-150
गेंदबाजी: मोहसिन खान 4-0-45-1, नवीन उल हक 4-0-41-2, क्रुणाल पंड्या 4-0-19-0, रवि बिश्नोई 4-0-38-1, यश 3-0-43-0, बडोनी 1-0-6-0

**लखनऊ-173/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डिकॉक का बर्गर बो बोल्ट | 4 |
| राहुल का जुरेल बो संदीप | 58 |
| देवदत्त पड्डिकल बो बोल्ट | 0 |
| आयुष का बटलर बो बर्गर | 1 |
| दीपक हुड्डा का जुरेल बो चहल | 26 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 64 |
| स्टोइनिस का जुरेल बो अश्विन | 3 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 3 |

अतिरिक्त : 14 रन
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 173 रन
गेंदबाजी: बोल्ट 4-0-35-2, बर्गर 3-0-30-1, अश्विन 4-0-35-1, आवेश 3-0-21-0, चहल 3-0-25-1, शर्मा 3-0-22-1



## गिल की कप्तानी में जीता गुजरात
# मुंबई का पहला मैच हारने का सिलसिला जारी

भाषा ⏭ अहमदाबाद

बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना प्रदर्शन के कारण मुंबई इंडियंस का आईपीएल में पहला मैच हारने का सिलसिला जारी रहा जबकि शुभमन गिल ने गुजरात टाइटंस के कप्तान के तौर पर छह रन से जीत के साथ पदार्पण किया। दो साल में आईपीएल का पहला मैच खेल रहे जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिये जिसकी मदद से मुंबई इंडियंस ने गुजरात को छह विकेट पर 168 रन पर रोक दिया। बुमराह के शानदार प्रदर्शन को हालांकि बल्लेबाजों का साथ नहीं मिला। तिलक वर्मा और नये कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से नाकाम रहे और मुंबई नौ विकेट पर 162 रन ही बना सकी। उसे आखिरी पांच ओवर में 43 रन चाहिये थे और उसके सात विकेट बाकी थे। मुंबई ने आईपीएल में आखिरी बार पहला मैच 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीता था। राशिद खान ने चार ओवर में 23 रन दिये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। अनुभवी मोहित शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट लेते हुए विविधता से मैच का पासा पलट दिया। स्पेंसर जॉनसन ने 25 रन देकर और उमेश यादव ने 32 रन देकर दो दो विकेट लिये। जॉनसन ने 19वें ओवर में और उमेश ने आखिरी ओवर में बेहतरीन गेंदबाजी की।

## खबर संक्षेप



### आंद्रे रसेल बेहतरीन स्ट्राइकर हैं : फिल

**कोलकाता।** आंद्रे रसेल ने अंतिम ओवरों में छक्के जड़कर कोलकाता नाइट राइडर्स को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचाया और उनके साथी फिल सॉल्ट का कहना है कि यह आल राउंडर अगर किसी दिन फॉर्म में आ जाये तो उस दिन दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन जाता है। रसेल ने शनिवार को 25 गेंद में सात छक्कों और तीन चौकों की मदद से 64 रन की पारी खेलकर केकेआर को सात विकेट पर 208 रन के स्कोर तक पहुंचाया। केकेआर की जीत के बाद कहा, 'मैं ड्रे (रसेल) के साथ 'द हंड्रेड' में खेल चुका हूं। वह गेंद के शानदार स्ट्राइकर हैं।'

### रमनदीप ने रसेल के लिए मंच तैयार किया



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रमनदीप सिंह की पारी भले ही आंद्रे रसेल की छक्कों जड़ित तूफानी पारी के सामने नजरअंदाज हो गई। लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी 35 रन की पारी ने जमैका के विस्फोटक बल्लेबाज की मैच विजेता पारी के लिए मंच तैयार किया। रमनदीप 2022 में मुंबई इंडियंस के साथ प्रभावित नहीं कर सके थे लेकिन इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने बहुत ही नाजुक स्थिति में चार छक्के और एक चौका लगाकर 35 रन की पारी खेली।

### राणा पर मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज हर्षित राणा पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार रन की जीत के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग के बयान के अनुसार राणा ने शनिवार को आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के नियमों का उल्लंघन किया। इसमें कहा गया, 'उन पर दो उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत और 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। ''

# एमसीए अपने खिलाड़ियों पर करेगी पैसों की बारिश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



मुंबई क्रिकेट संघ ने शनिवार को घोषणा की है कि वह टीम के सीनियर खिलाड़ियों के लिए आगामी 2024-25 सत्र से घरेलू क्रिकेट में बीसीसीआई द्वारा दी जाने वाली मौजूदा मैच फीस के बराबर राशि बढ़ाएगा। एमसीए अध्यक्ष अमोल काले ने यह घोषणा की। एमसीए ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य रणजी ट्रॉफी के अहमियत को बढ़ावा देना और एमसीए के अंतर्गत होने वाले लाल गेंद के क्रिकेट के विकास को बढ़ावा देना है।

एमसीए अध्यक्ष काले ने बीसीसीआई की घरेलू फीस के बराबर करने का प्रस्ताव रखा जिसे राज्य इकाई की शीर्ष परिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। काले ने कहा, 'एमसीए अगले सत्र से हर खिलाड़ी को रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अतिरिक्त मैच फीस का भुगतान करेगा। हमें लगा कि खिलाड़ियों को अधिक कमाई करनी चाहिए, विशेषकर जो रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खेलते हैं। हमारे लिए लाल गेंद का क्रिकेट बहुत मायने रखता है क्योंकि रणजी ट्रॉफी मुंबई में सभी के लिए एक विशेष स्थान रखती है।' यह घोषणा मुंबई द्वारा रिकॉर्ड 42वीं बार रणजी ट्रॉफी जीतने के एक हफ्ते के बाद की गयी है। मुंबई की जीत के बाद एमसीए ने भी बीसीसीआई द्वारा दी गयी पांच करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि के बराबर राशि दी थी।

# हरियाणा के मुक्केबाजों ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पक्के किए 19 पदक

एजेंसी ⏭ ग्रेटर नोएडा

हरियाणा के 19 मुक्केबाजों ने दबदबे भरा प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां तीसरी सब जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए। हरियाणा की लड़कियों ने 10 जबकि लड़कों ने नौ वर्गों के सेमीफाइनल में जगह बनाई जिससे उनका कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया। लड़कियों के वर्ग में भूमि (35 किग्रा) और निश्चल शर्मा (37 किग्रा) ने विपरीत अंदाज में जीत के साथ हरियाणा के लिए अच्छे दिन की शुरुआत की।

भूमि ने दिल्ली की अपेक्षा को रेफरी द्वारा तीसरे दौर में मुकाबला रोकने के मात दी जबकि निश्चल ने तमिलनाडु की एस सारा को 3-2 से हराया। दीक्षा (40 किग्रा), दीया (61 किग्रा), सुखरीत (64 किग्रा) और मंशी मलिक (67+ किग्रा) ने सर्वसम्मत 5-0 के फैसले से जीत हासिल की। राखी (43 किग्रा) और नव्या (55 किग्रा) ने आरएससी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से मुकाबले जीते। खुशिका (49 किग्रा) और नैतिक (52 किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हरियाणा की अन्य मुक्केबाज रहीं।



### 5-0 से जीते उदय

*बालक वर्ग में अपनी जीत की लय जारी रखते हुए उदय सिंह (37 किग्रा) ने मिजोरम के जेरी वर्टे पर 5-0 से आसान जीत हासिल की। नितिन (40 किग्रा), रवि सिहाग (49 किग्रा), नमन (58 किग्रा), सिद्धांत (61 किग्रा) और कार्तिक डागर (70 किग्रा) ने 5-0 के फैसले के साथ अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। हरियाणा के संचित जयानी (46 किग्रा), लक्ष्य (52 किग्रा) और अनमोल दहिया (64 किग्रा) भी सेमीफाइनल में पहुंच गए।*

### पंत कुछ समय में फॉर्म हासिल कर लेगा : सिद्धू

**चंडीगढ़।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज नवजोत सिद्धू को भरोसा है कि कार दुर्घटना के बाद लगभग 15 महीने बाद पेशेवर क्रिकेट में वापसी करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत जल्द ही फॉर्म में वापसी कर लेंगे। वह कार दुर्घटना से उबरने और 'रिहैबिलिटेशन' के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पाए थे लेकिन वापसी में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहे हैं। सिद्धू ने कहा, 'वह दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व कर रहा है और विकेटों के बीच में अच्छी तरह दौड़ रहा है। वह अच्छा क्रिकेट खेल रहा है।

### पोरेल का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा

**चंडीगढ़।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे का कहना है कि मैदान पर खराब प्रदर्शन के कारण उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान उनका एक मुख्य तेज गेंदबाज भी चोटिल हो गया जो उनके अभियान की अच्छी शुरुआत नहीं है लेकिन अभिषेक पोरेल की धमाकेदारी छोटी पारी सकारात्मक चीज है। दिल्ली कैपिटल्स ने अन्य बल्लेबाजों के विफल होने के बाद अंतिम ओवरों में पोरेल को 'इम्पैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर उतारा। इस 25 साल के विकेटकीपर बल्लेबाज ने आते ही 10 गेंद में नाबाद 32 रन ठोककर अपनी टीम को नौ विकेट पर 174 रन का स्कोर बनाने में मदद की।

### श्रीकांत स्विस ओपन से बाहर, लिन से हारे



**बासेल।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत की स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जीत की लय यहां चीनी ताइपे के लिन चुन यि से सेमीफाइनल में मिली हार के बाद खत्म हो गई। पूर्व नंबर एक श्रीकांत एक गेम की बढ़त के बावजूद शनिवार रात एक घंटे पांच मिनट तक चले अंतिम चार मुकाबले में लिन चुन यि से 21-15, 9-21, 18-21 से हार गए। इस हार से 210,000 डॉलर राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई।

# चेन्नई में खेला जाएगा आईपीएल फाइनल! प्लेऑफ मैच के लिए दो मैदान शार्टलिस्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन की शुरुआत हो चुकी है और अब तक तीन मुकाबले खेले भी जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव के कारण शुरुआती 21 मैचों का ही शेड्यूल जारी हुआ है। ऐसे में फैन्स को बाकी मैचों के शेड्यूल का बेसब्री से इंतजार है। बीसीसीआई आईपीएल 2024 के शेष मैचों के कार्यक्रम को अंतिम रूप दे चुका है और जल्द ही इसे जारी किया जाएगा। उधर आईपीएल 2024 के शेड्यूल को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आईपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला 26 मई को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जा सकता है। वहीं अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में क्वालीफायर-1 और एलिमिनेटर आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा क्वालीफायर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। बता दें कि लीग स्टेज में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मैच होगा। क्वालीफायर-1 में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर के विजेता के बीच क्वालीफायर-2 मैच का आयोजन होगा। फिर क्वालीफायर-1 और 2 के विजेताओं के बीच फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

### केन्या के ओबुया ने क्रिकेट लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** केन्या के पूर्व कप्तान कोलिंस ओबुया ने संन्यास का ऐलान कर दिया है। अफ्रीकन गेम्स ब्रॉन्ज मेडल मैच में युगांडा के खिलाफ मिली हार के बाद उन्होंने यह फैसला लिया। युगांडा ने केन्या को 106 रन से हराया, जबकि जिम्बाब्वे ने नामिबिया को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। बता दें कि कोलिंस ओबुया ने साल 2001 में वनडे डेब्यू साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैच खेलकर किया था। आखिरी बार उन्होंने 50 ओवर के इस फॉर्मेट में स्कॉटलैंड के खिलाफ 2014 में किया था। दरअसल, 42 साल के कॉलिन ने साल 2003 विश्व कप में केन्या को श्रीलंका के खिलाफ मैच में 53 रन से जीत दिलाई थी। कॉलिन ने उस मैच में 5 विकेट लेकर श्रीलंकाई टीम की कमर तोड़कर रख दी थी। इसके बाद 2003 विश्व कप के सेमीफाइनल में केन्या को भारत के हाथों 91 रन से हार झेलनी पड़ी थी।

### बारबोजा के दो गोल से 2-0 से जीता दिल्ली



**कोझिकोड।** दिल्ली एफसी ने स्थानापन्न ब्राजीली स्ट्राइकर सर्गियो बारबोजा के दूसरे हाफ में किए गए दो गोल की मदद से यहां 10 खिलाड़ियों की गोकुलम केरला एफसी को आई लीग मुकाबले में 2-0 से शिकस्त दी। इस जीत से दिल्ली एफसी के 21 मैच में 26 अंक हो गये और वह तालिका में सातवें स्थान पर बनी हुई है। गोकुलम केरला के 22 मैच में 36 अंक हैं जिससे वह पांचवें स्थान पर है। शनिवार देर रात हुए मुकाबले में घरेलू टीम 40वें मिनट में 10 खिलाड़ियों की हो गई जब मशूर शेरिफ को टैकल के कारण लाल कार्ड मिला।

## बेंगलोर के गेंदबाजों ने पहले मैच में की लचर गेंदबाजी
# पंजाब के खिलाफ आरसीबी का मुकाबला आज

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग 2024 चरण में सिर्फ एक ही मैच खेला है लेकिन इसने उनकी गेंदबाजी की कमजोरी को उजागर कर दिया है। इससे सोमवार को यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच में उन्हें गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इस चरण के शुरुआती मैच में तेज गेंदबाज आंख बंद करके शॉर्ट पिच गेंद फेंकने की रणनीति पर डटे रहे जबकि चेपॉक की पिच पर स्पिनरों के लिए ज्यादा कुछ नहीं था। आरसीबी के तीन स्पिनरों मयंक डागर, कर्ण शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल ने मिलकर पांच ओवर फेंके और वे बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इन तीनों ने मिलकर 37 रन देकर महज एक विकेट झटका।



### शीर्ष क्रम को करना होगा शानदार प्रदर्शन

आरसीबी ने शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद सीएसके के खिलाफ छह विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी ने 75 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन दिनेश कार्तिक और अनुज रावत ने सूझ समझ से खेलकर स्कोर 170 रन के पार कराया। लेकिन हर बार निचला क्रम विश्वसनीय साबित नहीं हो सकता क्योंकि विराट कोहली, कप्तान फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल जैसे सीनियर खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलनी ही होगी। रजत पाटीदार को भी निश्चित रूप से अच्छी पारी खेलनी होगी जिससे उनसे आगे वाले बल्लेबाजों को थोड़ी मदद मिले।

### छोटी बाउंड्री से चुनौती

*आरसीबी के स्पिनरों को यहां छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड पर मुश्किल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। इस स्टेडियम में ज्यादातर मौकों पर टीम ने एक पारी में 200 से अधिक रन जुटाये हैं और ऐसा 27 दफा हो चुका है तथा इस पिच पर आईपीएल में पहली पारी का औसत स्कोर 172 रहा है। इससे पंजाब किंग्स के खिलाफ आरसीबी के तेज गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी से खेलना होगा। मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसफ और यश दयाल ने सीएसके के खिलाफ एक ओवर में दो बाउंसर डालने के अपने कोटे का पूरा इस्तेमाल किया लेकिन इस दौरान वे अपनी लाइन एवं लेंथ पर लगाम खो बैठे। यह उनके रन देने की गति से भी साफ दिखा। चौथे तेज गेंदबाज कैमरून ग्रीन ने कटर गेंदों का इस्तेमाल किया जिससे उन्हें दो विकेट मिले।*

# नए चेहरे आईपीएल में शुरू से ही छाप छोड़ेंगे : रोहित

एजेंसी ⏭ मुंबई



मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी चरण के लिए उनकी टीम में शामिल किए गए नए खिलाड़ी शुरू से ही छाप छोड़ने में कामयाब होंगे। फ्रेंचाइजी का लक्ष्य नए कप्तान हार्दिक पंड्या की अगुआई में रिकॉर्ड छठा खिताब हासिल करना है। पांच बार की आईपीएल चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने इस बार दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी, अंडर-19 विश्व कप के अनकैप्ड स्टार क्वेना मफाका, इंग्लैंड के ल्यूक वुड, श्रीलंका के नुवान तुषारा, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को शामिल किया है। भारतीयों में श्रेयस गोपाल को भी शामिल किया गया है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका के बाहर होने के बाद मफाका पिछले हफ्ते मुंबई शिविर में शामिल हुए जबकि वुड को आस्ट्रेलिया के चोटिल गेंदबाज जेसन बेहरेनडोर्फ की जगह शामिल किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




### पुतिन ने आरोपियों को खत्म करने की खाई कसम, घटना पर जताया दुख

# हमले के बाद पुतिन का देश को संदेश कहा- मौत देने वालों को मौत ही मिलेगी

» जिसने भी हमले में आतंकियों की मदद की उन्हें भी छोड़ेंगे नहीं

» यूक्रेन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया

» गंभीर और पीड़ितों को न्याय दिलाएंगे, पुतिन ने व्यक्त किया संकल्प



**एजेंसी ▶▶ मॉस्को**

मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले के बाद रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस हमले को अंजाम देने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। पुतिन ने कहा आतंकवादियों को रूस से भगाने के लिए यूक्रेन ने तैयारी की थी। हालांकि यूक्रेन ने अपने ऊपर लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुतिन ने मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल पर हमले को बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की।

उन्होंने इस हमले में आम नागरिकों को पहुंचे नुकसान के लिए खेद जताया। पुतिन ने इस भयावह घटना के पीड़ितों के सम्मान में 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की है। राष्ट्रपति पुतिन के संबोधन में स्थिति की गंभीरता और पीड़ितों को न्याय दिलाने की बात कही। बता दें, मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल पर हुए हमले में कम से कम 140 लोगों की जान चली गई, जबकि कई दर्जन लोग घायल हो गए।

### कीव की ओर भाग रहे थे आतंकी

राष्ट्रपति पुतिन ने मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल पर हमले के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमले के पीछे जो भी लोग शामिल हैं, उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। आतंकियों को सजा देने के लिए उन्होंने अपना दृढ़ संकल्प भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे कोई भी हों और जो भी उन्हें निर्देशित कर रहे हों, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने दावा किया कि गोलीबारी करने वाले आतंकवादियों ने कीव की ओर भागने की कोशिश की थी, उन्हें पकड़ लिया है।


### हमले से नहीं डिगे पुतिन, लॉंच किया सोयूज रॉकेट



मॉस्को के कॉन्सर्ट हॉल में दो दशक के सबसे बड़े आतंकी हमले के बावजूद रूस ने अंतरिक्ष के लिए एक बड़ी उड़ान भरी है। रूस ने अपने सोयूज रॉकेट को 3 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना कर दिया है। अब लांच के बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय समय के अनुसार दोपहर 3 बजकर 10 मिनट पर आईएसएस से जुड़ने की उम्मीद है। इस यात्रा के बाद नोवित्स्की, वासिलिव्स्काया और ओ'हारा को 6 अप्रैल को पृथ्वी पर लौटना है।

### यूक्रेन की राजधानी कीव पर सबसे बड़ा हवाई हमला

**कीव।** रूस ने पिछले चार दिन में यूक्रेन पर तीसरा बड़ा मिसाइल हमला किया है। यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव के पश्चिमी क्षेत्र पर रविवार तड़के बडा हवाई हमला किया गया। उधर, पोलैंड की सेना ने कहा कि पश्चिमी यूक्रेन में दागी गई मिसाइलों में से एक उसके हवाई क्षेत्र में घुस गई। रूस ने टीयू-95एमएस रणनीतिक बमवर्षकों से दागी गई क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया। रूस ने रात भर में उसके क्षेत्र में 29 क्रूज मिसाइलें और 28 ड्रोन दागे हैं।



# चड्ढा की खालिस्तान समर्थक से मुलाकात

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बोला हमला



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भाजपा ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की खालिस्तान समर्थन ब्रिटिश सांसद से मुलाकात की आलोचना की है। भाजपा ने अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के बयान का जिक्र किया है। राघव आंखों के इलाज के लिए लंदन गए हुए हैं। यहां उन्होंने ब्रिटिश लेबर सांसद प्रीत कौर गिल से मुलाकात की थी। भाजपा ने इस पर सवाल उठाया है कि ब्रिटिश सांसद खालिस्तान अलगाववाद की वकालत और सामाजिक तौर पर भारत विरोधी भावनाओं के लिए जानी जाती हैं।

### किसके साथ खड़े हैं चड्ढा



*केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आप नेता का नाम लिए बिना चड्ढा की लंदन यात्रा पर निशाना साधा। अनुराग ने कहा कि यह (पंजाब में) किस तरह की सरकार है? राज्य का राज्यसभा सदस्य उन ताकतों के साथ खड़ा है, जो भारत के खिलाफ बोलती है और आतंकवाद का समर्थन करती है। ऐसी कौन सी मजबूरी है जिसके कारण आपको देश विरोधी ताकतों से हाथ मिलाना जरूरी हो गया है।*

### केजरीवाल के पत्नी के ट्वीट का हवाला

*इससे पहले जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा था कि भारत के भीतर और बाहर कई ताकतें हैं जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सतर्क रहना होगा, इन ताकतों को पहचानना होगा और उन्हें हराना होगा। इस पर भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने कहा कि उनकी (सुनिता केजरीवाल) बात से पूरी तरह सहमत हूं। उन्होंने चड्ढा और गिल की एक तस्वीर के साथ यह टिप्पणी की। मालवीय ने लिखा कि वह शायद यह बताना चाहती हैं कि आप सांसद राघव चड्ढा ब्रिटिश लेबर सांसद प्रीत के गिल के साथ क्या कर रहे हैं।*

### भारत के साथ कारोबार करना चाहता है पाक

**नई दिल्ली।** पाक के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि अगस्त 2019 में कारोबारी संबंध को निलंबत करने के बाद उनका देश भारत से कारोबार फिर से शुरू करने को लेकर गंभीरता से विचार करेगा। पाकिस्तानी कारोबारी चाहते हैं कि भारत के साथ व्यापार शुरू हो। सवाल है कि क्या फिर जिन्ना के वंशजों की अक्ल ठिकाने पर आ गई है? ब्रुसेल्स में परमाणु ऊर्जा शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद विदेश मंत्री इशाक डार ने लंदन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये टिप्पणी की है।

